दैनिक
नव प्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ◆◆ 2 | छत्तीसगढ़ 4 | अभिव्यक्ति 11 | कारोबार/खेल

बिलासपुर, सोमवार, 09 मार्च 2026 | कृष्ण पक्ष-षष्ठी, | विक्रम संवत -2082 / वर्ष-11 अंक- 317 | पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए | रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

छत्तीसगढ़ से 400 बच्चे लापता, पुलिस भी ढूंढ नहीं पाई, इनमें लड़कियां सबसे ज्यादा!

■ **देशभर में 33,577 मामले, पश्चिम बंगाल में सबसे ज्यादा चाइल्ड मिसिंग केस**

■ **महिला बाल विकास मंत्रालय की 'मिसिंग चिल्ड्रन' रिपोर्ट से खुलासा**

■ **छत्तीसगढ़ से 982 बच्चे लापता हुए, जिसमें 582 बच्चों को पुलिस ने बरामद किया**

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के 400 बच्चे लापता हैं। इनका पता आज तक पुलिस नहीं लगा पाई है। महिला बाल विकास मंत्रालय की 'मिसिंग चिल्ड्रन' रिपोर्ट से इस बात का खुलासा हुआ है। देशभर में बच्चों के लापता होने के मामले लगातार चिंता बढ़ा रहे हैं। मिसिंग चिल्ड्रन रिपोर्ट के अनुसार, 1 जनवरी 2025 से 31 जनवरी 2026 के बीच देश में कुल 33 हजार 577 बच्चे लापता हुए। इनमें से 7 हजार 777 बच्चों का अब तक कोई पता नहीं चल पाया है, जबकि बाकी बच्चों को पुलिस और प्रशासन ने खोज लिया है।

रिपोर्ट के मुताबिक, इसी अवधि में छत्तीसगढ़ से 982 बच्चे लापता हुए। इनमें से 582 बच्चों को बरामद कर लिया गया, जबकि 400 बच्चे अब भी लापता हैं। बच्चों के गायब होने के मामलों में छत्तीसगढ़ देश में छठे स्थान पर है। प्रदेश में 14 से 17 साल के बच्चे लापता हैं, जिसमें लड़कियों की संख्या ज्यादा है। पुलिस द्वारा उन्हें ढूंढने का प्रयास का दावा किया जा रहा है, लेकिन इसमें सफलता नहीं मिली है।

पश्चिम बंगाल देश में पहले नंबर पर

रिपोर्ट के अनुसार, सबसे ज्यादा मामले पश्चिम बंगाल में दर्ज हुए हैं। यहां 19,145 बच्चे लापता हुए। इनमें से 15,465 बच्चों को खोज लिया गया, जबकि 3,680 बच्चे अब भी नहीं मिले हैं। इसके बाद मध्य प्रदेश दूसरे स्थान पर है, जहां 4,256 बच्चे लापता हुए। इनमें से 1,059 बच्चों का अब तक पता नहीं चल पाया है। तीसरे नंबर पर जहां 2209 बच्चे गुम हुए। 1856 को खोज निकाला, जबकि 353 अब तक नहीं मिले। चौथे नंबर पर केरल है, जहां 1696 बच्चे गायब हुए। 918 बच्चे को ढूंढ लिया गया, जबकि 778 बच्चों को अब तक कोई सुराग नहीं मिला। पांचवें नंबर पर ओडिशा है, 1624 बच्चे लापता हुए, जिसमें 536 को खोज लिया गया, जबकि 1088 अब भी लापता है।

इन राज्यों में लापता बच्चों की शिकायत नहीं

नगालैंड, अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर, त्रिपुरा, गुजरात, लक्षद्वीप, दादर नगर हवेली में बच्चों के लापता होने की कोई शिकायत दर्ज नहीं हुई है।

आज बेबाक

कुछ खबरिया चैनलों ने टीआरपी बढ़ाने के चक्कर में डिबेट के स्तर को इतना नीचे गिरा दिया है कि लोगों को उनके एंकरों और पेनलिस्टों की शक्ल से नफरत होने लगी है। डिबेट के दौरान गाली गलौच और मारपीट अब आम बात हो गई है। बस खून खराबे की ही कसर बाकी रह गई है। एक खबरिया चैनल पर तो कांग्रेस के एक गालीबाज प्रवक्ता आलोक शर्मा ने भारतीय सेना के रिटायर्ड अफसर को गंदी गाली देकर अपनी गंदी मानसिकता का परिचय दे दिया। समझ में नहीं आता ऐसे बदतमीज लोगों को डिबेट में बुलाते ही क्यों हैं?

न्यूज गैलरी

गृह सचिव ने बंगाल सरकार से मांगी रिपोर्ट

कोलकाता/नई दिल्ली/ए.। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के पश्चिम बंगाल दौरे में प्रोटोकॉल फॉलो नहीं करने के मामले में केंद्र ने राज्य के मुख्य सचिव से रिपोर्ट मांगी है। सूत्रों के मुताबिक, गृह सचिव ने रिपोर्ट में कहा कि राष्ट्रपति के लिए बनाए गए वॉशरूम में पानी नहीं था। प्रशासन ने जो रास्ता चुना था, वह कचरे से भरा था। अधिकारियों के मुताबिक, यह रिपोर्ट आज गृह मंत्रालय को भेजने के निर्देश दिए गए।

व्यापारी की कार से 8 लाख से भरा बैग पार

बिलासपुर/नवप्रदेश। बिलासपुर में एक व्यापारी की कार से 8 लाख रुपए से भरा बैग चोरी हुआ है। घटना 7 मार्च को उस वक्त हुई जब व्यापारी अपनी दुकान बंद कर रहा था। इसी दौरान अज्ञात चोर कार से पैसों का बैग लेकर भाग गया। कार से उठाईगिरी की यह पूरी वारदात सीसीटीवी में कैद हो गई। मामला तारबहार थाना क्षेत्र के व्यापार विहार इलाके का है। व्यापारी अजय कुमार अग्रवाल की हरे कृष्णा ट्रेडर्स नाम से दुकान है।

क्राइम : अफीम की खेती दुर्ग की सीमाओं तक सीमित या लांघकर छत्तीसगढ़ में कहीं और भी हो रही

अफीम, अपराध और अनगिनत सवाल

दुर्ग/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ का समोदा गांव अब देशभर में सुर्खियों में है। राजनीति से जुड़े नेता की खेत में अफीम की अवैध खेती ने हड़कंप मचा दिया है। सत्ता पक्ष से जुड़े लोग हो, विपक्ष का नेता या फिर आमजन... सभी छत्तीसगढ़ में पहली बार सामने आई अफीम की खेती को लेकर चर्चा में मशगूल है।

चार साल से अफीम की खेती होती रही और पुलिस और प्रशासन को इसकी भनक तक नहीं लगी। होलिका दहन के लिए गांव के बच्चे की टोली ने पूरे गोरखधंधे की पोल खोल दी। गुपचुप हो रही अफीम की खेती दुर्ग पुलिस के लिए एक बड़ी चुनौती है। अफीम का यह कारोबार केवल समोदा के खेतों तक ही सीमित था या फिर दुर्ग की सीमाओं को लांघकर कहीं पूरे प्रदेश में तो फैल नहीं गया। कहीं इसके पीछे कोई बड़ा नेटवर्क तो नहीं है? अब पुलिस की जांच समोदा के खेतों से बाहर निकलकर जहां तक जाए, एक नई जानकारी लेकर ही सामने आएगा। छत्तीसगढ़ की दुर्ग पुलिस ने अफीम की खेती करते हुए भाजपा नेता विनायक ताम्रकर (पूर्व किसान ■ शेष पृष्ठ 8 पर

नशे की खेती

■ **4 साल से अफीम की खेती होती रही और पुलिस को भनक तक नहीं लगी**

■ **भाजपा नेता ने डिजिटल सर्वे में गेहूं-मक्का की खेती करना बताया था**

राजस्थान के मजदूर कर रहे थे खेती का काम

शुरुआती जांच में सामने आया है कि आरोपी पिछले कुछ सालों से अफीम की खेती कर रहा था। इसके लिए राजस्थान के जयपुर क्षेत्र से मजदूर बुलाए गए थे। विकास बिश्नोई और उसका भाई श्रवण बिश्नोई पहले यहां कपास की खेती करने आए थे। बाद में अफीम की खेती शुरू की गई। पूछताछ में विकास ने बताया कि वह पिछले चार साल से विनायक ताम्रकार के संरक्षण में यह काम कर रहा था।

फार्महाउस में मजदूरों के लिए पक्की व्यवस्था

विनायक ताम्रकार ने फार्महाउस में मजदूरों के रहने के लिए मकान और अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराई थीं। सुरक्षा के लिए बाउंसर भी तैनात किए गए थे। फार्महाउस के चारों ओर गेट लगाए गए थे, जिससे आम लोगों का अंदर जाना लगभग असंभव था। यही कारण रहा कि गांव के लोगों को लंबे समय तक इस खेती की जानकारी नहीं मिल सकी। शनिवार को पुलिस और प्रशासन की टीम कार्रवाई के लिए पहुंची तो बड़ी संख्या में ग्रामीण भी मौके पर जमा हो गए।

कहीं राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय कनेक्शन तो नहीं...

पुलिस के अनुसार, डिजिटल सर्वे में फार्महाउस में गेहूं और मक्का की खेती दर्ज दिखाई गई थी। उसी की आड़ में अफीम उगाई जा रही थी। अधिकारियों के मुताबिक करीब 10 हजार स्क्वायर फीट क्षेत्र से लगभग 21 किलो अफीम तैयार हो सकती है। ब्लैक मार्केट में एक किलो अफीम की कीमत करीब 1 से 2 लाख रुपए तक होती है, जबकि अंतरराष्ट्रीय बाजार में इसकी कीमत लगभग 5 लाख रुपए प्रति किलो बताई जाती है।

5 एकड़ 62 डिसमिल में अफीम की खेती, पौधों को नष्ट करने की तैयारी

कलेक्टर अभिजीत सिंह ने मामले का खुलासा किया। उन्होंने बताया कि पुलिस ने इस मामले में भाजपा नेता विनायक ताम्रकार, उसके सहयोगी विकास बिश्नोई और फार्महाउस के मुंशी मनीष ठाकुर को गिरफ्तार किया है। दो आरोपी आंचला राम और श्रवण बिश्नोई फरार हैं। उनकी तलाश में पुलिस टीम राजस्थान भेजी गई है। अन्य लोगों की संलिप्तता की भी जांच चल रही है। आरोपियों की गिरफ्तारी से पहले न्यायिक मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में पुलिस के जवान खेत पहुंचे। वहां लगे अफीम के पौधों को उखाड़कर जब्त किया गया। जांच में करीब 5 एकड़ 62 डिसमिल क्षेत्र में अफीम की खेती मिली। अब जब्त पौधों को नष्ट करने की तैयारी की जा रही है।

ईरान के तेल ठिकानों पर हवाई हमले तीन डिपो और 30 फ्यूल टैंक तबाह

तेहरान (ए.)। मिडिल ईस्ट में अमेरिका, इजरायल और ईरान के बीच जारी तनाव लगातार बढ़ता जा रहा है। पिछले कुछ दिनों से दोनों पक्षों के बीच हमले और जवाबी कार्रवाई तेज हो गई है, जिससे पूरे क्षेत्र में हालात चिंताजनक बने हुए हैं। इस संघर्ष के जल्द खत्म होने की संभावना भी फिलहाल नजर नहीं आ रही है।

इजरायल और अमेरिका जहां मिलकर ईरान के ठिकानों को निशाना बना रहे हैं, वहीं ईरान भी अपनी मिसाइलों के जरिए जवाबी हमले कर रहा है। हाल ही में इजरायली सेना ने ईरान के तेल भंडारण केंद्रों (ऑयल स्टोरेज साइट्स) पर बड़ा हमला किया। शनिवार को तेहरान और उसके पड़ोसी शहर करज में जोरदार धमाकों की आवाजें सुनी गईं। रिपोर्ट्स के मुताबिक 3 डिपो, फ्यूल स्टोरेज कॉम्प्लेक्स और 30 टैंक पर बमबारी के बाद आसमान में आग और धुएं का बड़ा गुबार देखा गया। ■ शेष पृष्ठ 8 पर

6 महीने तक जारी रह सकता है युद्ध: आईआरजीसी

दूसरी ओर ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) ने दावा किया है कि देश की सेना इस संघर्ष को लंबे समय तक जारी रखने की क्षमता रखती है। फार्स न्यूज एजेंसी को दिए बयान में आईआरजीसी के प्रवक्ता अली मोहम्मद नैनी ने कहा कि ईरान की सशस्त्र सेनाएं मौजूदा ऑपरेशन की गति से कम से कम छह महीने तक अमेरिका और इजरायल के खिलाफ संघर्ष जारी रख सकती हैं। आईआरजीसी ने यह भी दावा किया है कि अब तक उन्होंने पूरे क्षेत्र में अमेरिका और इजरायल से जुड़े 200 से ज्यादा ठिकानों और सैन्य सुविधाओं को निशाना बनाया है।

दीदी को जनता सबक सिखाएगी: मोदी

■ **राष्ट्रपति के अपमान पर बोले प्रधानमंत्री- अहंकार से भरा व्यक्ति बर्बाद हो जाता है**

■ **दिल्ली में 33,500 करोड़ के प्रोजेक्टस का उद्घाटन और शिलान्यास**

नई दिल्ली (ए.)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को कहा कि पश्चिम बंगाल में देश और नारी शक्ति राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के अपमान के लिए टीएमसी को माफ नहीं करेगी, उन्हें जनता सबक सिखाएगी।

नई दिल्ली में एक जनसभा में बोल रहे थे। इस दौरान मोदी ने कहा कि हमारी परंपरा में कहा गया है जिसका मतलब है कि अहंकार से भरा व्यक्ति, चाहे कितना भी ताकतवर क्यों न हो, आखिर में बर्बाद हो जाता है।

दरअसल, शनिवार को पश्चिम बंगाल में एक कार्यक्रम की जगह बदले जाने पर राष्ट्रपति ने नाराजगी जताई थी। उन्होंने कहा था- बंगाल सरकार आदिवासियों का भला नहीं चाहतीं। नॉर्थ बंगाल दौरे पर न तो मुख्यमंत्री और न ही कोई मंत्री मुझे रिसीव करने आया। इससे पहले दिल्ली में पीएम 33500 करोड़ रुपए के प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन और शिलान्यास किया। उन्होंने जनरल पूल रेजिडेंशियल अकोमोडेशन रीडेवलपमेंट प्लान के तहत 2,722 नए बने फ्लैट का उद्घाटन किया। इसके साथ दो नए मेट्रो कॉरिडोर का उद्घाटन और 3 कॉरिडोर का शिलान्यास किया।

प्रेमिका को रंग लगाने के शक में दो युवकों की चाकू मारकर हत्या

जगदलपुर/नवप्रदेश। बस्तर जिले में दो युवकों की बेरहमी से हत्या कर दी गई। मामला नगरनार थाना क्षेत्र के कलचा गांव का है, जो बस्तर सांसद का पैतृक गांव बताया जा रहा है।

जानकारी के अनुसार गांव में पारंपरिक रूप से होलिका दहन का कार्यक्रम चल रहा था। इसी दौरान एक विवाद ने अचानक हिंसक रूप ले लिया। बताया जा रहा है कि सालगुड़ गांव के दो युवकों पर एक युवक की प्रेमिका को रंग लगाने का शक जताया गया। इसी संदेह को लेकर कलचा गांव के चार युवकों ने दोनों को घेर लिया।

अमेरिका 4 गुना बढ़ाएगा हथियारों का उत्पादन

■ **ईरान बोला- 'मरते दम तक नहीं करेंगे आत्मसमर्पण'**

नई दिल्ली (ए.)। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान के साथ बढ़ते युद्ध के बीच बड़ा सैन्य ऐलान किया है। ट्रंप ने अमेरिकी डिफेंस कंपनियों के साथ बैठक के बाद कहा कि अमेरिका अपने हथियारों का उत्पादन चार गुना तक बढ़ाएगा।

यह बयान ऐसे समय आया है जब ईरान-इजरायल और अमेरिका के बीच जारी संघर्ष 9वें दिन में प्रवेश कर चुका है और मध्य पूर्व में हालात लगातार तनावपूर्ण बने हुए हैं। यह संघर्ष 28 फरवरी को शुरू हुआ था और पिछले आठ दिनों से दोनों पक्षों के बीच लगातार हमले और जवाबी कार्रवाई हो रही है। रिपोर्ट्स के मुताबिक ईरान ने इजरायल समेत क्षेत्र के 10 से अधिक देशों को निशाना बनाया है, जबकि अमेरिका और इजरायल की ओर से ईरान के कई ठिकानों पर हवाई हमले किए गए हैं। ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'ट्रूथ सोशल' पर ■ शेष पृष्ठ 8 पर

ईरान के नए सुप्रीम लीडर के नाम पर सहमति, फिलहाल ऐलान नहीं

तेल अवीव/तेहरान (ए.)। ईरान में नए सुप्रीम लीडर के नाम पर सहमति बन गई है, लेकिन अभी आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है। अलजजीरा की रिपोर्ट के मुताबिक, सुप्रीम लीडर चुनने वाली संस्था 'असेंबली ऑफ एक्सपर्ट्स' ने नए लीडर का चयन कर लिया है। असेंबली के सदस्य मोहसिन हेदरी ने कहा कि बहुमत से सबसे योग्य व्यक्ति के नाम को मंजूरी दे दी गई है। एक अन्य सदस्य मोहम्मद मेहदी मीरबाघेरी ने भी इसकी पुष्टि की है।

गरमा-गरम

2000 से अधिक महिलाओं की ऐतिहासिक भागीदारी, रायपुर में गूंजा राष्ट्रभक्ति और नारी शक्ति का संदेश

'मैं भारत हूं' थीम पर बाइक-स्कूटी रैली, गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज

■ **भारत की अविरल संस्कृति और सभ्यता को आगे बढ़ाने वाली भारत की महिलाएं हैं: उप मुख्यमंत्री शर्मा**

रायपुर / नवप्रदेश। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर राजधानी रायपुर में 'मैं भारत हूं' थीम पर भव्य बाइक-स्कूटी रैली का आयोजन किया गया। मातृशक्ति की ऐतिहासिक भागीदारी से सजी इस रैली में 2000 से अधिक महिलाओं ने हिस्सा लिया और राष्ट्रभक्ति, अनुशासन तथा महिला सशक्तिकरण का सशक्त संदेश दिया। यह रैली अपनी विशिष्टता और व्यापक सहभागिता के कारण गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज की गई।

रैली का शुभारंभ माँ काली मंदिर से हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत सामूहिक वंदे मातरम् गान के साथ हुई। इसके बाद अखिल भारतीय धर्मजागरण समन्वय कार्यसमिति सदस्य श्री राजेंद्र प्रसाद श्रीवास्तव और श्रीमती विभा अवस्थी ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। रैली का नेतृत्व महिला पुलिस कर्मियों के अनुशासित दस्ते ने किया, जिसके पीछे हजारों महिलाएं हाथों में तिरंगा लिए उत्साहपूर्वक आगे बढ़ीं।

यह रैली माँ काली मंदिर से प्रारंभ होकर शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए श्रीराम मंदिर, वीआईपी चौक पर संपन्न हुई। रास्ते भर नागरिकों ने पुष्पवर्षा कर रैली का स्वागत किया। कार्यक्रम की संयोजिका डॉ. भारवि वैष्णव और सह-संयोजिका तथा नगर निगम पार्षद डॉ. अनामिका सिंह के नेतृत्व में पूरे आयोजन का सफल संचालन किया गया।

समापन समारोह में उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा भी शामिल हुए। उन्होंने महिलाओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि समाज में यातायात नियमों का पालन करने का संदेश देने के लिए आज महिलाओं ने जो स्कूटी रैली निकाली वह गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में शामिल हो गयी है यह हमारे लिए गर्व का विषय है। उन्होंने अपने जीवन में अपनी बुआ अपनी मां अपनी पत्नी ■ शेष पृष्ठ 8 पर

छत्तीसगढ़ के पूर्व डीजीपी विश्वरंजन का निधन

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के पूर्व पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) विश्वरंजन का शनिवार रात निधन हो गया। उन्होंने पटना के मेदांता अस्पताल में अंतिम सांस ली। वे पिछले कुछ समय से बीमार चल रहे थे और इलाज के लिए पटना में भर्ती थे। उनके निधन की खबर से प्रशासनिक और पुलिस महकमे में शोक की लहर दौड़ गई है।

बताया जा रहा है कि विश्वरंजन को कार्डियक से जुड़ी समस्या के कारण पिछले महीने मेदांता अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां उनका इलाज जारी था। लेकिन शनिवार रात उनकी हालत बिगड़ने ■ शेष पृष्ठ 8 पर

छत्तीसगढ़ के छठवें डीजीपी रहे विश्वरंजन

बता दें कि विश्वरंजन छत्तीसगढ़ के छठवें डीजीपी रहे हैं। वर्ष 2007 में ओपी राठौर के असामयिक निधन के बाद तत्कालीन रमन सिंह सरकार ने उन्हें छत्तीसगढ़ पुलिस का प्रमुख नियुक्त किया था। वे लगभग चार वर्ष तक डीजीपी पद पर रहे।

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस महिलाओं की शक्ति, आत्मसम्मान और समाज निर्माण में उनके योगदान को नमन करने का अवसर : भावना बोहरा

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर विधायक भावना बोहरा ने किया महिलाओं का अभिनंदन

कवर्धा/नवप्रदेश। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर छत्तीसगढ़ के माननीय मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय जी के मुख्य आतिथ्य में बस्तर में महतारी वंदन सम्मेलन का आयोजन किया गया और उन्होंने प्रदेश की नारी शक्तियों को संबोधित किया। इस अवसर पर पंडरिया विधानसभा क्षेत्र में पंडरिया विधायक भावना बोहरा द्वारा मातृशक्ति के सम्मान और सशक्तिकरण को समर्पित ÷महतारी वंदन सम्मेलन÷ का भव्य आयोजन किया गया। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में महिलाएं शामिल हुईं, जो केंद्र और राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित होकर आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ रही हैं। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं तथा योजनाओं की लाभार्थी बहनों को विधायक भावना बोहरा ने प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया और अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएं दी।

इस अवसर पर पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने उपस्थित मातृशक्ति को संबोधित करते हुए कहा कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस महिलाओं की शक्ति, आत्मसम्मान और समाज निर्माण में उनके योगदान को नमन करने का अवसर है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में देश में महिलाओं के सशक्तिकरण को नई दिशा मिली है और आज महिलाएं हर क्षेत्र में नेतृत्वकारी भूमिका निभा रही हैं। भाजपा सरकार ने महिलाओं को आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक रूप से मजबूत बनाने के लिए अनेक योजनाएं प्रारंभ की हैं। छत्तीसगढ़ में मातृशक्ति को आर्थिक संबल देने के उद्देश्य से महतारी वंदन योजना प्रारंभ की गई है, जिसके माध्यम से प्रदेश की लाखों महिलाओं को प्रतिवर्ष 12000 रु. की आर्थिक सहायता मिल रही है। इस योजना से महिलाओं में आत्मविश्वास बढ़ा है और परिवार की आर्थिक मजबूती में उनकी भूमिका और अधिक सशक्त हुई है।

उन्होंने बताया कि पंडरिया विधानसभा की बेटियों की शिक्षा में कोई बाधा न आये इसके लिए हमने प्रयास करते हुए महाविद्यालय में पढ़ने वाली छात्राओं के लिए 8 निःशुल्क बसों का संचालन कर रहें हैं जिसके माध्यम से 1000 छात्राओं को लाभान्वित करने के अपने लक्ष्य को हम जल्द ही प्राप्त करेंगे। इस बस सेवा से बेटियों को महाविद्यालय से घर आने-जाने हेतु सुगम व सुरक्षित आवागमन की सुविधा मिल रही है। प्रातिभावान बेटियों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु लक्ष्य निःशुल्क कोचिंग की भी शुरुआत हमने की है जहां 300 से अधिक छात्र-छात्राओं को CGPSC, NEET और IIT-JEE जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु उन्हें निःशुल्क कोचिंग मिल रही है। विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को प्रोत्साहन करने नारी सम्मान अलंकरण समारोह, घर की मुखिया महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के हेतु निःशुल्क सिलाई मशीन का वितरण कर हमने पंडरिया विधानसभा की माताओं,बहनों और बेटियों की शिक्षा, सशक्तिकरण व स्वावलंबन के लिए निरंतर प्रयास कर रहें हैं जिनका सकारात्मक परिणाम देखने को मिल रहा है।

उन्होंने आगे कहा कि केंद्र सरकार की लखपति दीदी योजना के माध्यम से स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं को स्वरोजगार और उद्यमिता के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है, जिससे वे आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन रही हैं। वहीं नमो ड्रोन दीदी योजना के जरिए ग्रामीण महिलाओं को आधुनिक तकनीक से जोड़कर कृषि क्षेत्र में नई संभावनाएं प्रदान की जा रही हैं।

न्यूज गैलरी

सोहेन्द्र साहू को बनाया गया सहकारिता प्रकोष्ठ के प्रदेश कार्य समिति का सदस्य

नवापारा राजिम/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव की सहमति एवं भारतीय जनता पार्टी महामंत्री (संगठन) पवन साय के निर्देशानुसार सोहेन्द्र साहू नवापारा को सहकारिता प्रकोष्ठ छत्तीसगढ़ के प्रदेश कार्य समिति में सदस्य बनाया गया है। जो कि नगर के लिए बहुत बडे गौरव की बात है इस पर उन्होंने भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के साथ, सांसद बृजमोहन अग्रवाल, वरिष्ठ नेता अशोक बजाज का आभार व्यक्त किया है। प्रदेश कार्यसमिति सदस्य बनाए जाने पर सोहेंद्र साहू ने कहा पार्टी ने मुझ पर जो भरोसा जताया इसके लिए भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के साथ सभी वरिष्ठ जनों का आभार व्यक्त करता हूं।

होली मिलन : अभनपुर ने छत्तीसगढ़ के डिप्टी सीएम अरुण साव से मुलाकात कर दी बधाई

नवापारा राजिम/नवप्रदेश। प्रेस क्लब नवा रायपुर, अभनपुर के पदाधिकारियों एवं पत्रकारों ने होली मिलन समारोह के अवसर पर छत्तीसगढ़ के डिप्टी सीएम अरुण साव से शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान पत्रकारों ने उन्हें होली पर्व की शुभकामनाएं दीं। मुलाकात के दौरान पत्रकारों और डिप्टी सीएम के बीच सौहार्दपूर्ण वातावरण में चर्चा हुई। प्रेस क्लब के पदाधिकारियों ने नवा रायपुर,अभनपुर क्षेत्र की पत्रकारिता गतिविधियों और प्रेस क्लब की पहल से भी उन्हें अवगत कराया। इस अवसर पर प्रेस क्लब नवा रायपुर,अभनपुर के अध्यक्ष रोहित सोनी, उपाध्यक्ष मनीष जैन, प्रमुख सलाहकार नारायण सोनी, महेंद्र गोस्वामी, तिलक पोद्दार, सूरज सिन्हा और कीर्ति परमानंद उपस्थित रहे। डिप्टी सीएम अरुण साव ने सभी पत्रकारों को होली पर्व की शुभकामनाएं देते हुए प्रेस क्लब के होली मिलन कार्यक्रम के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की और पत्रकारों की भूमिका को समाज के लिए महत्वपूर्ण बताया।

नगरी विकासखंड के ग्राम पंचायत फरसिया में रोजगार दिवस एवं आवास दिवस का आयोजन

नगरी/नवप्रदेश। नगरी विकासखंड के ग्राम पंचायत फरसिया में रोजगार दिवस एवं आवास दिवस का आयोजन किया गया। केशव टेकाम सरपंच ग्राम पंचायत फरसिया कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना के निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा किया गया । हितग्राहियों को समय -सीमा में गुणवत्तापूर्ण आवास पूर्ण करने के लिए आवश्यकता पूर्ण मार्गदर्शन दिया। साथी रोजगार दिवस के अवसर पर मारेगा के अंतर्गत चल रहे कार्यों एवं रोजगार के अवसरों के संबंध में जानकारी दी गई। इस तरह मनरेगा के कार्यों को 30 मार्च तक सभी कार्य को पूरा करे। क्योंकि आगामी वित्तीय वर्ष ड्डक्त ह्डुद्ध त्न योजना प्रारंभ होना है। शासन से प्राप्त निर्देशानुसार प्रत्येक माह के 7 तारीख को रोजगार दिवस एवं आवास दिवस मनाया जाना है। इस अवसर पर ग्राम पंचायत के सरपंच केशव टेकाम, उप सरपच ,त्रिलोक साहू पंचायत सचिव रामभरोस साहू ,ग्राम व्यवस्था समिति अध्यक्ष सुभाष कश्यप, उपाध्यक्ष भीमसेन गजेंद्र, सचिव प्रदीप सन, रोजगार सहायक विद्या भारती यादव , पंच राजेश सिंन्हा, कालिंद्री काशी व मेट ठाकुर राम साहू, खमन लाल, एवं ग्रामीण जन उपस्थित हुए।

होली का पर्व धूमधाम से मनाया गया

खरोरा/नवप्रदेश। प्रेम व सौहार्द का प्रतीक खरोरा खरोरा सहित प्रदेश में धूमधाम से बुरा ना मानो होली है होली का त्यौहार मनाया गया ।यह त्यौहार बुराई पर अच्छाई के जीत के प्रतीक के तौर पर होलिका दहन कर लोगों के द्वारा होली का त्यौहार मनाया गया। रंग उत्सव का पर होली पर रंग गुलाल से सराबोर होने के लिए लोगों में धूम मची है बच्चे ,युवा, महिला व बुजुर्ग में उत्साह का माहौल है ।इसके पहले सोमवार को पारंपरिक तौर पर होली का की विधि विधान से पूजा अर्चना की गई ।परिवार की सुख समृद्धि और शांति की कामना की गई। खरोरा सहित ग्राम केशला में रंगों का महा पर्व होली बड़े ही धूमधाम व उत्साह पूवर्क मनाया गया। फाल्गुन माह की पूर्णिमा में होली का पर्व मनाया जाता है। जो की प्रदेश में उत्साह उमंग से भरपुर होली पर्व मनाया जाता है। प्रत्येक गांव के गली मोहल्ले में होली का पर्व का नजारा ही बहुत खुब रहा मोहल्ले के मुख्य मुख्य चौक चौराहो में ग्रामीणों की टोली नगाड़े की धुन में फाग गितो के साथ गाते हुए नाचते झुमते हुए दिखाई दिये होली पर्व की लोगों ने एक दूसरे को भाई चारे सौहार्दय पूवर्क रंगो का पर्व होली में रंग गुलाल लगाकर व एक दूसरे के गले मिलकर होली की पर्व की शुभकामनाएं व बधाई दी।

महिला दिवस पर पूरा हुआ अध्यक्ष अंजू त्रिपाठी का एक वर्ष, नगर के विकास को मिली नई दिशा

डोंगरगांव नपं को नगरपालिका का दर्जा

■ **महिला नेतृत्व का एक साल: करोड़ों के विकास कार्यों को स्वीकृति**

डोंगरगांव/नवप्रदेश। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस 8 मार्च इस वर्ष डोंगरगांव के लिए खास महत्व लेकर आया है। इसी दिन नगर पंचायत अध्यक्ष अंजू त्रिपाठी के नेतृत्व को एक वर्ष पूर्ण हो रहा है। महिला नेतृत्व में बीते एक वर्ष के दौरान नगर के विकास को नई दिशा देने के साथ ही डोंगरगांव को नगर पंचायत से नगरपालिका का दर्जा भी प्राप्त हुआ है, जिसे नगर के लिए बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है।

भाजपा समर्थित परिषद के गठन के बाद नगर में बुनियादी सुविधाओं को मजबूत करने और विकास कार्यों को आगे बढ़ाने के लिए लगातार प्रयास किए गए। इसी का परिणाम है कि इस एक वर्ष में नगर के लिए कई महत्वपूर्ण योजनाओं

और करोड़ों रुपए के विकास कार्यों को स्वीकृति मिली है।

करोड़ों के विकास कार्यों को मिली स्वीकृति

नगर पंचायत द्वारा नगर में 1 करोड़ 49 लाख 70 हजार रुपये की लागत से हाट बाजार निर्माण कार्य को स्वीकृति मिली है, जिससे स्थानीय व्यापारियों और आसपास के ग्रामीणों को बेहतर बाजार सुविधा मिलेगी। इसके अलावा करियाटोला में 50 लाख रुपये की लागत से सामुदायिक भवन निर्माण की भी मंजूरी दी गई है, जो सामाजिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए उपयोगी होगा।

मूलभूत सुविधाओं को मिलेगा विस्तार

नगर की आधारभूत सुविधाओं को मजबूत करने के उद्देश्य से 36 लाख 84 हजार रुपये की लागत से मुक्तिधाम निर्माण तथा 42 लाख 32 हजार रुपये की लागत से पाइपलाइन विस्तार कार्य को भी स्वीकृति मिली है। इससे नगर में पेयजल व्यवस्था और अन्य सुविधाओं में सुधार होने की उम्मीद है।

टीमवर्क से मिली उपलब्धियां : अंजू त्रिपाठी

नगर पंचायत अध्यक्ष अंजू त्रिपाठी ने कहा कि यह उपलब्धियां नगर पंचायत के पार्षदों, अधिकारियों, कर्मचारियों और नगरवासियों के सहयोग का परिणाम हैं। उन्होंने कहा कि महिला दिवस के अवसर पर एक वर्ष की उपलब्धियों के साथ ही नगर को नगरपालिका का दर्जा मिलना डोंगरगांव के लिए गर्व की बात है। आने वाले समय में स्वीकृत विकास कार्यों के धरातल पर उतरने से नगर के विकास को और गति मिलेगी।

स्वच्छता और नागरिक सुविधाओं पर जोर

स्वच्छता को बढ़ावा देने के लिए 26 लाख 68 हजार रुपये की लागत से आकां शौचालय निर्माण को स्वीकृति दी गई है। इसके साथ ही नगर में सार्वजनिक एवं सामुदायिक शौचालयों के जीर्णोद्धार और नगर पंचायत में ऑनलाइन राजस्व वसूली व्यवस्था लागू करने की दिशा में भी पहल की गई है।

गरीबों को आवास और राशन का लाभ

प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत नगर में 149 आवासों को स्वीकृति मिली है, जिससे जरूरतमंद परिवारों को पक्के मकान का लाभ मिलेगा। इसके अलावा नगर क्षेत्र में 458 राशन कार्डों का वितरण कर गरीब परिवारों को खाद्य सुरक्षा उपलब्ध कराई गई है।

स्वच्छता रैंकिंग में मिली पहचान

डोंगरगांव ने स्वच्छता के क्षेत्र में भी उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करते हुए 20 हजार से कम आबादी वाले शहरों में राष्ट्रीय स्तर पर 33वां और राज्य स्तर पर 35वां स्थान प्राप्त किया है।

कलार समाज परिक्षेत्र छुरा का निर्वाचन संपन्न, सभी पदाधिकारी निर्विरोध निर्वाचित

छुरा/नवप्रदेश। कलार समाज परिक्षेत्र छुरा का निर्वाचन शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। इस अवसर पर समाज के सभी पदाधिकारियों का चयन सर्वसम्मति से किया गया। विशेष बात यह रही कि सभी पदों पर पदाधिकारी निर्विरोध मनोनीत किए गए, जिससे समाज में एकता और आपसी सद्भाव का संदेश गया।

निर्वाचन प्रक्रिया समाज के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी विजय सिन्हा के निर्देशन पर नामांकन आदि सभी प्रक्रिया का पालन किया गया। जिसमें पुनः इस वर्ष भी नवनिर्वाचित मंडलेश्वर शिवलालसिन्हा ग्राम रक्सी,सचिव प्रकाश सिन्हा खड़मा , कोषाध्यक्ष हरिराम सिन्हा टेगनाबासा ,महिला मंच ,अध्यक्ष पार्वती सिन्हा रानीपरतेवा ,महिला मंच कोषाध्यक्ष लक्ष्मी सिन्हा रानीपरतेवा , ,महिला मंच सचिव भारती सिन्हा छुरा, ,युवा मंच अध्यक्ष गुलशन सिन्हा खड़मा ,युवा मंच सचिव उमेश सिन्हा टेगनाबासा,युवा मंच कोषाध्यक्ष उत्तम सिन्हा जरगांव निर्विरोध निर्वाचित हुए,एवं रमेश सिन्हाटेगनाबासा को संरक्षक बनाया गया।

वास सेन समाज की नई कार्यकारिणी घोषित, प्रताप सिंह सुरेशा बने अध्यक्ष

नगरी/नवप्रदेश। वास सेन समाज क्षेत्र नगरी-सिहावा के अंतर्गत उपक्षेत्र कांकेर, बस्तर, बिंद्रानवागढ़ एवं रायघर की महासभा का आयोजन ग्राम हरदीभाटा (नगरी) स्थित सामाजिक भवन में संपन्न हुआ। महासभा में सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का गठन किया गया, जिसमें प्रताप सिंह सुरेशा (बिरनपुर) को समाज का अध्यक्ष मनोनीत किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत भगवान विष्णु एवं सेन जी महाराज के तैल चित्र पर पूजा-अर्चना और दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई। इसके पश्चात पदाधिकारियों ने समाज के विकास और संगठन को मजबूत बनाने को लेकर अपने विचार रखे। वहीं सचिव द्वारा समाज की आय-व्यय का विस्तृत ब्यौरा प्रस्तुत किया गया। पिछली कार्यकारिणी का कार्यकाल पूर्ण होने के बाद उसे भंग करते हुए सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। समाज को नई दिशा देने और संगठन को अधिक सक्रिय बनाने के उद्देश्य से कई नए चेहरों को जिम्मेदारी सौंपी गई।

कलेक्टर ने पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के कार्यों की समीक्षा की

भाटापारा/नवप्रदेश। कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने शनिवार को जिला पंचायत सभागार में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत निर्माणाधीन एवं अप्रारम्भ आवासों को शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिये। उन्होंने बैठक में योजनाओं, निर्माण कार्यों सहित रोजगार सृजन पर विस्तृत समीक्षा की। कलेक्टर ने कहा कि द्वितीय किश्त जारी हुए आवासों को अप्रैल तक पूरा कराने 15 -15 दिन की प्रगति रिपोर्ट बनाएं। विकासखंड समन्वयक एवं तकनिकी सहायक आपसी समन्वय एवं फिल्ड विजिट करें।कहीं पर दिक्क़त हो तो सरपंच, सचिव एवं रोजगार सहायक का भी सहयोग लें। हितग्राहियों के पलायन के कारण अप्रारम्भ आवासों को शुरू करने के लिये हितग्राहियों से संपर्क करने कहा। इसीतरह मुख्यमंत्री आवास योजना अंतर्गत आवासों को भी तेजी से पूर्ण कराने के निर्देश दिये।

स्कूली बच्चों को कम्प्यूटर वितरित

डोंगरगांव/नवप्रदेश। सरस्वती शिशु मंदिर आसरा में स्कूली बच्चों को वर्तमान सरपंच शरद वैष्णव के द्वारा कम्प्यूटर का क्रय कर 5 मार्च को सरस्वती शिशु मंदिर आसरा को वितरण किया गया। इस समारोह में विशेष अतिथि जनपद पंचायत सदस्य अनिता पंचारी, वर्तमान सरपंच शरद कुमार वैष्णव , मुकेश कुमार साहू (अध्यक्ष ग्राम समिति) ,डेरहादास साहू ,शिवकुमार भक्ता ,परमाराम साहू, नरेंद्र पंचारी , मदनलाल साहू, भागचंद साहू ,तीरथ राम कंवर, लखन लाल साहू। जनक लाल साहू, भगवान दास साहू आचार्य गण, एवं गांव के समस्त गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

कलेक्टर उइके व नपा अध्यक्ष ने विकास योजना के संबंध में विभिन्न स्थलों का किया निरीक्षण

n **बस स्टैंड, छिंद तालाब, देवरनीन तालाब सहित अन्य स्थलों का किया अवलोकन**

गरियाबंद/नवप्रदेश। गरियाबंद नगर पालिका क्षेत्र के समग्र विकास, शहरी सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण तथा नागरिकों को बेहतर सार्वजनिक व्यवस्थाएं एवं सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए कलेक्टर बीएस उइके एवं नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष रिखिराम यादव ने शहर के विभिन्न स्थलों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बस स्टैण्ड, छिंद तालाब, देवरनीन तालाब, बाजार के लिए उपयुक्त स्थल चिन्हांकन, साफ-सफाई, यातायात व्यवस्था तथा अतिक्रमण की स्थिति का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर उइके ने छिंद तालाब स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने पाया कि तालाब से लगे कुछ खेतों में कृषकों द्वारा अवैध रूप से कब्जा किया गया है, जिससे तालाब की मूल सीमा प्रभावित हो रही है। इस पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों को ऐसे कृषकों को नोटिस जारी कर अवैध कब्जा हटाने की कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि तालाब जैसे जल स्रोतों का संरक्षण अत्यंत आवश्यक है और किसी भी प्रकार का अतिक्रमण नहीं होना चाहिए। कलेक्टर उइके ने छिंद तालाब से लगे देवरनीन तालाब का भी निरीक्षण किया। उन्होंने तालाब परिसर में नियमित साफ-सफाई कराने, आसपास के क्षेत्र को व्यवस्थित रखने तथा जल स्रोत को स्वच्छ बनाए रखने के निर्देश दिए।

सिकासार जलाशय से पानी छोड़ा गया

राजिम फिंगेश्वर क्षेत्र में निस्तारी की समस्या होगी दूर: रोहित साहू

राजिम/नवप्रदेश। राजिम-फिंगेश्वर क्षेत्र में निस्तारी की समस्या को देखते हुए विगत दिनों क्षेत्रवासियों द्वारा तालाब, नदी और नालों में पानी की कमी को लेकर विधायक रोहित साहू से सिकासार जलाशय से पानी छोड़ने की मांग की गई थी। क्षेत्र की इस मांग को गंभीरता से लेते हुए क्षेत्र की मांग अनुरूप तत्परता दिखाते हुए विधायक रोहित साहू ने तत्काल कलेक्टर को आवेदन देकर सिकासार जलाशय से पानी छोड़ने की पहल की।

विधायक के प्रयासों के फलस्वरूप सिकासार जलाशय से 1350 क्यूसेक पानी छोड़ा गया है, जो वर्तमान में कुकदा पिकअप वियर तक पहुंच चुका है। यहां से इस पानी को राजिम और फिंगेश्वर डिस्ट्रिब्यूटर में जोड़ा जा रहा है, जिससे राजिमङ्कफिंगेश्वर क्षेत्र के विभिन्न गांवों के तालाब, नदी-नाले और अन्य जल स्रोतों में पानी पहुंचेगा। इससे ग्रामीणों को निस्तारी के लिए पर्याप्त पानी उपलब्ध होगा और गर्मी के मौसम में होने वाली जल समस्या से काफी हद तक राहत मिलेगी।

विधायक रोहित साहू ने बताया कि क्षेत्र में लगातार मिल रही जन मांग को देखते हुए अधिकारियों से चर्चा कर सिकासार जलाशय से पानी छोड़ने की व्यवस्था की गई है। उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा है कि सिकासार जलाशय से अतिरिक्त 650 क्यूसेक पानी और बढ़ाकर छोड़ा जाए, ताकि राजिमङ्कफिंगेश्वर क्षेत्र के अधिक से अधिक गांवों तक पानी पहुंच सके और तालाबों व जल स्रोतों का जलस्तर बढ़ाया जा सके।

उन्होंने कहा कि क्षेत्र के ग्रामीणों को निस्तारी, पशुओं के लिए पानी तथा अन्य आवश्यक उपयोग के लिए किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। आगे भी यदि आवश्यकता होगी तो प्रशासन से समन्वय कर और पानी छोड़ने की व्यवस्था की जाएगी।

क्षेत्रवासियों ने सिकासार जलाशय से पानी छोड़ने की इस पहल के लिए विधायक रोहित साहू के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इससे क्षेत्र के तालाबों और जल स्रोतों में पानी बढ़ेगा तथा ग्रामीणों को काफी राहत मिलेगी।

जल जीवन मिशन में लाखों खर्च, फिर भी घरों तक पानी नहीं

__मुंगेली/बिलासपुर/नवप्रदेश।__ केंद्र सरकार द्वारा हर घर में नल का पानी पहुंचाने के उद्देश्य से 15 अगस्त 2019 को जल जीवन मिशन की शुरुआत की गई थी और 2024 तक सुरक्षित स्वच्छ और पर्याप्त पेयजल घरों तक पहुंचाना लक्ष्य रखा गया था। मिशन का उद्देश्य यह भी था कि ग्रामीण परिवारों को 55 लीटर प्रति व्यक्ति प्रतिदिन की दर से पानी मिले, लेकिन 2026 शुरु हो जाने के बाद भी मुंगेली और बिलासपुर के ग्रामीण क्षेत्रों के अधिकांश घरों में पानी नहीं पहुंच पाई है। कई जगहों पर तो हितग्राहियों को नल का कनेक्शन तो मिला है, लेकिन चालू नहीं हो पाया है। कुछ पानी की टंकियां बनीं हैं, लेकिन साधन नहीं होने के कारण अभी भी खाली है। इसके अलावा कुछ पंचायतों में पानी टंकियों में लिकेज की समस्या है, जिसे ठीक नहीं कराया गया है। दूसरी ओर वर्ष 2024 से 2028 तक जल जीवन मिशन-2 शुरु हो गया है। सिर्फ बिलासपुर में ही तीन ठेकेदार गायत्री कंस्ट्रक्शन, बुद्धा कंस्ट्रक्शन, अफरोज आलम मेसर्स काम लेकर अब तक नहीं किए हैं। ऐसे में सरकार की योजना गांव के अंतिम लोगों तक नहीं पहुंच पा रही है और आज भी कई गांवों में पानी की भारी किल्लत है.......

मुंगेली-बिलासपुर के कई गांवों में शुरु नहीं हो सकी जल-जीवन मिशन

रबी फसल में धान की खेती

सबसे अधिक पानी की किल्लत गर्मी के दिनों में होती है और रबी फसल में किसानों द्वारा धान की खेती की जाती है, जिसकी सिंचाई करने में पानी की खपत बहुत ज्यादा होती है। सरकार द्वारा किसानों से अपील की जाती है कि गर्मी के दिनों में धान की खेती न करें, बल्कि धान की जगह ओन्हारी फसल लें, लेकिन रबी फसल में धान की खेती किए जाने से पानी की भारी किल्लत हो रही है। जल जीवन मिशन 2 में इस बार लक्ष्य रखा गया है कि हर घर शुद्ध पानी पहुंचाने के साथ-साथ जल संरक्षण, संवर्धन और पानी को बचाने का किस तरह से प्रयास करें इस पर सरकार द्वारा हितग्राहियों को संदेश दी जाएगी। अभी जिले में 80 प्रतिशत काम हो चुका है, जहां 20 प्रतिशत काम बचा है वहां 2028 तक पूरा कर लिया जाएगा। किसानों को धान की फसल के अलावा अन्य ओन्हारी फसल के लिए अनुदान के तहत सरकार द्वारा तमाम सुविधाएं दी जा रही हैं, उसके बाद भी किसानों द्वारा रबी फसल के रुप में धान की ही खेती की जा रही है। इस पर भी जल जीवन मिशन 2 के तहत संगोष्ठियां की जाएगी।

केन्द्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना जल जीवन मिशन योजना अपने लक्ष्य से दूर नजर आ रही है। लोगों को स्वच्छ पेयजल मुहैया कराने केन्द्र सरकार द्वारा हर घर नल, हर घर जल प्रदाय करने जलजीवन मिशन योजना की शुरूआत की है। योजना के अंतर्गत सभी को 2024 तक हर घर शुध्द पेयजल पहुंचाने सरकार की योजना थी लेकिन 2026 में भी कोई खास बदलाव नहीं है, ऐसे में सवाल उठ रहा है कि क्या 2024 तक केन्द्र सरकार कि मंशा हर घर तक शुध्द पेयजल पहुंचाने के दावे के बीच अंचल में यह योजना दम तोड़ती नजर आ रही है। नल जल योजना के तहत् गांव-गांव में पाईप लाईन बिछा दी गई है और घर-घर में नल की टोटी लगा दी गई है। लेकिन कुछ गांवों के नलो से आज भी एक बुंद पानी नही निकला है। लगभग 5-6 साल बीत जाने के बाद भी ये नल सूखे खंभो के तरह खड़े है। नल जल योजना के तहत हर घर सरकारी नल लगाने की घोषणा सुन ग्रामीणो में खुशी की लहर दौड़ी थी, लेकिन ठेकेदारों की लापरवाही ग्राम पंचायत मुखिया एवं उच्च अधिकारियों की उदासीनता ने इस योजना का मजाक बना दिया है। सरकार ने मुक्त नल कनेक्शन तो दे दिया है। नलो से हर घरों में शुध्द पेयजल पहुंचाने का वादा किया गया था, उन्ही टोटी पर लोग मवेशी बांध रहे है। आज भी अधिकतर जगहों पर टंकी निर्माण कार्य कछुआ चाल में हो रहा है। जिले के 673 गाँव में जल जीवन मिशन के तहत पानी की टंकी लगाई जानी थी जिसमे से अब तक लगभग 230 टांकियों का निर्माण पूर्ण कर लिया गया हैं 464 गाँव में कार्य अंतिम चरण पर हैं जिसमें से 240 मल्टी लेवल नल लगाना था जिसमें खुड़िया से पानी आना था इस तरह से कुल 354 गाँव में पानी की टंकी बनाई जानी थी जिसमें से अबतक 196 या तो बना लीं हैं हैं या कार्य प्रारम्भ हैं कुल 158 गाँव में पानी की टंकी बनना शेष हैं सरकारी आंकड़ों के अनुसार जल जीवन मिशन के तहत में अधिकांश जगहों पर कार्य पूर्ण कर लिए गए हैं जबकि जमीनी हकीकत कुछ और ही हैं। पानी टंकी निर्माण आधे अधूरे होने के कारण ग्रामीणों को अब भी अपने पानी की प्यास बुझाने के लिए पूराने परिवेश कुंओं पर ही निर्भर रहने पड रहा है अभी वर्तमान में जिले में कुल 870 कुऐं है, मुंगेली ब्लाक में 344, पथरिया में 146 और लोरमी में 365 हैं। बिलासपुर जिले के कई गांवों में अभी भी पानी की भारी किल्लत है और जलापूर्ति करने के लिए शासन के पास गर्मी के दिनों में कोई विशेष योजना नहीं है। ठेकेदारों द्वारा काम लेकर सही समय में काम नहीं किए जाने के कारण आज भी ग्रामीणों को गर्मी के दिनों में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सभी ग्रामीण घरों को नल का पानी उपलब्ध कराने के लिए गांवों में पाइप लाइन से पानी की आपूर्ति की बुनियादी संरचना का विकास करना मिशन का उद्देश्य था। साथ ही सभी ग्रामीण परिवारों की जरुरतों को पूरा करने के लिए पानी की उपचरात्मक व्यवस्था करना था एवं ग्रामीण घरों को सुरक्षित पानी उपलब्ध कराने से डायरिया से होने वाली मौतों को भी टाला जा सकता था, लेकिन काम समय पर नहीं होने के कारण धरातल में योजना फेल होते नजर आ रही है। बिल्हा विकासखंड के ग्राम पंचायत अकलतरी, बाम्हू, टेकर, भिलमी सहित कई पंचायतों में जल जीवन मिशन के तहत काम नहीं हो पाया है, जिसके कारण लोगों को पानी की किल्लत हो रही है। कोटा और तखतपुर विकासखंड में जल जीवन मिशन के तहत सबसे अधिक काम हुए हैं, लेकिन मस्तूरी और बिल्हा में अभी भी जल जीवन मिशन का काम अधूरा पड़ा हुआ है। अधिकारियों का कहना है कि 2028 तक जल जीवन मिशन 2 के तहत कार्य किए जाएंगे। बिलासुपर में जिन ठेकेदारों ने काम लेकर अब तक शुरु नहीं किया है उसे ब्लैक लिस्ट कर दिया गया है। ग्रामीण अंचलों में जहां जल जीवन मिशन के तहत नल लगाए गए हैं वहां किसी भी तरह से पानी की व्यवस्था की जा रही है, लेकिन गर्मी के दिनों में जल स्तर नीचे चले जाने के कारण पानी की किल्लत होना स्वाभाविक होता है।

जल जीवन मिशन 2, संरक्षण व संवर्धन

पीएचई मुंगेली के कार्यपालन अभियंता कमल कंवर और बिलासपुर के एसडीओ एसके भार्गव ने बताया कि जल जीवन मिशन 2 शुरु हो गई है। इसके तहत जल संरक्षण, संवर्धन के लिए लोगों को जागरुक करेंगे। गर्मी के दिनों में रबी फसल के रुप में किसानों द्वारा धान की फसल ली जाती है जो पानी की भारी किल्लत का कारण है। वहीं मुंगेली में जल जीवन मिशन के तहत पिछले वर्ष जिले के 177 गांवों को चिन्हांकित किया गया था जिन गांवों में पेयजल कि समस्याएं थी जिनसे निपटने के लिए कार्य योजना बनाई जा रही है। आधे-अधूरे नल जल योजना को जल्द पूरा कर लिया जाएगा। बिलासपुर में कई ठेकेदारों ने काम लेकर भी अधूरा छोड़ दिया है जिसे अब विभाग द्वारा नए ठेकेदार को ठेका देकर पूरा करवाया जा रहा है।

दम तोड़ रही केंद्र सरकार की योजना

ग्राम सेतगंगा के सूखे नल, सरकारी वादो की सच्चाई और लापरवाही की कहानी खुद ही बया कर रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि केन्द्र सरकार की बहुप्रतीक्षित योजना विभागीय गलतियों की वजह से दम तोड़ने लगी है। जिले में इस योजना की हालत ऐसी ही हो चली है। गांव में पानी की समस्या से जनता जूझ रही है। जिन ग्रामों में टंकी निर्माण पूर्ण हो चुका है वहॉ लोग पानी पहुंचने का इंतजार कर रहे है। कई ग्रामों में तो टंकी निर्माण हुये दो से तीन साल बीत गये है लेकिन अब तक नल में पानी नही पहुंचा है। गांवों में अगल-अलग समस्या कई ग्रामों में बने टंकी के गुणवत्ता पर भी सवाल खड़े हो रहे है। कई गांव में नये पानी टंकी एवं पाईप लाईन कनेक्शन भ्रष्टाचार की भेट चढ़ गई है। ग्रामवासियों ने पानी टंकी व पाईप कि गुणवत्ता पर प्रश्न चिन्ह लगा रहे है। कई पानी टंकी निर्माण लोकार्पण के पहले सिपेज शुरू हो गया है।

न्यूज गैलरी

वोकेशनल ट्रेनिंग में छात्राओं का गोल्ड व सिल्वर मेडल से सम्मान

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय के अंतर्गत भिलाई स्थित इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में आयोजित सम्मान समारोह में वोकेशनल ट्रेनिंग में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को प्रमाण-पत्र और मेडल प्रदान किए गए। इस अवसर पर शासकीय कन्या पॉलिटेक्निक बिलासपुर की कंप्यूटर साइंस शाखा की छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन कर संस्थान का नाम गौरवान्वित किया। समारोह में पायल केवर्त, आकांक्षा पाल और नेहा बघेल ने प्रथम स्थान (गोल्ड मेडल) प्राप्त किया। वहीं मेघा कौशिक और मनीषा साहू को द्वितीय स्थान पर (सिल्वर मेडल) प्रदान किया गया। प्राचार्य ने कहा कि यह उपलब्धि न केवल संस्था की शैक्षणिक गुणवत्ता को दर्शाती है, बल्कि अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणास्त्रोत है।

एयू में पीजी की परीक्षा 49 केंद्रों में आज से

बिलासपुर/नवप्रदेश। अटल बिहारी वाजपेयी यूनिवर्सिटी वार्षिक पद्धति की परीक्षाएं लेने जा रही है। इसी कड़ी में पीजी की वार्षिक परीक्षाएं 9 मार्च से शुरू होने जा रही है। परीक्षा 49 परीक्षा केंद्रों में होगी। इसमें 14 हजार 238 छात्र परीक्षा देंगे। परीक्षा दो पाली में सुबह 7 से 10 और दोपहर 3 से शाम 6 बजे तक होगी। दोपहर की पाली में राष्ट्रीय शिक्षा नीति की कक्षाएं संचालित होनी है। एकेडमिक कैलेंडर के अनुसार यूनिवर्सिटी परीक्षाएं शुरू कर रही है। शनिवार को यूनिवर्सिटी ने सभी परीक्षा केंद्रों में प्रश्नपत्र भेज दिए हैं। सभी केंद्रों को उत्तरपुस्तिका भी भेजी जा चुकी हैं। परीक्षाओं की निगरानी के लिए दो उड़नदस्ता दल का गठन भी किया जा रहा है।

पत्नी की पीट-पीटकर कर दी हत्या नशे में हुआ था विवाद, पति फरार

__बिलासपुर/नवप्रदेश।__ शहर के सिविल लाइन थाना क्षेत्र में रविवार को दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। नेहरू नगर स्थित एमआईजी-33 में रहने वाली एक महिला की उसके ही पति ने मारपीट कर हत्या कर दी। घटना के बाद आरोपी पति मौके से फरार हो गया, जिसकी तलाश में पुलिस जुट गई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, नेहरू नगर एमआईजी-33 में रहने वाली पुष्प लता यादव 37 वर्ष की उसके पति युवराज यादव 43 वर्ष ने मारपीट कर हत्या कर दी। आरोपी युवराज यादव मूल रूप से मोहन भाटा, कोटा का निवासी बताया जा रहा है और वर्तमान में अपनी पत्नी के साथ बिलासपुर के नेहरू नगर में रह रहा था। बताया जा रहा है कि घटना से पहले मकान मालकिन घर खाली कराने की बात कहने उनके घर पहुंची थी। इसी बात को लेकर पति-पत्नी के बीच विवाद शुरू हो गया। उस समय आरोपी पति नशे की हालत में था और उसने पत्नी से गाली-गलौज शुरू कर दी। विवाद बढ़ने पर आरोपी ने पत्नी के साथ मारपीट शुरू कर दी और उसे घसीटते हुए घर के अंदर ले गया। इसी दौरान उसने बाथरूम के पास पत्नी का सिर जोर से पटक दिया, जिससे उसके सिर और चेहरे पर गंभीर चोट लग गई। गंभीर चोट लगने के कारण महिला की मौके पर ही मौत हो गई। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी पति मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना मिलते ही सिविल लाइन थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि प्रारंभिक जांच में घरेलू विवाद के चलते हत्या की आशंका सामने आई है। फरार आरोपी की तलाश के लिए पुलिस टीम गठित कर दी गई है और जल्द ही उसे गिरफ्तार करने की बात कही जा रही है। मामले की जांच जारी है।

रेलवे में महिला दिवस पर स्पेशल फीचर लॉन्च

बिलासपुर/नवप्रदेश। रेल मंत्रालय ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर अपनी महिला कर्मचारियों की सुरक्षा और सशक्तिकरण के लिए एक महत्वपूर्ण डिजिटल पहल 'स्पेशल' लॉन्च की है। अब रेलवे में कार्यरत महिलाएं कार्यस्थल पर होने वाले यौन उत्पीड़न की शिकायत सीधे एप्लिकेशन के माध्यम से दर्ज करा सकेंगी। मंत्रालय द्वारा जारी सर्कुलर के अनुसार,मॉड्यूल का प्राथमिक उद्देश्य शिकायतों की रिपोर्टिंग को अधिक गोपनीय बनाना और उनके निवारण की प्रक्रिया में तेजी लाना है। महिला कर्मचारी बिना किसी मध्यस्थ के अपनी शिकायत ऑनलाइन दर्ज कर सकती हैं, जो सीधे संबंधित नॉमिनेटेड कमेटी के पास पहुंचेगी। यह सुविधा न केवल नियमित महिला कर्मचारियों के लिए है, बल्कि कॉन्ट्रैक्ट वर्कर, स्टूडेंट्स और बाहरी विजिटर्स भी इसके जरिए अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। कर्मचारी 'एम्प्लॉई सेल्फ सर्विस' के माध्यम से इस मॉड्यूल तक पहुंच सकते हैं।

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवसः दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में महिलाएं निभा रहीं महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां

__बिलासपुर/नवप्रदेश।__ अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में कार्यरत महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका और उनके योगदान को सम्मानपूर्वक स्मरण किया जा रहा है। आज महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी दक्षता, प्रतिबद्धता और नेतृत्व क्षमता का परिचय देते हुए पुरुषों के कंधे से कंधा मिलाकर रेलवे के सुचारु एवं सुरक्षित संचालन में महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में महिलाएँ विभिन्न परिचालन, तकनीकी, प्रशासनिक तथा सेवा क्षेत्रों में अपनी जिम्मेदारियों का सफलतापूर्वक निर्वहन कर रही हैं। रेल संचालन जैसे चुनौतीपूर्ण कार्य में महिलाएँ लोको पायलट के रूप में ट्रेनों का संचालन कर रही हैं, वहीं ट्रेन मैनेजर के रूप में सम्पूर्ण ट्रेन के सुरक्षित और सुव्यवस्थित संचालन की जिम्मेदारी निभा रही हैं। इसके अतिरिक्त टिकट चेकिंग स्टाफ, इंजीनियर, ट्रैक मेंटेनर जैसे तकनीकी क्षेत्रों में भी महिलाएँ सक्रिय रूप से कार्यरत हैं। यात्रियों की सुरक्षा और रेलवे परिसंपत्तियों की संरक्षा के लिए रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) में भी महिला अधिकारी एवं जवान पूरी तत्परता के साथ अपनी सेवाएँ दे रही हैं। स्टेशन परिसरों, ट्रेनों तथा यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने में उनकी भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के अस्पतालों और स्वास्थ्य इकाइयों में कार्यरत महिला डॉक्टर और मेडिकल स्टाफ भी रेलकर्मियों एवं यात्रियों को गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवाएँ प्रदान कर महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के इतिहास में यह भी गौरवपूर्ण तथ्य है कि संगठन के सर्वोच्च पद महाप्रबंधक के रूप में भी एक महिला सफलतापूर्वक अपनी सेवाएँ दे चुकी हैं, जो रेलवे में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी और नेतृत्व क्षमता का सशक्त उदाहरण है। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे अपनी सभी महिला कर्मचारियों के समर्पण, परिश्रम और उपलब्धियों को नमन करता है। उनका योगदान न केवल संगठन को सशक्त बना रहा है, बल्कि समाज में महिलाओं की क्षमता और नेतृत्व की नई मिसाल भी स्थापित कर रहा है।

कार्रवाईः तखतपुर पुलिस की बड़ी कार्रवाई

होली पर शांति भंग करने वाले 12 आरोपी गिरफ्तार

तखतपुर/नवप्रदेश। होली पर्व के दौरान क्षेत्र में मारपीट और लड़ाई-झगड़ा करने वाले 12 आरोपियों को तखतपुर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई करते हुए उन्हें न्यायालय में प्रस्तुत किया है। मिली जानकारी के अनुसार वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बिलासपुर रजनेश सिंह (आईपीएस) के निर्देश पर 4 मार्च को होली पर्व के दौरान मारपीट, विवाद और शांति भंग करने वाले लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के आदेश दिए गए थे। इसी के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) मधुलिका सिंह और अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) कोटा नूपुर उपाध्याय के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी तखतपुर विवेक पाण्डेय के नेतृत्व में पुलिस टीम ने अभियान चलाया।

अलग-अलग प्रतिबंधात्मक धाराओं में की गई कार्रवाई

अभियान के दौरान अलग-अलग 9 प्रकरणों में शामिल 12 आरोपियों को 7 मार्च को गिरफ्तार किया गया। सभी आरोपियों के खिलाफ बीएनएसएस की धारा 170, 126 और 135(3) के तहत पृथक-पृथक प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई और उन्हें कार्यपालक दंडाधिकारी तखतपुर के समक्ष प्रस्तुत किया गया। गिरफ्तार आरोपियों में सलीम जांगड़े, सन्नी जांगड़े (सिरसहा), रामरतन रात्रे, कौशल रात्रे, रोशन रात्रे (लिम्ही), मनोज ढीमर, राजा ढीमर (खम्हरिया), विवेक कश्यप (जरेली), रविशंकर उर्फ नीलमल उर्फ सोकनू, प्रीतम केवट (ढनढन), राजाराम कश्यप और श्यामू साहू उर्फ पप्पू साहू (सिलतरा) शामिल हैं। पुलिस ने बताया कि होली पर्व के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए यह कार्रवाई की गई है तथा भविष्य में भी अशांति फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएंगे।

रतनपुर पुलिस की सख्ती से बढ़ा महिलाओं का भरोसा

रतनपुर/नवप्रदेश। रतनपुर में अवैध शराब के खिलाफ पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अभियान का असर अब गांवों में भी देखने को मिल रहा है। इसी से प्रभावित होकर रतनपुर थाना क्षेत्र के बेलतरा गांव की बड़ी संख्या में महिलाएं शनिवार को रतनपुर थाना पहुंचीं और थाना प्रभारी निलेश पांडे से मुलाकात कर पुलिस द्वारा लगातार सख्ती से कार्यवाही से क्षेत्र में पुलिस के प्रति विश्वास बढ़ा है। महिलाओं ने बताया कि रतनपुर थाना प्रभारी निलेश पांडे के नेतृत्व में थाना क्षेत्र के कई गांवों में महिलाओं की टीम बनाकर अवैध शराब के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। इन टीमों के माध्यम से महिलाएं अवैध शराब बेचने वालों की जानकारी पुलिस को दे रही हैं, जिसके बाद पुलिस द्वारा कार्रवाई की जा रही है। इस पहल के चलते कई गांवों में अवैध शराब की बिक्री बंद हो चुकी है।

सुविचार

दर्द ढूंढ ही लेता है रोज मुझे किसी न किसी बहाने से,
कम्बख्त वाकिफहो गया है मेरे हर ठिकाने से : अज्ञात

बिहार से नीतीश बाबू की बिदाई

बिहार की राजनीति के चाणक्य कहे जाने वाले नीतीश कुमार की आखिरकार बिहार की राजनीति से बिदाई तय हो गई है। उन्होंने खुद ही राज्यसभा में जाने की ईच्छा व्यक्त करके भाजपा की राह आसान कर दी है। नीतीश कुमार की जगह अब उनके बेटे निशांत कुमार सक्रिय राजनीति में उतरने जा रहे हैं। अभी तक वे राजनीति से दूर थे लेकिन अब वे जदयू की सदस्यता लेकर नीतीश कुमार द्वारा खाली की जा रही बिहार विधान परिषद की सीट से विधायक बन जाएंगे और संभवतः उन्हें बिहार का नया उपमुख्यमंत्री बनाया जाएगा। जाहिर है बिहार का नया उपमुख्यमंत्री ही बनेगा। इसके लिए विभिन्न नेताओं के नामों की अटकलें लगाई जा रही हैं। भाजपा जिस तरह चौकाने वाले फैसले लेती है उसे देखते हुए नीतीश कुमार की जगह बिहार के नए मुख्यमंत्री के रूप में कोई नया नाम ही सामने आस सकता है। जहां तक नीतीश कुमार का प्रश्न है तो उन्हेंने बिहार की राजनीति में आपातकाल के बाद समाजवादी के नेता के रूप में पर्दापण किया था फिर उन्होंने जदयू का किया और बीस साल तक बिहार के मुख्यमंत्री पद पर रह कर नया कीर्तिमान रचा। उन्होंने अपने 20 साल के मुख्यमंत्रित्व काल में दस बार मुख्यमंत्री बनने का भी अनुठा कीर्तिमान रचा है जिसे भविष्य में शायद ही कोई तोड़ पाये। इसके वजह यह रही है कि मौका देखकर नीतीश कुमार पलटी मार देते थे। कभी भाजपा के साथ गठजोड़ करते थे तो कभी राष्ट्रीय जनता दल के साथ हाथ मिला थे इसी वजह से उन्हें राष्ट्रीय जनता दल के नेता उन्हें पलटूराम कहकर उनका मजाक उड़ाते थे किन्तु इससे नीतीश कुमार को कोई फ्रक नहीं पड़ता था। वे अपने शर्तों पर राजनीति करते रहे हैं। बीते कुछ समय से उनकी सेहत अब उनका साथ नहीं दे रही थी। जिसकी वजह से यह माना जा रहा था कि बिहार विधानसभा चुनाव के बाद उनकी बिहार की राजनीति से बिदाई हो जाएगी और वे केन्द्र में चले जाएंगे। अंततः वही हुआ और अब नीतीश कुमार ने राज्यसभा के लिए अपना नामांकन दाखिल कर दिया है। नीतीश कुमार जैसे वरिष्ठ नेता की बिहार की राजनीति से ऐसी ही सम्मानजनक बिदाई अपेक्षित थी। अब देखना होगा कि भाजपा बिहार की कमान किसे सौंपती है और नीतीश कुमार के बेटे निशांत कुमार बिहार की राजनीति में उनके पिता के केन्द्र में जाने से उत्पन्न हुई शून्यता को भर पाने में कितने सफल होते हैं। गौरतलब है कि नीतीश कुमार राजनीति में परिवारवाद के घोर विरोधी रहे हैं और उन्होंने अपने बेटे निशांत कुमार को भी अब तक राजनीति से दूर रखा हुआ था किन्तु जदयू के कार्यकर्ताओं की मांग के आगे झुकते हुए उन्होंने अपनी जगह अपने बेटे को राजनीति में लाने का फैसला ले लिया। यह जरूरी भी था। क्योंकि नीतीश कुमार के केन्द्रीय राजनीति में जाने के बाद बिहार में जदयू के टूटने और बिखरने का खतरा पैदा हो गया था। खासतौर पर राष्ट्रीय जनता दल तो जदयू के नेताओं को अपने पाले में लाने की पहले से ही कवायद कर रही है। ऐसे में निशांत कुमार के सक्रिय राजनीति में आने से और उनके उपमुख्यमंत्री बन जाने से जदयू को मजबूती मिलेगी। वैसे भी नीतीश कुमार ने केन्द्रीय राजनीति में जाने का फैसला लेने के बाद अपने पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं को आस्वस्थ किया है कि वे केन्द्रीय राजनीति में रहने के बावजूद वे बिहार पर नजर रखेंगे। अब देखना यह होगा कि राज्यसभा सदस्य बनने के बाद नीतीश कुमार को क्या केन्द्रीय मंत्रीमंडल में शामिल किया जाता है। या राज्यसभा का उपसभापति बनाया जाता है। वैसे उम्मीद की जा रही है कि नीतीश कुमार की केन्द्र में दूसरी पारी भी सफल रहेगी पूर्व में वे तात्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेई की सरकार में केन्द्रीय मंत्री रह चुके हैं। किन्तु अब उनका स्वास्थ साथ नहीं दे रहा है ऐसे में वे मोदी मंत्रिमंडल में अपनी जिम्मेदारी का निर्वाहन शायद ही कर पाएं। ज्यादा संभावना इस बात की है कि उन्हें राज्यसभा का उपसभापति बनाया जाये।

महेन्द्र तिवारी

नीतीश कुमार होना आसान नहीं है

भारतीय राजनीति के फलक पर नीतीश कुमार एक ऐसी पहेली हैं, जिसे सुलझाने का दावा हर कोई करता है, लेकिन पूरी तरह कोई समझ नहीं पाता। एक ऐसा नेता, जिसके पास लालू प्रसाद यादव जैसा नैसर्गिक करिश्मा नहीं है, न ही उनके पास भाजपा जैसा विशाल सांगठनिक ढांचा है, फिर भी वह साल-दर-साल बिहार की सत्ता की धुरी बने हुए हैं। यह राजनीतिक उत्तरजीविता का ऐसा उदाहरण है, जो राजनीति विज्ञान के छात्रों के लिए किसी शोध से कम नहीं। नीतीश कुमार के व्यक्तित्व को समझने के लिए हमें उस दौर में पीछे जाना होगा, जब बिहार 'जंगलराज' के तमगे से जूझ रहा था।

2005 में जब उन्होंने सत्ता संभाली, तो उनके सामने एक ऐसा राज्य था जिसकी सड़कें गायब थीं, जहां शाम ढलते ही लोग घरों में दुबक जाते थे और जहां विकास की परिभाषा केवल सरकारी विज्ञापनों तक सीमित थी। उस समय नीतीश कुमार ने 'सुशासन बाबू' की जो छवि गढ़ी, वह रातों-रात नहीं बनी थी। उसके पीछे दशकों का संघर्ष और समाजवाद की वह विचारधारा थी, जिसे उन्होंने राम मनोहर लोहिया और जयप्रकाश नारायण से सीखा था। नीतीश कुमार होना इसलिए कठिन है क्योंकि उन्हें हर कदम पर एक संतुलन साधना पड़ता है एक तरफ अपनी समाजवादी साख बचाए रखने की चुनौती और दूसरी तरफ सत्ता के समीकरणों को साधने की मजबूरी।

उनकी राजनीति का सबसे दिलचस्प और विवादित पहलू उनका पाला बदलना रहा है। आलोचक उन्हें 'पलटू राम' कहते हैं, लेकिन अगर इसे गहराई से देखें, तो यह एक ऐसे नेता की छटपटाहट भी हो सकती है जो अपने एजेंडे को लागू करने के लिए किसी भी हद तक समझौता करने को तैयार है। क्या यह सत्ता का लालच है या बिहार के विकास की मजबूरी? इस पर बहस अंतहीन हो सकती है, लेकिन एक सच यह भी है कि नीतीश कुमार ने कभी भी अपनी व्यक्तिगत ईमानदारी और छवि पर दाग नहीं लगने दिया। भारतीय राजनीति में जहां भ्रष्टाचार एक सामान्य शिष्टाचार बन गया हो, वहां एक मुख्यमंत्री का बेदाग बने रहना वाकई आसान नहीं है। उनकी ताकत उनके वोट बैंक में नहीं, बल्कि उनकी कार्यशैली में रही है। उन्होंने बिहार में एक नया वर्ग तैयार किया 'मौन मतदाता'। इसमें महिलाएं और अति पिछड़े वर्ग शामिल हैं। जब नीतीश ने लड़कियों को साइकिल दी, तो वह केवल एक वाहन नहीं था, वह बिहार की आधी आबादी के लिए आजादी का परवाना था। सड़क पर साइकिल चलाती उन लड़कियों ने बिहार के सामाजिक ढांचे को बदल दिया। नीतीश कुमार को पता था कि अगर उन्हें बड़े जनाधार वाले नेताओं से लड़ना है, तो उन्हें समाज के उन हिस्सों तक पहुंचना होगा जिन्हें अब तक राजनीति में केवल 'नंबर' समझा जाता था।

नीतीश कुमार का शासन मॉडल अक्सर नौकरशाही पर बहुत अधिक निर्भर रहा है। उनके बारे में कहा जाता है कि वे राजनेताओं से ज्यादा अफसरों पर भरोसा करते हैं। यह उनकी ताकत भी रही और कमजोरी भी। ताकत इसलिए क्योंकि इसने योजनाओं को धरातल पर उतारने में मदद की,

और कमजोरी इसलिए क्योंकि इसने उन्हें अपनी ही पार्टी के नेताओं से दूर कर दिया। एक अकेला नेता जो अपनी शर्तों पर सरकार चलाना चाहता है, उसके लिए गठबंधन की राजनीति किसी जलती हुई मोमबत्ती को दोनों सिरों से पकड़ने जैसा है। कभी भाजपा का हिंदुत्व, तो कभी राजद का 'माय' समीकरण इन दो पाटों के बीच अपनी 'धर्मनिरपेक्ष' और 'विकासवादी' छवि को बचाए रखना किसी बाजीगर का ही काम हो सकता है। नीतीश कुमार ने बिहार को बिजली दी, सड़कें दीं और शराबबंदी जैसा साहसी (भले ही विवादास्पद) फैसला लिया। शराबबंदी के पीछे का तर्क विशुद्ध रूप से सामाजिक था, जो उनके महिला वोट बैंक को मजबूती देता था। हालांकि, इसके क्रियान्वयन में हुई विफलताओं ने उनकी प्रशासनिक साख पर सवाल भी उठाए, लेकिन नीतीश अपनी जिद पर अड़े रहे। यह जिद ही उन्हें खास बनाती है और यही उनके लिए मुश्किलें भी खड़ी करती है।

नीतीश कुमार के राजनीतिक सफर का एक और पहलू उनकी 'तन्हाई' है। वे एक ऐसे मुख्यमंत्री हैं जिनके पास अपनी पार्टी जेडीयू के भीतर भी कोई स्पष्ट उत्तराधिकारी नहीं है। वे एक ऐसे बरगद के पेड़ की तरह हैं जिसकी छाया तो बहुत है, लेकिन उसके नीचे दूसरा कोई पौधा नहीं पनप पाया। यह स्थिति एक नेता के लिए असुरक्षा का कारण भी बन सकती है और उसकी अपरिहार्यता का प्रमाण भी। आज के दौर में जब राजनीति सोशल मीडिया के शोर और इवेंट मैनेजमेंट से चलती है, नीतीश कुमार अभी भी पुराने ढर्रे की उस गंभीर राजनीति में विश्वास रखते हैं जहां फाइलों का अध्ययन और आंकड़ों की बाजीगरी प्राथमिक होती है। वे एक 'मैकेनिकल इंजीनियर' हैं और उनकी राजनीति में भी वही इंजीनियरिंग साफदिखती है। वे जानते हैं कि किस पुर्जे को कब और कहां फिट करना है ताकि सत्ता की मशीन चलती रहे। लेकिन इस मशीन को चलाने की कीमत उन्हें अपनी साख की अस्थिरता से चुकानी पड़ी है। जनता के बीच उनकी विश्वसनीयता का ग्राफकभी ऊपर तो कभी नीचे जाता रहा है, फिर भी वे प्रासंगिक बने रहे।

नीतीश कुमार होना इसलिए भी मुश्किल है क्योंकि उनके ऊपर हमेशा एक 'बड़े भाई' की छाया रही है। कभी वह छाया लालू प्रसाद यादव की थी, तो कभी भाजपा के शीर्ष नेतृत्व की। इस छाया से बाहर निकलकर अपनी स्वतंत्र पहचान बनाए रखना और यह सुनिश्चित करना कि बिहार की बागडोर उन्हीं के हाथ में रहे, एक निरंतर चलने वाला युद्ध है। उन्होंने बिहार को उस हीन भावना से बाहर निकाला जो 90 के दशक के अंत में घर कर गई थी। उन्होंने 'बिहार गौरव' की बात की, प्रवासी बिहारियों को वापस आने का न्योता दिया और राज्य के बजट को कई गुना बढ़ाया। लेकिन इन सबके बावजूद, पलायन और बेरोजगारी जैसे राक्षसों को वे पूरी तरह काबू नहीं कर पाए। यह उनकी राजनीति की एक दुखद विडंबना है कि जिस राज्य को उन्होंने विकास की पटरी पर दौड़ाने की कोशिश की, वहां का युवा आज भी रोजगार के लिए दूसरे राज्यों की ओर देखने को मजबूर है। एक मुख्यमंत्री के रूप में इस विफलता का बोझ ढोना और फिर भी यह कहना कि सब ठीक है, वाकई आसान नहीं है।

योगेश कुमार गोयल

बलात्कार और हिंसा पर कब टूटेगी समाज की चुप्पी?

दुनियाभर में प्रतिवर्ष 8 मार्च को 'अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस' मनाया जाता है, जो सही मायनों में महिलाओं की सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक उपलब्धियों का जश्न मनाने वाला एक वैश्विक दिवस है। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के लिए इस साल की थीम है 'अधिकार, न्याय और कार्रवाई: सभी महिलाओं और लड़कियों के लिए', जो महिलाओं के लिए नए अवसर सृजित करने और लैंगिक समानता को तेजी से लागू करने पर केंद्रित है। यह दिन लैंगिक समानता में तेजी लाने के लिए कार्रवाई के आह्वान का भी प्रतीक है। हालांकि चिंता का विषय यही है कि जिस 'आधी दुनिया' के प्रति सम्मान प्रदर्शित करने के लिए यह दिवस मनाया जाता है, उसी आधी दुनिया को जीवन के हर मोड़ पर भेदभाव या अपराधों का सामना करना पड़ता है।

यदि इसे भारत के ही संदर्भ में देखें तो शायद ही कोई दिन ऐसा बीतता हो, जब 'आधी दुनिया' से जुड़े अपराधों के मामले देश के कोने-कोने से सामने न आते हों। होता सिर्फ यही है कि जब भी कोई बड़ा मामला सामने आता है तो हम सिर्फपुलिस-प्रशासन को कोसने और संसद से लेकर सड़क तक कैंडल मार्च निकालने या अन्य किसी प्रकार से विरोध प्रदर्शन करने की रस्म अदायगी करके शांत हो जाते हैं और पुनः तभी जागते हैं, जब ऐसा ही कोई बड़ा मामला पुनः सुर्खियां बनता है, अन्यथा ऐसी छोटी-मोटी घटनाएं तो आए दिन होती ही रहती हैं।

देश में कानूनों में सख्ती, महिला सुरक्षा के नाम पर बीते कुछ वर्षों में कई तरह के कदम उठाने और समाज में 'आधी दुनिया' के आत्मसम्मान को लेकर बढ़ती संवेदनशीलता के बावजूद आखिर ऐसे क्या कारण हैं कि बलात्कार के मामले हों या छेड़छाड़ अथवा मर्यादा हनन या फिर अपहरण अथवा क्रूरता, 'आधी दुनिया' के प्रति अपराधों का सिलसिला थम नहीं रहा है? इसका एक बड़ा कारण तो यही है कि कड़े कानूनों के बावजूद असामाजिक तत्वों पर वो कड़ी कार्रवाई नहीं हो रही है, जिसके वो हकदार हैं और इसके अभाव में हम ऐसे अपराधियों के मन में भय पैदा करने में असफल हो रहे हैं। कहना गलत नहीं होगा कि महज कानून कड़े कर देने से ही महिलाओं के प्रति हो रहे अपराध थमने से रहे, जब तक उनका ईमानदारीपूर्वक कड़ाई से पालन न किया जाए। ऐसे मामलों में पुलिस-प्रशासन की भूमिका भी अनेक अवसरों पर संदिग्ध रहती है। पुलिस किस प्रकार ऐसे अनेक मामलों में पीड़िताओं को ही परेशान करके उनके जले पर नमक छिड़कने का कार्य करती है, ऐसे उदाहरण अक्सर सामने आते रहे हैं। ऐसी परिस्थितियों के मद्देनजर अपराधियों के मन में पुलिस और कानून का भय कैसे उत्पन्न होगा और कैसे महिलाओं के प्रति हो रहे अपराधों में कमी की उम्मीद की जाए? जरूरत इस बात की महसूस की जाने लगी है कि पुलिस को लैंगिक दृष्टि से संवेदनशील बनाया जाए ताकि पुलिस पीड़ित पक्ष को पर्याप्त संबल प्रदान करे और पीड़िताएं अपराधियों के खिलाफ

खुलकर खड़ा होने की हिम्मत जुटा सकें, साथ ही जांच एजेंसियों और न्यायिक तंत्र से भी ऐसे मामलों में तत्परता से कार्रवाई की अपेक्षा की जानी चाहिए। ऐसी घटनाओं पर अंकुश के लिए समय की मांग यही है कि सरकारें मशीनरी को चुस्त-दुरूस्त बनाने के साथ-साथ प्रशासन की जवाबदेही सुनिश्चित करें कि यदि उनके क्षेत्र में महिलाओं के प्रति हो रहे अपराधों के मामलों में कानून का अनुपालन सुनिश्चित नहीं हुआ तो उन पर सख्त कार्रवाई की जाए।

दिनदहाड़े सामने आती छेड़छाड़, अपहरण, बलात्कार या सामूहिक दुष्कर्म जैसी घटनाएं सभ्य समाज के माथे पर बदनुमा दाग के समान हैं और यह कहना असंगत नहीं होगा कि महज कड़े कानून बना देने से ही महिला उत्पीड़न की घटनाओं पर अंकुश नहीं लगने वाला। आए दिन देशभर में हो रही इस तरह की घटनाएं हमारी सभ्यता की पोल खोलने के लिए पर्याप्त हैं। इस तथ्य को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता कि बलात्कार और छेड़छाड़ के आए दिन जो मामले सामने आ रहे हैं, उनमें बहुत से ऐसे भी होते हैं, जिनमें पीड़िता के परिजन, निकट संबंधी या परिचित ही आरोपी होते हैं। दिल्ली पुलिस द्वारा जारी आंकड़ों में तो यहां तक कहा जा चुका है कि करीब 97 फीसदी मामलों में महिलाएं अपनों की ही शिकार होती हैं और यह समस्या सिर्फदिल्ली तक ही सीमित नहीं है बल्कि महिला अपराधों के मामले में पूरी दुनिया की यही तस्वीर है। जहां देश में हर 53 मिनट में एक महिला यौन शोषण की शिकार होती है और हर 28 मिनट में अपहरण का मामला सामने आता है, वहीं संयुक्त राष्ट्र के आंकड़ों के अनुसार दुनिया में प्रत्येक तीन में से एक महिला का कभी न कभी शारीरिक शोषण होता है। दुनिया में करीब 71 फीसदी महिलाएं शारीरिक मानसिक प्रताड़ना अथवा यौन शोषण व हिंसा की शिकार होती हैं, दक्षिण अफ्रीका में हर छह घंटे में एक महिला को उसके साथी द्वारा ही मौत के घाट उतार दिया जाता है और अमेरिका में भी इसी प्रकार कई महिलाएं हर साल अपने ही परिचितों द्वारा मार दी जाती हैं।

जहां तक पीड़िताओं को न्याय दिलाने की बात है तो इसके लिए फास्ट ट्रैक कोर्ट की मांग काफी समय से उठती रही है किन्तु हमारा सिस्टम कछुआ चाल से रेंग रहा है। ऐसे मामलों में कठोरता बरतने के साथ-साथ त्वरित न्याय प्रणाली की भी सख्त जरूरत है ताकि महिला अपराधों पर अंकुश लग सके। आज अगर समाज में शिक्षा के प्रचार-प्रसार के बावजूद महिलाओं के प्रति अपराध और संवेदनहीनता के मामले बढ़ रहे हैं तो हमें यह जानने के प्रयास करने होंगे कि कमी हमारी शिक्षा प्रणाली में है या कारण कुछ और हैं। ऐसे कृत्यों में लिप्त रहने वाले लोगों की कुंठित मानसिकता के कारणों की पड़ताल करना भी बहुत जरूरी है, साथ ही सामाजिक मूल्यों का विकास करने के लिए विद्यालयों में नैतिक शिक्षा को लागू करना और छात्रों को अच्छा साहित्य पढ़ने के लिए प्रेरित करना समय की मांग है ताकि युवाओं की नकारात्मक सोच को परिवर्तित करने में मदद मिल सके, जिससे स्थिति में सुधार की उम्मीद की जा सके।

सद्गुरू बोधामृतम्

सदगुरू ऋतेश्वर

- आनंदपूर्ण जीवन जैसे जी सकते हो जीना !!
- मोह जब दफ्न होगा तो प्रेम का अंकुरण होगा, प्रेम का विकास होगा और प्रेम से परिचय होगा।
- प्रेमा भक्ति में कोई नियम नहीं होता इसीलिए तो शबरी के झूठे बेर खा गए। प्रेमा भक्ति सर्वश्रेष्ठ है।
- अगर बचपन से सीखे हो तो वह बुढ़ापे तक, मरते-मरते तक भी जाएगी नहीं। जो बचपन में सीखा हुआ ज्ञान होता है वो मरता नहीं वो बढ़ता ही जाता है ब्याज के साथ इसलिए शिक्षा को बचपन से ही सही रखिए।

आज का इतिहास

नई दिल्ली वार्ता। 1999 - ब्रिटिश उद्योगपति स्वराज पाल को सेंट्रल बर्मिंघम विश्वविद्यालय द्वारा डॉक्टरेट की मानद उपाधि प्रदान की गयी, फ़्रांसिस्को फ़्लोरेस अल सल्वाडोर (द. अमेरिका) के राष्ट्रपति चुने गये। 2003 - पेरू के पूर्व राष्ट्रपति अलवर्टो फूजीमोरी के ख़िलाफ़ इंटरपोल ने गिरफ़्तारी का वारंट जारी किया। 2004 - पाकिस्तान ने 2000 किमी. की मारक क्षमता वाले सतह तक मार करने वाले 'शाहीन-2' (हत्फ-6) प्रक्षेपास्त्र का सफल परीक्षण किया। 2005 - थाक्सिन शिनवात्रा दूसरे कार्यकाल के लिए थाइलैंड के प्रधानमंत्री चुने गये। 2007 - ब्रिटेन में भारतीय डॉक्टरों को भेदभाव वाले प्रवासी नियमों पर क़ानूनी कामयाबी मिली। 2008 - गोवा के राज्यपाल एस.सी.जमीर ने महाराष्ट्र के राज्यपाल का अतिरिक्त कार्यभार ग्रहण किया। मलेशिया में हुए संसदीय चुनाव में पूर्व प्रधानमंत्री अब्दुल्ला अहमद बदावी पराजित हुए। 2009 - तमिलनाडु ने पश्चिम बंगाल को 66 रनों से पराजित कर विजय हरारे ट्राफी जीती। 2018 - बिप्लब कुमार देब ने भारतीय राज्य त्रिपुरा के दसवें मुख्यमन्त्री के रूप में शपथ ली।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

नई डकैती नए- नए धंधे पे है। सभी मोबाइल चोरो के फंदे पे है द्य दीवारे बस छत का बोझ उठाती है। घर का बोझ तो आदम के कंधे पे है द्य रॉयल कारें, महंगे- महंगे फोन सभी द्य सब बैंक से लॉन लिए चंदे पे है। सबके तन की मिट्टी राख बनेगी ही। पुस्तों तक की राख माँ गंगे पे है। दो रोटी पे मक्खन चीख के कहता है। अब तो नज़र ऐट पी एम खंभे पे है। शासन- सत्ता ,चोर - डकैत नेता जी। इन सबका जोर वर्दी के डंडे पे है। बादल,बरखा,आंधी, तूफ़ां रोक सके। इतनी हिम्मत यार किस बंदे पे है। - **विवेक 'बादल' बाज़पुरी**

जीवन का हर पल अमूल्य है और कई बार हम उसे या तो पछतावे मे बिताते हैं या तो किसी चिंता मे कभी अपने अतीत से भागने मे... या तो कभी भविष्य के पीछे दौड़ने मे अपने आपको खो देते हैं ज़िम्मेदारियों के बोझ तले दबा देते हैं... पर सच तो यही है के जो अब है बस अभी ही है... जो बीत चूका वो याद है और जो अब आने वाला है वो कल्पना...। - **भागीरथी सिंह**

उड़ने की कोशिश में,जब भी, भूतल खिसका पाँव तले.... तुमने दी है मुझे जमीन... देखा जितना तुमको प्रिय, उतनी हुई मैं और नवीन.... काम नहीं जो किया कभी, और चाह रही मन में करने की... तुमने ही तो किया प्रवीण... जाना जितना तुमकी प्रिय.... उतनी हुई मैं और नवीन.... ज्यों-ज्यों तुमने सीरत पहचानी, रंग-रूप सूरत पर आया.... तुमने ही तो किया हसीन.... पाया जितना तुमको प्रिय, उतनी हुई मैं और नवीन...।

- **अलका अग्रवाल**

रंग कितना जमा लिया तुमने अपना चक्कर चला लिया तुमने शायरी छप रही किताबों में खुद को शायर बना लिया तुमने हर तरफ़ बस तुम्हारे चर्चे हैं नाम इतना कमा लिया तुमने क्या हुआ है ज़रा बताओ तो जो गगन सिर उठा लिया तुमने एक खूबी तुम्हारी है 'संजय' हाथ सबसे मिला लिया तुमने। - **संजय कुमार गिरि**

दूरियाँ दिल की मिटें, हर कहीं अनुराग हो! न द्वेष हो, न राग हो, ऐसा यहाँ पर *फाग* हो !! फीके न पड़ें कभी,आपकी जिंदगी के *रंग* !! आप हमेशा मुस्कुराते रहें, अपनों के संग !! जीवन में उल्लास हो, लबों पर मीठी बोली हो !! ईश्वर करें आपकी जिंदगी का, हर लम्हा *होली* हो !!

- **संध्या शर्मा**

एक दिन भारत विश्व युद्ध के नाम पर साम्प्रदायिक युद्ध में झुलसकर विध्वंसकारी रूप में बदल जाएगा। ईरान और अमेरिका के लिए दो खेमे में बदले हुए लोगों को देखकर युद्ध में जीत हार नहीं होती केवल नरसंहार और विध्वंस होता है। सभ्यताएं नष्ट होती है। - **अनामिका चक्रवर्ती**

कुछ पुरुष प्रेम का शोर नहीं करते न बड़े-बड़े वादे करते हैं। वे बस चुपचाप हर मुश्किल में साथ खड़े रहते हैं, और पूरी उम्र निभा जाते हैं। क्योंकि सच्चा प्रेम कहने से नहीं निभाने से पहचाना जाता है।

- **रेनु सिंघल**

राशि फल

पं. देवव्रत शर्मा

मेषः मेष राशि वालों आज आपका दिन धार्मिक आस्था और परोपकार के कार्यों में बीतेगा। किसी भी काम को करते समय अपना मन शांत रखें।

वृषः वृष राशि वालों आज के दिन नई उर्जा से भरपूर रहेंगे। आपमें एक नई उमंग और खुशी रहेगी। आज आपको काम को पूरा करने के लिये कड़ी मेहनत करनी होगी।

मिथुनः मिथुन राशि वालों आज आपका दिन आपके लिए बेहतरीन रहने वाला है। व्यापार में आज आपको उम्मीद से अधिक फायदा होगा। आज घर में माता पिता के सहयोग से आपका मनोबल बढ़ेगा।

कर्कः कर्क राशि वालों आज आपका दिन ठीक-ठाक रहेगा। आज आप अपने व्यवहार को निखारने की कोशिश करेंगे।

सिंहः सिंह राशि वालों आज आपका दिन रहने वाला है। आज आपकी कार्य योजनाओं से लोग जल्द ही सहमत होगें। आज आपके पारिवारिक रिश्तों में मधुरता बढ़ेगी।

कन्या : कन्या राशि वालों आज आपका दिन घूमने फिरने में अधिक बीतेगा। परिवार वालों की सलाह आपके लिए कारगर सिद्ध हो सकती। आज आप ऑफिस में किसी रुके हुए काम को सहकर्मियों की मदद से समय पर पूर्ण कर लेंगे।

तुलाः तुला राशि वालों आज आपका दिन अच्छा रहेगा। कॉन्ट्रैक्टर्स को अच्छा खासा धनलाभ हो सकता है, यह आपके लिए आने वाले समय में बहुत फायदेमंद रहेगा।

वृश्चिक : वृश्चिक राशि वालों आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। आज इष्ट मित्र आपसे मिलने आपके घर आ सकता है जिसे सामने देखकर आपको यकीन नहीं होगा, मित्र से कुछ निजी समस्याओं पर बात करके आपको हल्का महसूस होगा।

धनुः धनु राशि वालों आज आपका दिन लाभदायक रहेगा। आपका धन कहा खर्च हो रहा है इस पर आपको नजर बनाये रखने की जरूरत है नहीं, तो भविष्य में आपको आर्थिक तंगी का सामना करना पड़ सकता है।

मकर : मकर राशि वालों आज आपका दिन आपके परिवार के लिए नई खुशियाँ लेकर आया है। आप परिवारवालों के साथ ज्यादा वक्त बिताएंगे। आज आपके लिए फैसला करना थोड़ा मुश्किल हो सकता है।

कुंभः आपका दिन शानदार रहने वाला है। आप किसी रिश्तेदार से मिलने उनके घर भी आज जा सकते हैं। महिलाओं के लिए आज का दिन बेहद ख़ास रहने वाला है।

मीनः मीन राशि वालों आज आपका दिन कॉन्फिडेंस से भरा रहेगा। धार्मिक कार्यों के प्रति आस्था व विश्वास से आगे बढ़ेंगे। अगर आज आप अपने कामों में जल्दबाजी दिखाने से बचेंगे तो आगे आने वाली किसी समस्या से बच जायेंगे।

QUIZ TIME

1) भारत के कौन प्रधानमंत्री मांडा के 41 वें राजा बहादुर थे?

2) बीच गेम्स 2024 कहाँ आयोजित किया गया?

3) 12 जनवरी 2024 को जापानी सरकार द्वारा लॉन्च किए गए सूचना संग्रह उपग्रह का क्या नाम है?

4) विश्व का पहला समाचार पत्र किसने प्रकाशित किया?

5) हाल ही में जिनका निधन हुआ, जोधैया बाई किस भारतीय जनजातीय समुदाय से संबंधित थीं?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) विश्वनाथ प्रताप सिंह (2) दीव (3) ऑप्टिकल-8 (4) जोहान कैरोलस (5) बैगा जनजाति

पहेली

शब्द सामर्थ्य -336

पुरातत्वीय धरोहरों के संरक्षण में जनभागीदारी बढ़ाने की पहल, तीन दिनों तक मंथन

■ जिला पुरातत्त्वीय संघों के गठन पर तीन दिवसीय कार्यशाला शुरू

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश की पुरातत्त्वीय धरोहरों के संरक्षण, संवर्धन और जनभागीदारी को सुदृढ़ बनाने की दिशा में संस्कृति विभाग द्वारा एक महत्वपूर्ण पहल की गई है। संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल के निर्देश पर संस्कृति विभाग अंतर्गत पुरातत्त्व, अभिलेखागार एवं संग्रहालय संचालनालय, रायपुर द्वारा 'जिला पुरातत्त्वीय संघों के निर्माण एवं कार्यविधियाँ' विषय पर तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यशाला 07 से 09 मार्च 2026 तक महंत घासीदास स्मारक संग्रहालय, सिविल लाइन्स, रायपुर में आयोजित की जा रही है।

कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य राज्य के विभिन्न जिलों में जिला पुरातत्त्वीय संघों के गठन, उनके कार्य एवं दायित्वों को स्पष्ट करना तथा पुरातत्त्वीय धरोहरों के संरक्षण में उनकी सक्रिय भूमिका सुनिश्चित करना है। इस आयोजन के माध्यम से जिला स्तर पर पुरातत्त्वीय धरोहरों के संरक्षण के लिए एक मजबूत संस्थागत ढांचा तैयार करने और स्थानीय स्तर पर जनसहभागिता को प्रोत्साहित करने का प्रयास किया जा रहा है। कार्यशाला के दौरान पुरातत्त्व, संग्रहालय प्रबंधन तथा विरासत संरक्षण से जुड़े विशेषज्ञों द्वारा विभिन्न तकनीकी सत्रों का आयोजन किया जा रहा है। इन सत्रों में जिला पुरातत्त्वीय संघों के प्रतिनिधियों को प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है, ताकि वे अपने-अपने जिलों में धरोहर संरक्षण से जुड़े कार्यों को अधिक प्रभावी ढंग से संचालित कर सकें।

प्रथम तकनीकी सत्र में संग्रहालयों के संचालन में जिला पुरातत्त्वीय संघों की भूमिका विषय पर मुख्य व्याख्यान प्रो. आर. एन. विश्वकर्मा, सेवानिवृत्त प्राध्यापक एवं पूर्व विभागाध्यक्ष, प्राचीन भारतीय इतिहास, संस्कृति एवं पुरातत्त्व, इंदिरा कला एवं संगीत विश्वविद्यालय द्वारा दिया गया। उन्होंने अपने व्याख्यान में संग्रहालयों के सुचारु संचालन, स्थानीय समुदाय की भागीदारी तथा पुरातत्त्वीय धरोहरों के संरक्षण में जिला स्तर के संगठनों की महत्ता पर विस्तार से प्रकाश डाला।

इसके बाद आयोजित परिचर्चा सत्र में राज्य के विभिन्न जिलों से आए प्रतिनिधियों ने अपने-अपने क्षेत्रों में जिला पुरातत्त्वीय संघों के माध्यम से संचालित गतिविधियों की जानकारी साझा की। साथ ही उन्होंने कार्यान्वयन के दौरान आने वाली चुनौतियों और समस्याओं पर भी चर्चा की, जिन पर विशेषज्ञों ने व्यावहारिक और समाधानकारी सुझाव प्रस्तुत किए।

पुरातत्त्व, अभिलेखागार एवं संग्रहालय संचालनालय के संचालक विवेक आचार्य ने बताया कि इस कार्यशाला के माध्यम से जिला स्तर पर पुरातत्त्वीय धरोहरों के संरक्षण के लिए संस्थागत व्यवस्था को मजबूत करने के साथ-साथ स्थानीय समुदायों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण प्रयास किए जा रहे हैं। इससे प्रदेश की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक धरोहरों के संरक्षण को नई गति मिलेगी।

न्यूज गैलरी

धान घोटाला छिपाने पहले मुसवा को बदनाम किये, अब पानी डाल रहे

रायपुर/नवप्रदेश। भाजपा सरकार पर धान घोटाला करने का आरोप लगाते हुए प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि भाजपा सरकार के सवा दो साल में खरीफ सीजन में धान खरीदी के बाद घोटाला किया जा रहा अन्नदाताओं की मेहतन को पानी में भीगकर घोटाला छिपाया जा रहा है। पीछे खरीफ सीजन में हुई करोड़ो रूपया की धान घोटाला की जिम्मेदरीं मुसवा के ऊपर डालकर किसानों का ध्यान घोटाला से हटाने का प्रयास किया गया। अब पानी मे भींगकर धान का वजन बढ़ाकर घोटाला पर लीपापोती की जा रही है। प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि भाजपा सरकार का मूल चरित्र कमीशनखोरी और भ्रष्टाचार करना है, इसके लिए वो किस हद तक गिर सकते है उसका नमूना किसान देख रहे है। धान खरीदी के समय भाजपा के नेता दूसरे प्रदेश से धान लाकर धान बेचे, किसानों की हक को डाका डाले। किसानों की रकबा सरेंडर किया गया, टोकन नही दिया गया। इससे 5 लाख से अधिक किसान धान नहीं बेच पाये। प्रदेश के किसी भी किसान से प्रति एकड़ 21 किवंटल की खरीदी नहीं हुई। सरकार का लक्ष्य भी पूरा नही हुआ। इस सरकार ने मोदी की गारंटी के नाम से किसानों को ठगा, अब धान घोटाला कर सरकारी खजाने को चुना लगा रहे है।

भाजपा के संरक्षण में प्रदेश में नशे का कारोबार फल फूल रहा

रायपुर/नवप्रदेश। भाजपा सरकार नशे के कारोबार का संरक्षण बनी हुई है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि दुर्ग के समोदा में भाजपा नेता द्वारा अफीम की खेती कराया जाना साबित करता है कि भाजपा सरकार नशे की कारोबार को बढ़ावा दे रही है। बिना सरकार के संरक्षण के यह संभव ही नही की कोई छत्तीसगढ़ जैसी राज्य में अफीम की खेती करने का साहस कर सके। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि सरकार और पुलिस की मिलीभगत के कारण ही प्रदेश के युवा नशे की गिरफ्त में आ रहे है। पिछले दो साल में शराब, गांजा, अफीम, हिरोईन जैसे नशों के कारण प्रदेश की युवा पीढ़ी में नशे की लत महामारी का रूप ले चुकी है। चंद पैसों के लिए सत्तासीन लोग नशे के बढ़ते कारोबार को रोकने के बजाय संरक्षण दे रहे है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि बड़ी संख्या में ड्रग्स पकड़ा गया तब दावा किया गया कि पाकिस्तान से ड्रग रायपुर तक आता था। इस ड्रग के कारोबार को संरक्षण कौन दे रहा था? पाकिस्तान से छत्तीसगढ़ तक ड्रग कैसे पहुंच रहा था? राज्य में ड्रग के कारोबार किसके संरक्षण में फला-फूला? कांग्रेस की सरकार थी तब नशे के कारोबार को पूरी तरीके से समाप्त कर दिया गया था। दो साल में फिर से पूरा प्रदेश नशे की गिरफ्त में आ गया है। बिना सत्ता के संरक्षण के ड्रग राजधानी में खुलेआम नहीं बिक सकता, राज्य में भाजपा की 2 साल से सरकार है। कौन सत्ताधीश इसके पीछे है इसका भी खुलासा होना चाहिए?

महतारी वंदन योजना से महिलाओं को मिल रहा आर्थिक संबल

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश की महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की पहल पर संचालित महतारी वंदन योजना महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। इस योजना के तहत पात्र महिलाओं के बैंक खातों में प्रतिमाह 1000 रुपये की राशि सीधे अंतरित की जा रही है, जिससे उन्हें अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति करने में सहूलियत मिल रही है। योजना से महिलाओं के जीवन में सकारात्मक बदलाव देखने को मिल रहा है। इसी क्रम में जशपुर जिले के ग्राम झरगांव निवासी प्यारी मांझी को भी महतारी वंदन योजना का लाभ प्राप्त हो रहा है। उनके खाते में प्रत्येक माह मिलने वाली सहायता राशि से वे अपने परिवार की दैनिक आवश्यकताओं को पूरा कर पा रही हैं। इससे उन्हें आर्थिक रूप से सहयोग मिल रहा है और घर की जिम्मेदारियों को निभाने में सुविधा हो रही है। प्यारी मांझी बताती हैं कि शासन की इस योजना से उन्हें नियमित रूप से 1000 रुपये प्राप्त हो रहे हैं, जिससे वे घर के छोटे-मोटे खर्चों के साथ बच्चों की पढ़ाई-लिखाई में भी मदद कर पाती हैं। इससे उनके परिवार को आर्थिक संबल मिला है और वे स्वयं को अधिक आत्मनिर्भर महसूस कर रही हैं।

जशपुर होमस्टे के प्रति अन्य राज्यों के पर्यटक हो रहे आकर्षित

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में प्रदेश में ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा देने की दिशा में लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में जशपुर जिले में भी पर्यटन गतिविधियों को प्रोत्साहित किया जा रहा है, जिसके सकारात्मक परिणाम अब देखने को मिल रहे हैं। जिले में संचालित होमस्टे में बाहरी क्षेत्रों से पर्यटक पहुंच रहे हैं और यहां की प्राकृतिक सुंदरता तथा स्थानीय संस्कृति का अनुभव कर रहे हैं। जिला प्रशासन भी ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रयास कर रहा है। इन प्रयासों के कारण जशपुर के गांवों में स्थित होमस्टे धीरे-धीरे पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र बनते जा रहे हैं। इससे स्थानीय लोगों को रोजगार और आय के नए अवसर भी मिल रहे हैं। इसी क्रम में छत्तीसगढ़ के रायपुर से आए दो पर्यटक केरे स्थित महुआ होमस्टे में ठहरे थे। पर्यटकों ने यहां के शांत वातावरण, प्राकृतिक सौंदर्य और गांव के सादगीपूर्ण जीवन का अनुभव किया।

नारी शक्ति इस देश के विकास की धुरी: रमेन डेका

अंतिम पंक्ति की महिलाओं तक विकास पहुंचाने हम कृत संकल्पित: राज्यपाल

■ लोकभवन में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर ज़मीनी स्तर पर काम कर रही महिलाओं का हुआ सम्मान

रायपुर/नवप्रदेश। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस और रंग पंचमी के अवसर पर लोकभवन में महिला सम्मान समारोह और फूलों की होली कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शिक्षा, स्वास्थ्य, चिकित्सा, उद्यम और पत्रकारिता के क्षेत्र में उल्लेखनीय भूमिका अदा करने वाली महिलाएं शामिल हुई।

इस अवसर पर राज्यपाल रमेन डेका ने प्रदेश के विभिन्न स्थानों से आई शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, स्वच्छता, आदिवासी विकास के क्षेत्र में ज़मीनी स्तर पर कार्य कर रही महिलाओं का सम्मान किया। उन्होंने स्वास्थ्य कार्यकर्ता, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं का सम्मान कर प्रदेश में जन कल्याणकारी योजनाओं को जमीनी स्तर पर पहुंचाने और समाज के सभी लोगों की निःस्वार्थ भाव से सेवा के लिए उनके योगदान की सराहना की। डेका ने देश के विकास में महिलाओं के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि नारी शक्ति इस देश के विकास की धुरी है और मेरी सरकार अंतिम पंक्ति की महिलाओं तक विकास पहुंचाने के लिए कृत संकल्पित है। उन्होंने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस हम सभी के लिए एक गौरवशाली दिन है। यह दिन महिला समानता की दिशा में कार्य करने प्रेरित करता है। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाते हुए, हम सभी को एक ऐसे विश्व के निर्माण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को पुनः मजबूत करने की आवश्यकता है जहाँ सभी महिलाओं को सशक्त, सम्मानित और समावेशी बनाया जा सके। डेका ने कहा कि भारत सरकार की बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, महिला शक्ति केंद्र, उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, प्रधानमंत्री महिला शक्ति केंद्र योजना, वन स्टॉप सेंटर और महिला हेल्पलाइन जैसी योजनाएं महिलाओं के सशक्तिकरण में मददगार साबित हुई है।

छत्तीसगढ़ सरकार ने भी महिलाओं के उत्थान और सशक्तिकरण के लिए कई योजनाएँ और नीतियाँ विकसित की हैं। इनमें से कुछ हैं महतारी वंदन योजना, जो समाज के कमजोर वर्ग की महिलाओं को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करती है। मुख्यमंत्री नोनी सशक्तीकरण सहायता योजना, किशोरी शक्ति योजना और सुकन्या योजना का उद्देश्य लड़कियों को लाभ पहुँचाना है। इस अवसर पर स्पीकर के रूप में आमंत्रित डॉ. शम्पा चौबे ने कहा कि महिलाओं को सशक्त होने के लिए सबसे पहले अपनी मनःस्थिति को मजबूत करना आवश्यक है।

कांग्रेस ने किया महिला पत्रकारों का 'कलम वीरांगना सम्मान'

रायपुर/नवप्रदेश। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के पूर्व मीडिया के क्षेत्र में काम करने वाली महिला पत्रकारों का सम्मान कांग्रेस संचार विभाग द्वारा आयोजित किया गया। इस अवसर पर कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव भूपेश बघेल, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, राज्य सभा सदस्य फूलोदेवी नेताम, पूर्व मंत्री डॉ. शिव कुमार डहरिया, प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह गैदू, प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने शाल एवं मोमेंटो देकर महिला पत्रकार बहनों का सम्मान किया।

इस अवसर पर उद्बोधन देते हुये पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि मीडिया के क्षेत्र में इतनी बड़ी संख्या में महिलाओं को काम करते हुए देख कर सुखद अनुभूति होती है। पहले के जमाने में प्रिंट मीडिया में पूरे रायपुर में तीन-चार महिला पत्रकार ही दिखती थी। यह बड़ी उपलब्धि है कि आज रिपोर्टिंग और एंकरिंग दोनों ही स्थानों पर महिलाओं ने अपनी जगह बनाई है। आज की नारी सशक्त हो गयी है। कांग्रेस पार्टी लगातार चार वर्षों से महिला पत्रकारों का सम्मान करते आ रही है। आप सबका यहां आना कांग्रेस के लिए गौरव का क्षण है। आजादी के समय से पत्रकारिता और पत्रकारों की अहम भूमिका रही है। आप सबका देश के नवनिर्माण लोकतंत्र को बचाने में बड़ी भूमिका है। महिला पत्रकारों के सम्मान की परंपरा आगे बढ़ाने के लिए संचार विभाग को बधाई। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि पत्रकारिता के क्षेत्र में काम करना महिलाओं के लिये बड़ी चुनौती है आप सब इस चुनौती को बखूबी निभा रही है।

रायपुर में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर हाई-एनर्जी 'अस्मिता' एथलेटिक्स मीट का आयोजन किया

रायपुर/नवप्रदेश। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर, कोटा स्थित स्वामी विवेकानंद स्टेडियम एथलेटिक उत्कृष्टता के एक जीवंत केंद्र में बदल गया। खेलो इंडिया की 'अस्मिता' पहल के तहत, रायपुर इस राष्ट्रीय अभियान का हिस्सा बना। खेल के माध्यम से महिला सशक्तीकरण का जश्न मनाने के लिए 500 से अधिक युवा लड़कियों और महिलाओं ने ट्रैक पर अपनी प्रतिभा दिखाई। यह महत्वपूर्ण आयोजन 'माई भारत' , युवा मामले और खेल मंत्रालय, भारत सरकार, तथा भारतीय खेल प्राधिकरण का एक संयुक्त प्रयास था। इस प्रतियोगिता में विभिन्न आयु वर्गों में 100 मीटर, 200 मीटर और 400 मीटर की दौड़ आयोजित की गई। असाधारण गति और साहस का प्रदर्शन करते हुए, 200 मीटर स्पर्धाओं में रेशमा साहू, ज्योत्सना ध्रुव और मालती बंजारे ने प्रथम स्थान हासिल किया। 400 मीटर वर्ग में मोंटी साहू, किरण और आदित्य कश्यप ने बाजी मारी, जबकि 100 मीटर स्प्रिंट में दिलेश्वरी पाल और किरण पटेल ने दबदबा बनाया।

ओबीसी वर्ग की महिलाओं को साधने कांग्रेस का बड़ा प्लान

रायपुर /नवप्रदेश। देश में महिलाओं की राजनीतिक और सामाजिक भागीदारी को बढ़ाने की दिशा में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस लगातार प्रयासरत है, इसी क्रम में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में ओबीसी कांग्रेस राष्ट्रीय महिला प्रकोष्ठ सम्मेलन का आयोजन 9 मार्च को सुबह 10:30 बजे से कांग्रेस मुख्यालय, इंदिरा भवन, 9 कोटला मार्ग, नई दिल्ली में किया जा रहा है।

'महिलाओं की भागीदारी बढ़ाई जाएगी': कांग्रेस के ओबीसी विभाग के राष्ट्रीय समन्वयक लक्ष्मी गुप्ता ने बताया कि यह सम्मेलन विशेष रूप से ओबीसी समाज की मातृशक्ति को संगठित करने, नेतृत्व के अवसर प्रदान करने और उन्हें राष्ट्रीय राजनीति में सशक्त भूमिका देने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी की स्पष्ट मंशा है कि देश की महिलाओं को अधिक से अधिक भागीदारी मिले और विशेष रूप से ओबीसी वर्ग की महिलाओं को नेतृत्व के मंच पर आगे लाया जाए। कांग्रेस पार्टी मानती है कि ओबीसी समाज देश की उत्पादक शक्ति है और इसकी मातृशक्ति समाज निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। इसी सोच के अनुरूप यह सम्मेलन एक खोज अभियान के रूप में भी आयोजित किया जा रहा है, जिसके माध्यम से विभिन्न राज्यों से नेतृत्व क्षमता रखने वाली महिलाओं को पहचान कर उन्हें संगठन में जिम्मेदार पदों पर आगे बढ़ाने का प्रयास किया जाएगा। इस कार्यक्रम में देश के विभिन्न राज्यों से बड़ी संख्या में महिला प्रतिनिधियों की भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है।

अफीम खेती: विनायक ताम्रकार सहित तीन आरोपी भेजे गए जेल

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले के समोदा-झेंझरी गांव में अफीम की खेती के मामले में जिला प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की है। इसमें शामिल तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। इनमें भाजपा नेता विनायक ताम्रकार भी शामिल हैं, जिन पर आरोप है कि उनकी देखरेख में ही यह खेती हो रही थी। राजस्थान के एक किसान की संलिप्तता भी मामले में सामने आई है। दरअसल, गांव के सरपंच अरुण गौतम की शिकायत पर पुलिस सक्रिय हुई। पुलिस ने मौके पर जाकर जांच की और जिला प्रशासन को सूचना दी। दुर्ग कलेक्टर सहित चार विभागों की टीम मौके पर पहुंची। जांच में पाया गया कि लगभग 6 एकड़ जमीन पर अफीम की खेती हो रही है। यह जमीन शिवनाथ नदी के किनारे है, जो समोदा गांव के विनायक ताम्रकार और उनके परिवार के नाम पर है। इसी से सटी हुई 11 एकड़ जमीन में से 6 एकड़ भूमि पर अफीम उगाई जा रही थी, जो दो महिलाओं प्रीतिबाला ताम्रकार और मधुबाला ताम्रकार के नाम पर रजिस्टर्ड है।

दिन में गर्मी, रात को हल्की राहत, राजनांदगांव सबसे ज्यादा रहा गर्म

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के लगातार तापमान बढ़ रहा है। शनिवार को दिन में सामान्य 2 डिग्री सेल्सियस तक अधिक दर्ज किया गया। अभी से ही घरों में एसी-कूलर चालू हो गए हैं। आने वाले दिनों में गर्मी बढ़ने की मौसम विभाग ने संकेत दिए हैं। प्रदेश में शनिवार को मौसम शुष्क रहा. इस दौरान सबसे ज्यादा तापमान राजनांदगांव में 38 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं सबसे कम न्यूनतम तापमान अंबिकापुर 15 डिग्री सेल्सियस रहा। मौसम विभाग के मुताबिक, रविवार को मौसम शुष्क रहने की संभावना है। मौसम वैज्ञानिक एचपी चंद्रा ने बताया कि एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण उड़ीसा और उसके आसपास 1.5 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। यहीं से एक द्रोणिका उत्तर पश्चिम उत्तर प्रदेश तक उत्तर छत्तीसगढ़ होते हुए 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। प्रदेश में 8 मार्च को मौसम शुष्क रहने की संभावना है।

जनजातीय समाज के उत्थान के लिए समर्पित रहा जूदेव का जीवन: साय

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने पूर्व लोकसभा सांसद स्वर्गीय दिलीप सिंह जूदेव की जयंती के अवसर पर आज राजधानी रायपुर के मुख्यमंत्री निवास परिसर में उनके छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धापूर्वक नमन किया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री साय ने स्वर्गीय दिलीप सिंह जूदेव के दीर्घ सामाजिक-राजनीतिक जीवन और समाज के प्रति उनके उल्लेखनीय योगदानों को स्मरण करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी।उन्होंने कहा कि स्वर्गीय दिलीप सिंह जूदेव का संपूर्ण जीवन समाज सेवा, जनकल्याण और विशेष रूप से जनजातीय समाज के उत्थान के लिए समर्पित रहा। उन्होंने निस्वार्थ भाव से समाज के कमजोर और वंचित वर्गों के अधिकारों के लिए निरंतर कार्य किया।

शिविर: जरौदा में जनजागरुकता और व्याख्यान सत्र का आयोजन, शरीर संबंधी परेशानी होने पर डाक्टर्स से परामर्श लेने की सलाह

चिकित्सकों ने महिलाओं को दिए स्वस्थ रहने के टिप्स

रायपुर/नवप्रदेश। आयुष्मान आरोग्य मंदिर (आयुष) जरौदा, विकासखंड -धरसींवा, जिला रायपुर में ग्राम जरौदा एवं आसपास के ग्रामीण महिलाओं के लिये महिलाओं के द्वारा, महिलाओं के लिए के तर्ज पर Uterine Fibroid & Menopause विषय पर जनजागरूकता सह स्वास्थ्य शिविर तथा व्याख्यान सत्र का आयोजन किया गया। वर्तमान परिवेश में ग्रामीण महिलाओं में समान्यतः होने वाले गर्भाशय संबंधी समस्याए, उम्र के साथ शारीरिक व मानसिक बदलाव, गर्भाशय कैंसर, स्तन कैंसर से संबंधित शिकायत व महिलाओं के व्यक्तिगत स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए आस पास के ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं के लिए यह जन जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य रूप से ग्रामीण अंचल की महिलाओं ने बढ़-चढ़कर सहभागिता प्रदान किया।

कार्यक्रम में मार्गदर्शक व मुख्य वक्ता के रूप में जिला आयुष अधिकारी-रायपुर डॉ.स्वाति रावत एवं अतिथि वक्ता के रूप में स्त्रीरोग विशेषज्ञ डॉ.नम्रता सिरमौर द्वारा अपनी उपस्थिति प्रदान करते हुए महिलाओं में होने वाली विभिन्न समस्याओं के संबंध में जानकारी प्रदान किया गया।

डॉ.स्वाति रावत द्वारा Uterine Fibroid विषय पर श्रोताओं को बीमारी के कारण, लक्षण इत्यादि की विस्तृत जानकारी प्रदान करते हुए आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति में fibroid के इलाज, बचाव, दिनचर्या, आहार -विहार की जानकारी दी गई।

डॉ.नम्रता सिरमौर ने सरल भाषा मे fibroid, cancer व cyst में अंतर समझाते हुए बीमारी के पहचान एवं लक्षणों की जानकारी देते हुए किसी भी प्रकार की समस्या होने पर आवश्यक चिकित्सा परामर्श लेने हेतु प्रोत्साहित किया गया।

आयुष्मान आरोग्य मंदिर (आयुष) जरोदा में पदस्थ महिला चिकित्सक डॉ.हेमकुमारी राठौर द्वारा Menopause के संकेत और लक्षण, शारीरिक व मानसिक बदलाव ,आहार-विहार, दिनचर्या के सम्बन्ध में जानकारी दिया गया। उन्होंने बताया कि इन बीमारियों के होने और बढ़ने का मुख्य कारण जानकारी का अभाव और चर्चा का अभाव है। आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति एवं स्वस्थ दिनचर्या से इन स्वास्थ्य समस्याओं एवं लक्षणों के रोकथाम के साथ-साथ बीमारी से बचाव किया जा सकता है।

स्व-सहायता समूह से जुड़कर पूनम देवी बनीं आत्मनिर्भर

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के कुशल नेतृत्व में प्रदेश की महिलाएं विभिन्न योजनाओं से जुड़कर आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ रही हैं। राज्य सरकार की महत्वाकां योजना छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (बिहान) के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं के जीवन में सकारात्मक बदलाव देखने को मिल रहा है। जशपुर जिले के दुलदुला विकासखंड के ग्राम सिमड़ा की पूनम देवी भी इसी बदलाव की एक प्रेरणादायक उदाहरण बनकर उभरी हैं। पूनम देवी, जो गणेश महिला स्व-सहायता समूह की सदस्य हैं, आज 'लखपति दीदी' के रूप में जानी जाती हैं।

कदेर, होरादी में पहली बार पहुंची बिजली, 41 परिवारों के घर हुए रोशन

नियद नेल्लानार योजना से सुदूर वनांचल के दो गांव रोशन

नारायणपुर जिले के कदेर और होरादी में पहली बार पहुंची बिजली, 41 परिवारों के घरों में जली रोशनी

नारायणपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी 'नियद नेल्लानार' (आपका अच्छा गांव) योजना के तहत नारायणपुर जिले के सुदूर वनांचल क्षेत्रों में विकास की नई रोशनी पहुंच रही है। इसी क्रम में छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड (सीएसपीडीसीएल) नारायणपुर संभाग द्वारा अत्यंत दुर्गम ग्राम कदेर और होरादी में पहली बार बिजली की सुविधा उपलब्ध कराई गई है, जिससे दशकों से अंधेरे में जीवन बिता रहे ग्रामीणों के घरों में अब उजाला फैल गया है।

ग्राम कदेर के विद्युतीकरण कार्य पर लगभग 44 लाख 16 हजार रुपये की लागत आई है। इस कार्य के पूर्ण होने से गांव के 12 परिवारों को पहली बार विद्युत कनेक्शन प्राप्त हुआ है। इसी प्रकार ग्राम होरादी में 46 लाख 42 हजार रुपये की लागत से विद्युत विस्तार कार्य संपन्न किया गया, जिससे 29 परिवारों को बिजली सुविधा का लाभ मिला है।

इस तरह दोनों गांवों के कुल 41 परिवार अब विद्युत सुविधा से जुड़ गए हैं और उनके घरों में पहली बार रोशनी जगमगाई है।

यह कार्य कलेक्टर नम्रता जैन के निर्देशानुसार कार्यपालन अभियंता कुमार लाल उइके के मार्गदर्शन में पूर्ण किया गया। घने जंगलों, दुर्गम रास्तों और चुनौतीपूर्ण भौगोलिक परिस्थितियों के बावजूद विभागीय टीम ने लगातार प्रयास करते हुए विद्युत लाइन विस्तार का कार्य सफलतापूर्वक पूरा किया।

ग्रामीण क्षेत्रों में पहली बार बिजली पहुंचने से अब बच्चों की पढ़ाई के लिए बेहतर वातावरण बनेगा, स्वास्थ्य सुविधाओं तक पहुंच आसान होगी और ग्रामीणों की आजीविका से जुड़ी गतिविधियों को भी नई गति मिलेगी।

वर्षों बाद अपने घरों में रोशनी देखकर ग्रामीणों में खुशी और उत्साह का माहौल है। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि नियद नेल्लानार योजना के तहत आने वाले समय में अन्य दूरस्थ गांवों को भी प्राथमिकता के आधार पर विद्युत सुविधा से जोड़ा जाएगा।

महिला दिवस पर महिलाओं का जन सहयोग संस्था ने किया सम्मान

काँकेर/नवप्रदेश। जन सहयोग समाजसेवी संस्था द्वारा की गई समाज सेवाएं लीक से हटकर रहती हैं, इनमें नयापन होता है, इसीलिए अध्यक्ष अजय पप्पू मोटवानी तथा उनके कार्यकर्ता अधिक प्रशंसा के पात्र होते हैं। 8 मार्च अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जन सहयोग ने एक नई राह दिखाई। उन्होंने समाज के गरीब तबके की महिलाओं का सम्मान करने का निश्चय किया और इस निश्चय पर अमल करने हेतु वे अपनी टीम लेकर शहर की निर्धन बस्ती अटल आवास पहुंचे। यहां उनकी मुलाकात सुबह-सुबह अनेक गरीब महिलाओं से हुई जो लोगों के घरों में काम करती हैं या खुद का छोटा-मोटा काम करती हैं, कुछ ऐसी भी हैं, जो लाचारी में भिक्षावृत्ति से गुजारा करती हैं। अजय पप्पू मोटवानी ने वहीं एक छोटा

सा सादगी भरा प्रोग्राम आयोजित कर सबको महिला दिवस के विषय में बताया और उनका सम्मान करते हुए वस्त्र आदि उपहार में दिए । सब ने वहीं बैठकर नाश्ता भी किया।अजय पप्पू मोटवानी ने बुजुर्ग महिलाओं के चरण स्पर्श कर आशीर्वाद भी प्राप्त किया गया।महिलाओं की ओर से त्रिलोचना टांडिया ने अपने वक्तव्य में कहा कि हम लोग पप्पू भाई को अच्छे से जानते हैं।

संक्षिप्त खबरें

कलेक्टर ने स्वास्थ्य केंद्र हरवेल का किया निरीक्षण

कोण्डागांव/नवप्रदेश। कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना ने शुक्रवार को केशकाल विकासखंड अंतर्गत ग्राम हरवेल स्थित स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण कर वहां उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्वास्थ्य केंद्र के विभिन्न कक्षों का अवलोकन किया तथा स्वास्थ्य कर्मियों से प्रसव संबंधी सुविधाओं एवं उच्च जोखिम गर्भवती महिलाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की। कलेक्टर ने स्वास्थ्य केंद्र में स्वच्छता एवं सुव्यवस्थित व्यवस्था पर संतोष व्यक्त करते हुए वहां पदस्थ स्वास्थ्य कर्मियों की रचनात्मक पहल की सराहना की। उन्होंने निर्देशित किया कि स्वास्थ्य केंद्र हरवेल की तर्ज पर अन्य स्वास्थ्य केंद्रों में भी स्वच्छता एवं बेहतर व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अविनाश भोई, एसडीएम सु आकांक्षा नायक, तहसीलदार गणेश सिदार, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर.के. चतुर्वेदी, जिला कार्यक्रम अधिकारी रेनू प्रकाश सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

पुरानी रंजिश को लेकर धारदार हथियार से हमला, आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा

कांकेर/नवप्रदेश। पुरानी रंजिश में युवक पर धारदार हथियार से हमला करने वाले आरोपी को चारामा पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। चारामा पुलिस से मिली जानकारी अनुसार पुलिस अधीक्षक निखिल कुमार राखेचाके निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक योगेश साहू मार्गदर्शन में अनुविभागीय अधिकारी पुलिस कांकेर मोहसीन खान के पर्यवेक्षण में पुलिस द्वारा राम सिरसिदा के पुरानी बातो को लेकर धारदार वस्तु से हमला कर चोट पहुचाने वाले युवक को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया है।प्रार्थी टिकेश्वर टांडिया पिता रमेश कुमार टांडिया उम्र 28 निवासी सिरसिदा थाना चारामा थाना आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि 06मार्च 2026 को शाम लगभग 05-30 बजे गांव के नर्सरी की ओर गया था इसी दौरान गांव का अजीत मरकाम अपने खेत की ओर से आ रहा था मुझे गांव के नर्सरी के पास अकेला देखकर पुराना की बात को लेकर जबरन मुझे मां बहन की गंदी गंदी गाली देकर इधर क्या करने आया है कहते हुये अचानक किसी धारदार वस्तु से मेरे गर्दन के नीचे बांये तरफ मारकर चोट पहुंचाया, जिसे मेरे गर्दन के नीचे बांये तरफ चोट आया जिसके बाद भी वह मारने के लिये दौड़ाने लगा तो वहॉ से भागते हुए आकर घटना के बारे में अपने परिजनों को बताया कि रिपोर्ट पर अपराध धारा 296,115(2),118 बीएनएस का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया ,मामले में 07 मार्च 26 को मामले में आरोपी अजीत कुमार पिता संतराम मरकाम उम्र 26 साल निवासी सिरसिदा को 07मार्च 26 को गिरफ्तार किया जाकर माननीय न्यायालय न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है।पुलिस टीम का विवरणःनिरीक्षक सुरेश कुमार राठौर सउनि दुष्यंत दीवान आर0 तरुण सिन्हा शामिल थे।

बढ़ती हुई महंगाई को लेकर कांग्रेस ने प्रधानमंत्री का फूंका पुतला

कांकेर/नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार जिला जिला कांग्रेस कमेटी के द्वारा राष्ट्रीय सचिव श्री राजेश तिवारी की उपस्थिति में जिला अध्यक्ष बसंत यादव के नेतृत्व में लगातार बढ़ रही महंगाई के विरोध में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का ऊपर नीचे रोड के पास पुतला दहन करके भाजपा सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया गया अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय सचिव श्री राजेश तिवारी ने कहा कि इस देश में लगातार आम जन को परेशान करने का काम बीजेपी की सरकार कर रही है लगातार महंगाई बढ़ रही है और फिर से एक बार रसोई गैस व कमर्शियल गैस के रेट में वृद्धि करके गरीब और माध्यम वर्ग के लोगों को लूटने का काम नरेंद्र मोदी की सरकार कर रही है सरकार की गलत नीतियों की कारण महंगाई बढ़ रही है। पुतला दहन कार्यक्रम में अखिल भारतीय राष्ट्रीय सचिव राजेश तिवारी बसंत यादव जिला अध्यक्ष कांग्रेस कमेटी कांकेर प्रदेश उपाध्यक्ष वीरेश ठाकुर प्रदेश महामंत्री नरेश ठाकुर प्रदेश सचिव जनक नन्दन कश्यप प्रदेश सचिव जितेंद्र सिंह ठाकुर जिला महिला अध्यक्ष श्रीमति गोमती सलाम रोमनाथ जैन गुरजीत सिंह ढांढीशा जिला महामंत्री उदय प्रकाश शर्मा, हेमन्त ध्रुव,गफ्फार मेमन मृदुला भास्कर अजय भासवाणी संग्राम नेताम मनोज जैन नंदू राठी जिला सचिव विजय यादव,मुन्ना इसहाक अहमद, गोपाल राठी मनीष योगी शहर कांग्रेश अध्यक्ष यासीन करानी मुकेश तिवारी, मतीन खान महिला अध्यक्ष भरती सलाम, नीरा साहू,युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष राजू दुबे एन एस यू आई जिला अध्यक्ष सुमित राय भौम सिंह नाग जितेंद्र वैध शोयब अहमद गणेश मिथुन सोनी,सोमेश सोनी लतीफ मेमन,पांचू नायक झामिट कड़ियांम युवा महामंत्री शेष कुमार गजबीय विनय ठाकुर,सूरज सोनकर आदर्श गुप्ता अमन गायकवाड,अमित और अन्य कांग्रेस के कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

नारायणपुर में रावघाट माइनिंगः डीएमएफ फंड के अन्यायपूर्ण वितरण पर स्थानीय जनता का आक्रोश

बीएसपी नारायणपुर को बर्बाद कर कांकेर जिले को कर रहा आबाद

नारायणपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले में रावघाट-अंजरेल क्षेत्र में भिलाई स्टील प्लांट द्वारा संचालित लौह अयस्क खनन परियोजना स्थानीय निवासियों के लिए विकास का माध्यम बनने के बजाय विवाद और असंतोष का कारण बन गई है। जिले की अधिकांश भूमि इस खनन क्षेत्र में शामिल होने के बावजूद, जिला खनिज न्यास निधि (डीएमएफ) की राशि का बड़ा हिस्सा पड़ोसी कांकेर जिले को हस्तांतरित किया जा रहा है। स्थानीय जनता इसे मातृ जिला की आड़ में संरचनात्मक पक्षपात मान रही है, जो जिले के विकास को बाधित कर रहा है। नारायणपुर, जो बस्तर से अलग होकर एक स्वतंत्र जिला बना था, अब कांकेर को मातृ जिला बनाए जाने के फैसले को लेकर सवाल उठा रहा है, क्योंकि इससे स्थानीय संसाधनों का लाभ जिले को नहीं मिल पा रहा।

नारायणपुर जिला छत्तीसगढ़ का एक दुर्गम और जनजातीय बहुल क्षेत्र है, जहां रावघाट-अंजरेल माइनिंग ब्लॉक में बीएसपी द्वारा लौह अयस्क का खनन किया जा रहा है। इस

खनन से पर्यावरण को हो रहा नुकसान

खनन गतिविधियां न केवल आर्थिक असमानता पैदा कर रही हैं, बल्कि पर्यावरण और स्वास्थ्य पर भी गंभीर असर डाल रही हैं। खनन से निकलने वाली भारी मात्रा में धूल स्थानीय ग्रामीणों, खेतों, जल स्रोतों और वन्यजीवों को प्रभावित कर रही है। निवासियों को सांस संबंधी बीमारियां, फसल क्षति और दैनिक जीवन में असुविधाएं झेलनी पड़ रही हैं। परिवहन के कारण सड़कों पर ट्रकों का भारी दबाव है, जो मुख्य रूप से गढ़बेंगाल और देवगांव की ओर से हो रहा है, जबकि अंतागढ़ मार्ग का उपयोग नहीं किया जा रहा।

परियोजना का कुल क्षेत्रफल 2028.797 हेक्टेयर है, जिसमें से लगभग 1203.152 हेक्टेयर (करीब 60%) नारायणपुर जिले की सीमा में आता है। शेष 825.645 हेक्टेयर कांकेर जिले में है। आंकड़ों के अनुसार, लौह अयस्क के भंडार भी नारायणपुर में अधिक हैं, जहां 511.043 मिलियन टन का अनुमानित भंडार मौजूद है। वर्तमान में सक्रिय खनन मुख्य रूप से नारायणपुर के अंजरेल ब्लॉक में ही हो रहा है।

डीएमएफ फंड जो खनन से प्राप्त रॉयल्टी का एक हिस्सा है, प्रभावित क्षेत्रों के विकास के लिए उपयोग किया जाना चाहिए। इसमें स्वास्थ्य, शिक्षा, सड़क निर्माण, जल संरक्षण और स्थानीय समुदायों के कल्याण से जुड़े कार्य शामिल हैं। हालांकि, नारायणपुर के निवासियों का आरोप है कि फंड का वितरण क्षेत्रफल और प्रभाव के आधार पर नहीं किया जा रहा, बल्कि प्रशासनिक व्यवस्था के कारण कांकेर को प्राथमिकता दी जा रही है।

स्थानीय जनता की मांगें और सुझाव

नारायणपुर की जनता और स्थानीय संगठनों ने इस मुद्दे पर स्पष्ट मांगें रखी हैं: BSP और खनिज विभाग द्वारा नारायणपुर को उसकी हिस्सेदारी के अनुसार पूर्ण DMF राशि (शेष राशि सहित) तत्काल हस्तांतरित की जाए। भविष्य में DMF राशि का वितरण खनन क्षेत्र की वास्तविक भौगोलिक स्थिति, प्रभावित क्षेत्र और क्षेत्रफल के आधार पर किया जाए।

डीएमएफ फंड का वित्तीय विवरण और असमान वितरण

वर्ष 2020-21 से जनवरी 2025 तक रावघाट परियोजना से DMF मद में कुल लगभग 265 करोड़ रुपये से अधिक की राशि जमा हुई है। क्षेत्रफल के आधार पर नारायणपुर को इस राशि का करीब 40 प्रतिशत या इससे अधिक हिस्सा (लगभग 106 करोड़ रुपये या ज्यादा) प्राप्त होना चाहिए था।

भाजपा नेता के अफीम की खेती मामले में कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

भाजपा नेता के फार्म हाउस मे करोड़ों की अफीम खेती

नारायणपुर/नवप्रदेश। दुर्ग जिले के समोदा गाँव मे भाजपा के प्रदेश पदाधिकारी के फार्म हॉउस मे 9.50 एकड़ की अफीम की खेती का खुलासा होने के बाद पुरे प्रदेश भर मे कांग्रेस ने प्रेस वार्ता कर भाजपा सरकार से सवाल किया है की किस नेता मंत्री के सरक्षण मे भाजपा का पदाधिकारी विनोद ताम्रकर अपने फार्म हॉउस मे अफीम की खेती कर रहा था, कांग्रेस ने प्रेस वार्ता कर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और कृषि मंत्री, गृह मंत्री, दुर्ग के विधायक शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव से पूछा है की अफीम की खेती करना कानूनी अपराध है तो भाजपा नेता को किस नेता का सरक्षण प्राप्त है जो खुलेआम इतने बड़े पैमाने मे अफीम का खेती कर रहा है, कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजेश दीवान ने कहा की प्रदेश मे जब भी भाजपा सत्ता मे आती है तो युवाओ को नौकरी देने के बजाय नशे मे धकलने का काम करती है, स्कूल बंद कर दारू दुकान खोलने का काम कर रही है भाजपा सत्ता मे आने के बाद नशे का कारोबार मे छत्तीसगढ़ पंजाब, गुजरात, पश्चिम बंगाल, को पीछे छोड़ते हुए नंबर वन बन गया है, कांग्रेस की सरकार आयी थी तो हुक्काबार बंद करवाया गया था युवाओं को नौकरी देने का काम किया गया था, इंग्लिश मिडियम स्कूल खोला गया था। प्रेस वार्ता मे रजनू नेताम पूर्व जिलाध्यक्ष देवनाथ उसेंडी, शहर कांग्रेस अध्यक्ष रघु मानिकपुरी, ब्लॉक अध्यक्ष पंडी राम वड्डे, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष रवि देवांगन, जिला महामंत्री शेख तौहीद अहमद, संतोष राव, कोषाध्यक्ष वीपी शुक्ला, प्रमोद नैलवाल, युवा कांग्रेस अध्यक्ष बोधन देवांगन, एन एस यू आई अध्यक्ष विजय सलाम, शेख महेमूद वरिष्ठ कोंग्रेसी शिव कुमार पांडेय, मधेश्वर जैन, अल्ताफ खान, सुक्कू सलाम, राकेश केशरिया एवं अन्य कार्यकर्त्ता उपस्थित थे

वन मंत्री कश्यप ने बेतबेड़ा में 83 लाख के 14 विकास कार्यों का किया भूमिपूजन

कोंडागांव/नवप्रदेश। प्रदेश के वन मंत्री केदार कश्यप ने कोंडागांव विकासखंड अंतर्गत ग्राम बेतबेड़ा में 83 लाख 50 हजार रुपये की लागत से स्वीकृत 14 विकास कार्यों का विधिवत भूमिपूजन किया। इस अवसर पर वन मंत्री कश्यप ने कहा कि सरकार द्वारा क्षेत्र के समग्र विकास एवं मूलभूत सुविधाओं के विस्तार के लिए लगातार कार्य किए जा रहे हैं। इन कार्यों से क्षेत्र के विकास को नई गति मिलेगी।

वन मंत्री कश्यप ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के पूर्व महिलाओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भारत में प्राचीन समय से महिलाओं को सम्मान देने की समृद्ध परंपरा रही है। सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से प्रदेश की महिलाएं सशक्तिकरण और आत्मनिर्भरता की दिशा में लगातार आगे बढ़ रही हैं। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत जीरामजी योजना प्रारंभ की गई है, जो ग्रामीण आजीविका को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। उन्होंने योजना के लाभों की जानकारी देते हुए बताया कि इसके माध्यम से गांवों में आवश्यक कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर लिया जाएगा। योजना के अंतर्गत अब

125 दिनों का रोजगार उपलब्ध होगा तथा मजदूरी का भुगतान 15 दिनों के भीतर किया जाएगा। इसके अलावा बेरोज़गारी भत्ता का भी प्रावधान किया गया है। वन मंत्री ने परंपरागत एवं प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने पर जोर देते हुए कहा कि आज हमारे पारंपरिक अनाज एवं वनोपज की मांग देश-विदेश में तेजी से बढ़ रही है, जिससे किसानों एवं ग्रामीणों को बेहतर अवसर मिल रहे हैं।

कार्यक्रम को जिला पंचायत सदस्य यशोदा कश्यप, जनपद पंचायत अध्यक्ष अनीता कोर्राम, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष टोमेन्द्र ठाकुर सहित अन्य अतिथियों ने भी संबोधित किया।

भूमिपूजन किए गए कार्यों में ग्राम पंचायत मुंगवाल में पंचायत भवन के पास सांस्कृतिक मंच निर्माण (लागत 5 लाख रुपये), ग्राम पंचायत चमई में कोकड़भाटा में जैतराम नेताम के खेत के पास 3 मीटर पुलिया निर्माण (लागत 9 लाख रुपये), ग्राम पंचायत मड़ागांव में बावड़ी पटेलपारा में सांस्कृतिक भवन के पास 1.50 मीटर पुलिया निर्माण (लागत 4.50 लाख रुपये), ग्राम पंचायत बेतबेड़ा में मुख्य मार्ग जाने वाले रोड में लखूराम के खेत के पास 2 मीटर पुलिया निर्माण (लागत 6 लाख रुपये), ग्राम पंचायत बोरगांव अंतर्गत खंडम मार्ग में फूलसिंह के खेत के पास 1.5 मीटर पुलिया निर्माण, ग्राम पंचायत बोटीकनेरा अंतर्गत मांझीपारा फरसू घर के पास 1.50 मीटर पुलिया निर्माण (लागत 4.50 लाख रुपये), ग्राम पंचायत मड़ानार के बड़ेपारा में सामुदायिक भवन निर्माण (लागत 5 लाख रुपये), ग्राम पंचायत हथकली के हासेल में मुख्य मार्ग से गोट गोंदी पारा मानू खेत के पास 2 मीटर पुलिया निर्माण (लागत 6 लाख रुपये), ग्राम पंचायत तुमड़ीवाल में आलवाड़पारा के बीच 2 मीटर पुलिया निर्माण (लागत 6 लाख रुपये) के कार्य शामिल हैं।

विभागीय लापरवाही पर उठे सवाल

'तीसरी आंख' बने शोपीस! वारदात के समय ही खराब हो जाते हैं सीसीटीवी

अंतागढ़/नवप्रदेश। नगर की सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के उद्देश्य से शहर के प्रमुख चौक-चौराहों और भीड़भाड़ वाले स्थानों पर पुलिस विभाग द्वारा लगाए गए सीसीटीवी कैमरे अब केवल शोपीस बनकर रह गए हैं। लाखों रुपये खर्च कर लगाए गए इन कैमरों से लोगों को कोई ठोस लाभ मिलता हुआ नजर नहीं आ रहा है।

नगरवासियों का कहना है कि जब भी कोई वारदात या दुर्घटना होती है, तब उस स्थान का सीसीटीवी कैमरा अक्सर खराब ही पाया जाता है,जिससे घटना का कोई सुराग नहीं मिल पाता। इससे पुलिस विभाग की कार्यप्रणाली और व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं। नगर के लोगों के अनुसार, कई वर्षों पहले शहर में सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए विभिन्न चौक-चौराहों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए थे, ताकि किसी भी अपराध, दुर्घटना या संदिग्ध गतिविधि की निगरानी की जा

आशिकारियों का सीधा जवाब

अधिकारियों द्वारा सीधा जवाब दिया जाता है कि कैमरा खराब है। लेकिन नगरवासियों का सवाल है कि यदि कैमरे लंबे समय से खराब हैं तो उनकी समय-समय पर मरम्मत और निगरानी क्यों नहीं की जाती। लाखों रुपये की लागत से लगाए गए इन उपकरणों का यदि सही रखरखाव नहीं होगा तो उनका उद्देश्य ही समाप्त हो जाएगा। नगर के नागरिकों का मानना है कि सीसीटीवी कैमरे शहर की तीसरी आंख होते हैं, जो अपराधियों की पहचान और दुर्घटनाओं के कारणों का पता लगाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। लेकिन यदि यही व्यवस्था लापरवाही का शिकार हो जाए तो सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर असर पड़ता है।

सके और समय रहते कार्रवाई की जा सके। लेकिन वास्तविकता यह है कि इन कैमरों से अब तक किसी बड़ी घटना के खुलासे में खास मदद मिलती हुई दिखाई नहीं दी है। हाल ही मे नयापारा गार्डन पास एक युवक से मारपीट, पुलिस सीसीटीवी कैमरा फुटेज देखने कि कोशिश किन्तु कैमरा बंद हाल ही में इसका एक ताजा उदाहरण भी सामने आया है।

कुछ दिनों पहले नगर के नयापारा साप्ताहिक बाजार के पास स्थित गार्डन के समीप एक युवक के साथ मारपीट की घटना हुई थी। घटना के बाद जब पुलिस ने वहां लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज देखने की कोशिश की तो पता चला कि वही कैमरा खराब है और घटना रिकॉर्ड ही नहीं हो पाई।

लौह अयस्क परिवहन कार्य में लगे टिप्पर मालिक के शार्टकट ने ली ड्राइवर की जान

नारायणपुर/नवप्रदेश। नारायणपुर जिले पिछले कई माह से माइंस परिवहन कार्य में लगे ट्रक एवं हाईवा मालिक आर्थिक तंगी से जूझ रहे है, एक के बाद एक समस्या बढ़ती जा रही है अभी कुछ दिन पहले ही जिले के सभी टिप्पर मालिको ने रावघाट परियोजना भिलाई स्टील प्लांट एवं देव माइनिंग के विरुद्ध मोर्चा खोलने को मजबूर हो गए थे जिले में लगातार सभी वाहन मालिक पहले से ही रोड खराब की समस्या से जूझ रहे थे, जिसके चलते वाहनों की मरम्मत खर्च में लगातार इजाफा हो रहा है और भिलाई स्टील प्लांट द्वारा निर्धारित परिवहन किराया दर से वाहन का किश्त चुकाना भी मुश्किल हो गया है । जिले में आर्थिक तंगी की मार झेल रहे वाहन मालिकों को पास अब शार्टकट रास्ता अपनाने के अलावा भी कोई रास्ता नहीं बचा बीते दिनों सूत्रों से प्राप्त जानकारी अनुसार नारायणपुर जिले के टिप्पर मालिक CG21छ8707 और ड्राइवर की मनमानी के चलते शार्टकट रूट

प्रतिबंधित वन वे मार्ग छेरीबेड़ा-बड़ेडोंगर होते हुए परिवहन कार्य किया जा रहा था, ड्राइवर को अचानक झपकी आने से गाड़ी पेड़ से जाकर टकराई और ड्राइवर गंभीर रूप से घायल हो गया जिसका उपचार दौरान मौत हो गया। नारायणपुर से परिवहन कार्य हेतु कोंडागांव कांकेर मार्ग होते हुए परिवहन कार्य जिला प्रशासन द्वारा रूट निर्धारित किया गया है एवं छेरीबेड़ा - बड़ेडोंगर मार्ग 12 टन से अधिक मालवाहक वाहन के लिए पूर्णतः प्रतिबंधित किया गया है। उक्त टिप्पर वाहन अंजरेल समिति के सदस्य कृष्णा चंदेल के नाम से है वही मृतक ड्राइवर के परिवारजन का आरोप है कि वाहन मालिक ने अपने आर्थिक लाभ एवं डीजल की बचत हेतु शॉर्टकट मार्ग से जाने हेतु दबाव डाला गया, जिसकी जांच कर आवश्यक कार्यवाही की जाने की मांग की गई है।

न्यायालय तहसीलदार अंतागढ़ जिला उ.ब. कांकेर (छ.ग.)

आम/उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.202602140100015 /अ-20(3)/वर्ष 2025-26

ग्राम कढ़ाईखोदरा प.ह.न. 06 रा.नि.मं. अंतागढ़

एतद् द्वारा ग्राम पंचायत कढ़ाईखोदरां के आम जनता को सूचित किया जाता है, कि उपायुक्त सहकारिता एवं उप पंजीयक सहकारी संस्थाएँ जिला उ.ब. कांकेर के पत्र क्रमांक/178/उपका/साख-भूमि आबंटन/2026 दिनांक 02.02.2026 के अनुसार ग्राम कढ़ाईखोदरा पटवारी हल्का नंबर 06 तहसील अंतागढ़ में स्थित शासकीय आबादी मद की भूमि 270/2 में से रकबा 1.25हे. भूमि को गोदाम सह कार्यालय निर्माण हेतु भूमि आबंटन करने मांग कलेक्टर, जिला उ.ब. कांकेर में करने पर प्रकरण में राजस्व पुस्तक परिपत्र में निहित प्रावधान एवं शासन द्वारा शासकीय भूमि आबंटन के लिए निर्धारित चेकलिस्ट अनुसार जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत करने पर अनुविभागीय अधिकारी (रा.) अंतागढ़ के माध्यम से इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है ।

अतः आवेदित भूमि को गोदाम सह कार्यालय निर्माण हेतु भूमि आबंटन किये जाने में जिस किसी व्यक्ति / संस्था को दावा / आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से प्रकरण में सुनवाई तिथि 12.03.2026 के पूर्व कार्यालयीन दिवस में अपना दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। उक्त तिथि के बाद प्रस्तुत दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 25.02.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी।

मुहर

तहसीलदार
अंतागढ़ (छ.ग.)

सड़कों पर मवेशी राज, सिस्टम लाचार, कागजों पर सिमटी सरकारी योजनाएं

लगातार हो रहे हादसे से जनता बेहाल और किसान परेशान

सुशील शुक्ला । मुंगेली

जिले में मौत बनकर घूम रहे है बेसहारा पशु हर चौराहों पर पशुओं का कब्जा प्रशासन बेबस नजर आ रही है और इन अव्यवस्थाओं की लापरवाही का खामयाजा आम जनता भुगत रही है, हाई कोर्ट के फ्टकार के बाद भी हालत में कोई सुधार नहीं, छत्तीसगढ़ कृषि पशु परिरक्षण अधिनियम लागू होने के बावजूद धरातल पर निगरानी तंत्र पूरी तरह ध्वस्त है। राज्य में गोवंश के अवैध परिवहन और तस्करी की चुनौतियां भी बढ़ रही हैं।

बेसहारा मवेशियों को मिले सहारा- जिले में बेसहारा मवेशियों की बढ़ती संख्या के कारण सड़क हादसों में लगातार वृद्धि हो रही है। स्थिति यह है कि सड़कों पर ट्रैफिक सिग्नल की बजाय आवारा गोवंश का राज चल रहा है। नगर पालिका और प्रशासन के तमाम दावों के बावजूद मुख्य मार्गों से लेकर तंग गलियों तक में मवेशियों का जमावड़ा लगा रहता है। हार्न बजाने पर भी ये मवेशी टस से मस नहीं होते, जिससे यातायात बाधित हो रहा है। हाई कोर्ट ने भी इस समस्या पर चिंता जताते हुए प्रशासन को कई बार फ्टकार लगाई है, लेकिन हालात में कोई सुधार नहीं हुआ है। पड़ताल में यह सामने आया है कि राष्ट्रीय राजमार्गों पर भी गोवंश के झुंड बैठे रहते हैं. जिससे राहगीर और मवेशी दोनों हादसों का शिकार हो रहे हैं। हाईवे पर मवेशियों की उपस्थिति से मौत

का खतरा बढ़ गया है। मुंगेली-बिलासपुर, मुंगेली-रायपुर और मुंगेली-कवर्धा राजमार्ग पर मवेशियों के कारण रोजाना हादसे हो रहे हैं। रात के अंधेरे में सड़क पर बैठे काले मवेशी दिखाई नहीं देते, जिससे दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। रिंग रोड़ पर भी यात्रियों को इन पशुओं के बीच से निकलने में कठिनाई हो रही है। पशुओं के सड़कों पर आने का मुख्यकारण चारागाह भूमि का खत्म होना है। जिले में गौधाम योजना के तहत लगभग 05 गोठान पंजीकृत हैं, जिनकी क्षमता लगभग 1200 पशुओं की है, लेकिन वर्तमान में केवल तीन गौधाम क्रियाशील हैं, जहां क्षमता से अधिक पशुओं को आश्रय मिला है।

व्यवस्था पर दे ध्यान

मैं चाहती हूं की गौ माता के साथ-साथ हमें विशेष रूप से गौ वंश की सुरक्षा, भोजन-पानी और आवास की व्यवस्था पर ध्यान देना चाहिए घुमंतू पशु भूख से परेशान होकर जन हानि कर देते है जिससे राहगीरों को परेशानी हो जाती है। उनकी दयनीय स्थिति को देखते हुए मेरी प्रशासन से यह विनती है कि जिले के गौठानो की व्यवस्था पर पहले ध्यान दिया जाए।

किरण, एक आम नागरिक

न्यूज गैलरी

सक्ती पुलिस ने अवैध गांजा परिवहन करते दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

सक्ती/नवप्रदेश। जिले के पुलिस अधीक्षक प्रफुल्ल कुमार ठाकूर (भापुसे) के निर्देश पर अवैध गांजा और शराब की बिक्री एवं परिवहन रोकने के लिए कड़ी कार्रवाई की जा रही है। इसी दिशा में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल और अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) भुवनेश्वरी पैकरा के मार्गदर्शन में दिनांक 07.03.26 को थाना बाराद्वार के निरीक्षक नरेन्द्र यादव ने टीम का गठन कर मुखबीर द्वारा बताए गए स्थान पर छापेमारी की। रेड के दौरान टीम ने मारूती डिजायर से आरोपी अमर सिंह गुप्ता (32), निवासी छोटे देवगांव, खरसिया और मनी राम उर्फ बंटी धुर्व (20), निवासी नवापारा सिरगिट्टी, बिलासपुर को बिक्री हेतु परिवहन करते हुए पकड़ा। आरोपियों के कब्जे से कुल 9.225 किलोग्राम मादक पदार्थ गांजा जप्त किया गया, जिसकी अनुमानित कीमत 4,55,000 रुपये आंकी गई। इसके अलावा गाड़ी की कीमत 2,25,000 रुपये है।

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

मुंगेली/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के स्टेट प्लान ऑफ एक्शन के तहत जिला न्यायालय परिसर मुंगेली में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर विधिक जागरूकता कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महिला सशक्तिकरण, लैंगिक समानता और महिलाओं के कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाने पर विशेष जोर दिया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के तैलचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश गिरिजा देवी मेरावी ने समाज के निर्माण में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि आज महिलाएँ शिक्षा, प्रशासन, न्यायपालिका सहित हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा और परिश्रम से नई ऊँचाइयाँ हासिल कर रही हैं। न्यायपालिका में भी महिलाओं की सक्रियता और संवेदनशीलता न्याय व्यवस्था को और अधिक सशक्त बना रही है। कार्यक्रम में प्रथम जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश राकेश कुमार सोम, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मुंगेली की सचिव श्रीमती कंचन लता आचला, द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश दीपक कुमार शर्मा, अतिरिक्त न्यायाधीश कु. नारायणी कच्छप, चीफ एलएडीसी टीकम चंद्राकर सहित जिला न्यायालय मुंगेली के न्यायाधीश, अधिवक्ता एवं कर्मचारीगण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने महिलाओं के अधिकारों, उनके कानूनी संरक्षण तथा समाज में समान अवसर उपलब्ध कराने की आवश्यकता पर विस्तार से विचार व्यक्त किए। वरिष्ठ एवं महिला अधिवक्ताओं ने भी अपने अनुभव साझा करते हुए कार्यस्थल पर महिलाओं के लिए सुरक्षित, सम्मानजनक और समान अवसर वाला वातावरण सुनिश्चित करने का संकल्प दोहराया। इस अवसर पर जिला न्यायालय मुंगेली की महिला न्यायाधीशों, महिला कर्मचारियों एवं महिला अधिवक्ताओं को प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी न्यायाधीशों और अधिवक्ताओं ने समाज में महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा और अधिकारों की रक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की शपथ ली। कार्यक्रम का सफ्ल संचालन एवं आभार प्रदर्शन न्यायालयीन कर्मचारियों द्वारा किया गया।

महिला दिवस पर सरगुजा संभाग में महा जनसुनवाई सप्ताह आज

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। महिलाओं को त्वरित न्याय और शिकायतों के शीघ्र निराकरण के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग द्वारा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महा जनसुनवाई सप्ताह (8 से 13 मार्च) का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में सरगुजा संभाग के लिए 9 मार्च 2026 को जिला पंचायत सभाकक्ष, अम्बिकापुर में महा जनसुनवाई आयोजित की जाएगी, जिसमें संभाग के छह जिलों के कुल 101 प्रकरणों की सुनवाई की जाएगी। महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक ने बताया कि महिलाओं को त्वरित राहत प्रदान करने के उद्देश्य से यह महत्वपूर्ण पहल की गई है। आयोग द्वारा पिछले साढ़े पांच वर्षों में प्रदेश के विभिन्न जिलों में 370 से अधिक जनसुनवाई आयोजित कर लगभग 8000 से अधिक प्रकरणों का निराकरण किया जा चुका है। इसी अनुभव को आगे बढ़ाते हुए इस बार संभाग स्तर पर यह विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

बकाया बिजली बिलों के निराकरण के लिए सरचार्ज में विशेष छूट

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। बिजली उपभोक्ताओं को बड़ी राहत देते हुए छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी द्वारा 'समाधान योजना 2026' लागू की गई है। इस योजना के माध्यम से लंबे समय से बकाया बिजली बिल वाले उपभोक्ताओं को सरचार्ज में विशेष छूट प्रदान कर बकाया राशि के निराकरण का अवसर दिया जा रहा है। आदेशानुसार योजना का लाभ उन उपभोक्ताओं को मिलेगा जिनके विद्युत देयक 31 मार्च 2023 तक बकाया हैं।

कलेक्टर ने निर्माणाधीन स्कूलों का किया निरीक्षण

मुंगेली/नवप्रदेश। जिले में निर्माणाधीन पीएम श्री तथा स्वामी आत्मानंद विद्यालयों का निरीक्षण कलेक्टर ने किया। निरीक्षण के दौरान निर्माण कार्यों की धीमी प्रगति और गुणवत्ता में कमी पर उन्होंने गहरी नाराजगी व्यक्त की तथा संबंधित अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए। कलेक्टर ने जिला पंचायत सीईओ के साथ मोतिमपुर (अमरटापू) में निर्माणाधीन पीएम श्री विद्यालय का अवलोकन किया। उन्होंने लैब, लाइब्रेरी, कक्षाओं सहित विभिन्न व्यवस्थाओं का निरीक्षण करते हुए पीएम श्री के मानकों के अनुरूप सभी आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधूरे कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने तथा स्कूल की शिफ्टिंग जल्द सुनिश्चित करने को कहा।

निरीक्षण के दौरान निर्माण कार्य मानकों के अनुरूप नहीं पाए जाने पर कलेक्टर ने एसडीओ सहित सब इंजीनियर को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। इसके बाद उन्होंने लोरमी विकासखंड के लालपुर धाम में स्व.अंजोरदास पाटले स्वामी आत्मानंद विद्यालय के निर्माणाधीन भवन का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण कार्य में गुणवत्ता सुनिश्चित करने तथा निर्धारित समय-सीमा में कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने संबंधित इंजीनियरों और ठेकेदारों को सख्त हिदायत देते हुए कहा कि शिक्षा शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है, इसलिए विद्यालय परिसर के निर्माण कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या गुणवत्ता से समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। खराब गुणवत्ता पाए जाने पर संबंधितों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्वामी आत्मानंद स्कूल लोरमी का भी दौरा किया। यहां निर्माण कार्य की धीमी प्रगति पर नाराजगी जताते हुए ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के ईई, एसडीओ एवं सब इंजीनियर को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। साथ ही निर्माण कार्यों की समय पर रिपोर्टिंग और प्रभावी मॉनिटरिंग नहीं होने पर जिला शिक्षा अधिकारी (डीईओ) और जिला मिशन समन्वयक (डीएमसी) को भी नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि आने वाले समय में मुख्यमंत्री द्वारा इन सभी नए स्कूल भवनों का उद्घाटन किया जाएगा, इसलिए निर्माण कार्य पूर्ण गुणवत्ता और भव्यता के साथ समय पर पूर्ण होना चाहिए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने स्वामी आत्मानंद विद्यालय लोरमी में कक्षा आठवीं के विद्यार्थियों से संवाद किया। इस दौरान उन्होंने बच्चों से उनके भविष्य के सपनों के बारे में भी जाना और उन्हें मोबाइल से दूर रहकर पूरी मेहनत और लगन के साथ पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर मुंगेली एसडीएम अजय शतरंज सहित संबंधित विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

अस्पतालों और डायग्नोस्टिक सेंटरों का औचक निरीक्षण

मुंगेली/नवप्रदेश। जिले में संचालित निजी अस्पतालों एवं डायग्नोस्टिक सेंटरों का औचक निरीक्षण किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला नोडल अधिकारी नर्सिंग होम एक्ट/पीसीपीएनडीटी एक्ट तथा प्रभारी आयुष चिकित्सा अधिकारी की संयुक्त टीम ने सिटी हॉस्पिटल, राम डायग्नोस्टिक सेंटर, के.एम. इमेजिंग सेंटर, एस.बी. हॉस्पिटल मुंगेली, अवध लाइफ केयर हॉस्पिटल तथा यशोदा हॉस्पिटल (बिलासपुर रोड, मुंगेली) का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान सिटी हॉस्पिटल मुंगेली में कोई भी चिकित्सक उपस्थित नहीं पाए गए तथा नर्सिंग स्टाफकी भी कमी पाई गई। वहीं राम डायग्नोस्टिक सेंटर में रजिस्टर का अवलोकन करने पर वह पूर्ण रूप से संधारित नहीं पाया गया। इसी प्रकार एस.बी. हॉस्पिटल में रजिस्टर एवं मरीजों के केसशीट का निरीक्षण किया गया, जहां रजिस्टर और केसशीट अपूर्ण पाए गए। इस पर अस्पताल संचालक को रजिस्टर पूर्ण रूप से संधारित करने के निर्देश दिए गए। अवध लाइफकेयर हॉस्पिटल में ओपीडी, आईपीडी, जन्म-मृत्यु रजिस्टर, ओ.टी. रजिस्टर सहित अन्य आवश्यक अभिलेखों और मरीजों की केसशीट का निरीक्षण किया गया। यहां भी सभी रजिस्टर अपूर्ण पाए गए तथा मरीजों की केसशीट भी पूर्ण रूप से नहीं भरी गई थी। इस पर अस्पताल संचालक को सभी अभिलेख तत्काल पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान के.एम. इमेजिंग सेंटर में पार्किंग व्यवस्था सुव्यवस्थित नहीं पाई गई, जिस पर सेंटर संचालक को पार्किंग व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए गए। वहीं यशोदा हॉस्पिटल में मरीजों की केसशीट अपूर्ण पाई गई, जिसे शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए गए।

विधायक पुन्नूलाल मोहले ने किया लोकार्पण

मुंगेली/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ी स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड मुंगेली के ग्राम पंचायत पौनी में बिजली सब स्टेशन में नया अतिरिक्त पावर ट्रांसफार्मर 3.15 एम वीए का स्थापित किया गया है। जिसका लोकार्पण विधायक पुन्नूलाल मोहले ने पूजा अर्चना कर विधिवत किया। पौनी सब स्टेशन मे अधिक लोड होने के कारण पिछले 6 महीने से क्षेत्र के लोग लो वोल्टेज से जूझ रहे थे जो अब नया पावर ट्रांसफार्मर स्थापित होने से लो वोल्टेज के समस्या से पौनी सब स्टेशन के अंतर्गत आने वाले सभी ग्राम में बिजली समस्या से निजात मिलेगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता जनपद पंचायत अध्यक्ष रामकमल सिंह परिहार, रजनी मानिक सोनवानी, लक्ष्मीकांत भास्कर, किरन घृतलहरे, नेमसिंह बोगी बारमते, भारत रत्न मंडेला बनर्जी, संदीप सिंह ठाकुर, सोम वैष्णव, धनेश कुमार नवरंग, शिवकुमार लहरिया, सत्यप्रकाश सिंह, तिलक सिंह बनर्जी, बलदाऊ साहू, लोकनाथ सिंह, मानस प्रताप बैस, मानस प्रताप सिंह ठाकुर, सुरेश केशरवानी, शिवकुमार बंजारा, राकेश साहू, मानिकलाल सोनवानी, नितेश भारद्वाज, मनोहर मोहले, सुखचंद साहू, माधो सिंह ठाकुर, गिरवर घृतलहरे, नरेंद्र सिंह, सत्यम साहू, आनंद शर्मा, अर्चना बंजारा, टारकेश्वर साहू, ग्राम पंचायत के सभी पंच व प्रतिनिधि व भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता, बिजली विभाग के सभी अधिकारी कर्मचारीगण एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

किसानों पर हो रहे खिलवाड़ पर जताई चिंता

मुंगेली/नवप्रदेश। राज्य में इन दिनों किसानों के साथ में खिलवाड़ किया जा रहा हैं हमने सुनाओ था की डाकू, चोर और नक्शलाइड को समर्पण कराया जाता हैं इस बार राज्य की सरकार ने किसानों को समर्पण करने पर मजबूर कर दिया। उक्त बाते पूर्व मुख्य मंत्री भूपेश बघेल ने मुंगेली निजी प्रवास के दौरान पत्रकारों से चर्चा करते हुए कही उन्होंने आगे कहाँ कि पुलिस और प्रशासन के नाक के नीचे अफीम कि खेती हो रही हैं, कमल के फूल खिलाने वाले नेता अब अफीम के फूल खिला रहे हैं। उन्होंने आगे कहाँ कि आज प्रसानिक तंत्र राज्य तंत्र पर हावी हो गया है आज राज्य में भ्रस्टाचार और आतंक बढ़ने लगेगा हैं।

अल्प प्रवास में मुंगेली पहुंचे पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने पत्रकारो से बातचीत में कहा कि दुर्ग में अफीम की खेती करने वाले भाजपा नेता को भाजपा का सरकार का संरक्षण प्राप्त था। अन्नदाता किसान को समर्पण करने वाला बना दिये पहले नक्सली या अपराधियो कों समर्पण सुनते थे अब किसानों से समर्पण करा रहे। सिलेंडर का भाव बढाने वाली सरकार जनविरोधी है। सरकार की नीयत नही थी इसलिए 21 क्विंटल खरीदना ही नहीं चाहती थी। बेमेतरा जैसे जिले में भी प्रदेश में दूसरी सबसे खरीदी हुई ये विष्णुदेव साय के ज्यादा सुशासन में ही संभव है। पूरे प्रदेश में किसान मिलने पर बताते हैं वे अभी भी उनके कार्यकाल एवं उन्हे याद करते हैं कि उनके कारण ही उन्हे ये रेट मिल पा रहा है। उनके समय में सब व्यवस्थित खरीदी हुई ये किसानों का प्रेम है मेरा सौभाग्य है।

आंगनबाड़ी सेवाओं को सुदृढ़ बनाने कार्यशाला आयोजित

मुंगेली/नवप्रदेश। धरती आबा जनभागीदारी अभियान के तहत जिले में विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में जनपद पंचायत मुंगेली के सभाकक्ष में आंगनबाड़ी सेवाओं से संबंधित एक महत्वपूर्ण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, पोषण, टीकाकरण, किशोरी बालिकाओं के स्वास्थ्य एवं सशक्तिकरण, प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल एवं शिक्षा तथा सक्षम आंगनबाड़ी एवं पोषण 2.0 के अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

अफीम खेती के मामले में भाजपा नेताओं की संलिप्तता पर कांग्रेस का हमला, उच्चस्तरीय जांच की मांग

मनेंद्रगढ़/नवप्रदेश। जिला कांग्रेस कमेटी ने एक प्रेस वार्ता आयोजित कर प्रदेश में बढ़ते नशे के कारोबार और अवैध अफीम की खेती को लेकर राज्य की भाजपा सरकार पर तीखे प्रहार किए हैं। कांग्रेस नेताओं ने युवाओं के भविष्य के साथ हो रहे खिलवाड़ को लेकर गंभीर चिंता व्यक्त की है।

नशे का अड्डा बनता जा रहा प्रदेश: गुलाब कमरो

भरतपुर-सोनहत के पूर्व विधायक गुलाब कमरो ने दुर्ग जिले के समोदा गांव का हवाला देते हुए कहा कि एक फार्म हाउस के भीतर लगभग 10 एकड़ में अफीम की अवैध खेती का खुलासा होना बेहद चौंकाने वाला मामला है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा के शासनकाल में छत्तीसगढ़ नशे के कारोबार का केंद्र बनता जा रहा है और सरकार को इसकी नैतिक जिम्मेदारी स्वीकार करनी चाहिए।

युवा पीढ़ी पर मंडराता खतरा: नीरज पांडे

एनएसयूआई के प्रदेश अध्यक्ष नीरज पांडे ने कहा कि शराब, गांजा और अफीम जैसे मादक पदार्थों का जाल अब गांव-गांव तक फैल चुका है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की युवा पीढ़ी तेजी से नशे की गिरफ्त में जा रही है, लेकिन सरकार इस नेटवर्क को ध्वस्त करने में पूरी तरह विफल साबित हुई है।

बड़े नेताओं के साथ संलिप्तता के आरोप: सौरव मिश्रा

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मनेंद्रगढ़ शहर के अध्यक्ष सौरव मिश्रा ने इस मामले में भाजपा नेताओं के शामिल होने का दावा किया। उन्होंने बताया कि जिस व्यक्ति के यहाँ अफीम की खेती पकड़ी गई है, वह पूर्व में भाजपा किसान मोर्चा का दुर्ग जिला अध्यक्ष रह चुका है। मिश्रा ने कहा कि उक्त नेता की तस्वीरें प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल सहित कई बड़े भाजपा नेताओं के साथ सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। स्वास्थ्य मंत्री स्वयं भी पूर्व में भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष रह चुके हैं। ऐसे रसूखदार लोगों के साथ नजदीकियों को देखते हुए इस पूरे मामले की निष्पक्ष और उच्चस्तरीय जांच होनी चाहिए ताकि पर्दे के पीछे छिपे असली चेहरों का खुलासा हो सके।

आयोजन

प्रेस कॉन्फ्रेंस में अध्यक्ष रोहित शुक्ला ने साझा की एक साल की उपलब्धियां

नगर में सड़कों, चौक सौंदर्यीकरण और मूलभूत सुविधाओं पर रहा विशेष फोकस

मुंगेली/नवप्रदेश। नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष ने एक वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने के अवसर पर स्थानीय रेस्ट हाउस में प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। इस दौरान उन्होंने अपने एक साल के कार्यकाल में किए गए विकास कार्यों, निर्माणाधीन परियोजनाओं और आगामी योजनाओं की विस्तृत जानकारी पत्रकारों के साथ साझा की।

नगर पालिका अध्यक्ष रोहित शुक्ला ने बताया कि उनके कार्यकाल के पहले वर्ष में नगर में सड़क, नाली, चौक सौंदर्यीकरण, मुक्तिधाम उन्नयन, स्ट्रीट लाइट, गार्डन निर्माण सहित अनेक विकास कार्यों को प्राथमिकता दी गई है। उन्होंने कहा कि नगर की गरिमा के अनुरूप विकास कार्य आगे भी निरंतर जारी रहेंगे। श्री शुक्ला ने नगर की जनता का भी आभार व्यक्त करते हुए कहाकि एक सामान्य नागरिक को नगर की जनता ने अपना प्रेम,सहयोग और आशीर्वाद देकर नगर का प्रथम नागरिक बनने का अवसर दिया है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि नगर का विकास सभी की अपेक्षाओं और गरिमा के अनुरूप किया जाएगा वही नगर के प्रत्येक नागरिक को मूलभूत सुविधाएं दिलाना उनकी पहली प्राथमिकता रहेगी। वर्ष 2023-24 में 14वें वित्त आयोग के अंतर्गत लगभग 144.46 लाख रुपये की लागत से नगर के विभिन्न क्षेत्रों में

सड़क निर्माण और ट्यूबलर पोल लगाने के कार्य किए गए,जिनमें मेन रोड से शक्ति धर्मकांटा रोड, पंडरिया रोड से आत्मानंद स्कूल रोड,बस स्टैंड से बिजली ऑफिस रोड सहित कई प्रमुख मार्ग शामिल हैं। इन सभी कार्यों को पूर्ण कर लिया गया है। इसके अलावा वर्ष 2023-24 में अधोसंरचना मद के अंतर्गत 69 कार्यों के लिए 859.18 लाख रुपये स्वीकृत किए गए थे। इनमें से 60 कार्य 395.07 लाख रुपये की लागत से पूर्ण हो चुके हैं, जबकि कुछ कार्य प्रगतिरत हैं तथा नगर के विभिन्न चौकों के सौंदर्यीकरण सहित कुछ कार्य लगभग पूर्ण हो चुके हैं। वर्ष 2024-25 में अधोसंरचना विकास के लिए 1388.32 लाख रुपये की स्वीकृति मिली,जिसमें से 26 कार्य 299.64 लाख रुपये की लागत से पूर्ण किए जा चुके हैं। वहीं खर्रीपारा रोड, विभिन्न वार्डों में साइन बोर्ड, पड़ाव चौक में मूर्ति स्थापना, गौरवपथ निर्माण, पांच स्थानों पर स्वागत द्वार तथा स्वामी विवेकानंद की मूर्ति स्थापना सहित कई कार्य 1006.05 लाख रुपये की लागत से प्रगतिरत हैं। वर्ष 2025-26 में 2546.62 लाख रुपये की लागत से 27 विकास कार्य स्वीकृत किए गए हैं। इनमें हाई मास्ट लाइट, स्विमिंग पूल, आगर खेल परिसर का जीर्णोद्धार, साहू पारा सामुदायिक भवन, मां परमेश्वरी चौक विकास, आगर नदी तट पर शेड और चबूतरा, चौक सौंदर्यीकरण, नालंदा परिसर निर्माण और एनयूएलएम कार्यालय रिनोवेशन जैसे कार्य शामिल हैं, जिनमें से अधिकांश पर तेजी से काम चल रहा है। नगर में स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए पिछले वर्षों में ट्रैक्टर, मिनी टिपर, वैक्यूम एम्पिटर, ई-रिक्शा, कम्पोस्ट मशीन, ट्रैक्टर ट्रॉली और स्टील डस्टबिन सहित विभिन्न मशीनरी और उपकरणों की खरीद की गई है। इन कार्यों पर अब तक लगभग 303.79 लाख रुपये खर्च किए जा चुके हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत नगर में 1379 आवास स्वीकृत हुए, जिनमें से 1238 पूर्ण हो चुके हैं और 151 निर्माणाधीन हैं। पिछले एक वर्ष में ही 77 आवास पूर्ण किए गए हैं।

भाजपा सरकार के संरक्षण में अफीम की खेती का आरोप, गृह मंत्री से इस्तीफे की मांग

गरियाबंद/नवप्रदेश। प्रदेश में नशे के बढ़ते कारोबार को लेकर गरियाबंद जिला कांग्रेस कमेटी ने भाजपा सरकार पर गंभीर आरोप लगाये हैं। रविवार नगर में आयोजित पत्रकार वार्ता में कांग्रेस नेताओं ने कहा कि दुर्ग जिले के समोदा गांव में एक फार्म हाउस के अंदर लगभग 10 एकड़ जमीन पर अफीम की खेती किये जाने का खुलासा हुआ है। कांग्रेस का आरोप है कि यह खेती भाजपा से जुड़े नेता विनायक ताम्रकार के संरक्षण में करवाई जा रही थी।

कांग्रेस नेताओं ने बताया कि विनायक ताम्रकार भाजपा के दुर्ग जिला किसान मोर्चा के पूर्व अध्यक्ष रह चुके हैं तथा वर्तमान में भाजपा के राइस मिल प्रसंस्करण प्रकल्प के प्रदेश संयोजक हैं। पार्टी के विभिन्न कार्यक्रमों में उनकी सक्रिय भागीदारी रहती है और कई वरिष्ठ भाजपा नेताओं के साथ उनकी तस्वीरें भी सोशल मीडिया में मौजूद हैं।

कांग्रेस का आरोप है कि बिना सरकारी संरक्षण के इतनी बड़े पैमाने पर अफीम की खेती संभव नहीं है। उनका कहना है कि भाजपा सरकार के सत्ता में आने के बाद प्रदेश में जुआ, सट्टा, शराब तस्करी और नशे के कारोबार में तेजी से वृद्धि हुई है। सत्ता में बैठे लोगों के संरक्षण के कारण यह अवैध कारोबार फल-फूल रहा है।

रविवार को नगर में आयोजित पत्रकारवार्ता के दौरान जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुखचंद बेसरा, रमेश शर्मा, नीरज ठाकुर, सन्नी

मेमन, राजेश साहू, मेघनाथ बघेल, चमन साहू, जुनैद खान, चंद्रभूषण चौहान, अमित मिरी, सुरेश मानिकपुरी, रमेश मेश्राम, पंचराम, भूपेंद्र साहू, गणेश राम नेताम, सुभाष, अब्दुल कादर हिंगोरा आदि कांग्रेस नेताओं ने इस घटना की नैतिक जिम्मेदारी लेते हुये प्रदेश के गृह मंत्री से इस्तीफे की मांग की है। उनका कहना है कि छत्तीसगढ़ में नशे का कारोबार लगातार बढ़ रहा है और युवाओं को इसकी गिरफ्त में धकेला जा रहा है।

कांग्रेस का यह भी आरोप है कि शहरों के आउटर क्षेत्रों में संचालित कई कैफे युवाओं को नशा उपलब्ध कराने के केंद्र बन चुके हैं और पुलिस इस पर प्रभावी कार्रवाई करने के बजाय मौन बनी हुई है। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि उनकी सरकार के समय हुक्का बार बंद कराये गये थे और सूखे नशे के कारोबार पर सख्ती से रोक लगाई गई थी, लेकिन भाजपा सरकार बनने के बाद एक बार फिर नशे का अवैध कारोबार बढ़ गया है।

कांग्रेस ने कहा कि पिछले दो वर्षों में शराब, गांजा, अफीम और हेरोइन जैसे नशे के कारण युवा पीढ़ी में नशे की लत तेजी से बढ़ी है, जो अब महामारी का रूप लेती जा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि चंद पैसों के लालच में सत्ताधारी लोग नशे के कारोबार को रोकने के बजाय संरक्षण दे रहे हैं।

न्यूज गैलरी

सशक्त नारी ही सशक्त भारत की आधारशिला है: माधुरी साहू

नवापारा राजिम/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा
42
की प्रदेश सह समन्वयक माधुरी साहू ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के पावन अवसर पर सभी माताओं, बहनों और बेटियों को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति में नारी को शक्ति, सृजन और संस्कार का प्रतीक माना गया है। हमारे शास्त्रों में कहा गया है– यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवताः, अर्थात जहां नारी का सम्मान होता है, वहीं समृद्धि और प्रगति का वास होता है। यही विचार आज आधुनिक भारत के विकास का भी आधार बन रहा है। आज भारतीय महिलाएँ रक्षा, विज्ञान, खेल, शिक्षा, प्रशासन और राजनीति सहित हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा, परिश्रम और नेतृत्व से देश का गौरव बढ़ा रही हैं। देश की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का सर्वोच्च संवैधानिक पद पर आसीन होना भारतीय लोकतंत्र में महिला सशक्तिकरण का सशक्त प्रतीक है। खेल जगत में मनु भाकर, पी. वी. सिंधु और मीराबाई चानू जैसी खिलाड़ियों ने अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत का मान बढ़ाया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में महिला सशक्तिकरण को नई दिशा मिली है। नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023 के माध्यम से लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण का मार्ग प्रशस्त हुआ है। साथ ही बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, सुकन्या समृद्धि योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदन योजना तथा छत्तीसगढ़ की महतारी वंदन योजना जैसी योजनाएँ महिलाओं को शिक्षा, सुरक्षा और आर्थिक आत्मनिर्भरता प्रदान कर रही हैं। आज की भारतीय नारी केवल परिवार की आधारशिला नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण की सशक्त शक्ति बन चुकी है।

कार की ठोकर से बाइक सवार घायल

महासमुंद/नवप्रदेश। कार की टक्कर से एक बाइक सवार घायल हो गया। बसना पुलिस को ग्राम फरफौद निवासी हर्ष चंद्राकर ने बताया कि 27 फरवरी की शाम करीब 7.20 बजे बाइक होंडा शाइन सीजी 04 एलयू 2984 में अपने साथी भागवत यादव के साथ ग्राम गढ़पटनी जा रहा था, टाइल्स गोदाम के पास सामने से आ रही सफेद रंग का रेनाल्ट ट्राईबर सीजी 04 एमवी 5981 के चालक ने अपने वाहन को तेज व लापरवाहीपूर्वक चला कर उसकी बाइक को ठोकर मार दिया, घटना में भागवत यादव के दाहिना पैर, घुटने के पास चोट आई है। पुलिस ने आरोपी वाहन चालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 125(ए), 281 के तहत अपराध दर्ज किया है।

भतीजे ने चाचा को डंडे से पीटा

महासमुंद/नवप्रदेश। गाली -गलौज करने से मना करने पर एक युवक ने चाचा के साथ मारपीट कर दी। सांकरा पुलिस ने मामले की रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। पुलिस को सल्डीह निवासी देवारचंद भोई (55) ने बताया कि 7 मार्च को 11 बजे वह अपने घर में था, तभी भतीजा मथामणि भोई अपने घर के सामने गाली- गलौज कर रहा था, मना करने पर आरोपी ने गाली-गलौज कर डंडे से पीटा। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ बीएनएस की धारा 115(2), 296 के तहत अपराध दर्ज किया है।

चाकू दिखाकर लोगों को डराने वाले दो गिरफ्तार

महासमुंद/नवप्रदेश। पुलिस ने दहशत फैलाने के इरादे से चाकू लहराने वाले दो को गिरफ्तार किया है। दोनों को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है। पुलिस को मुखबिरों से सूचना मिली थी कि नयापारा क्षेत्र में कुछ लोग धारदार हथियार लेकर लोगों को डरा-धमका रहे हैं। इस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने दो अलग-अलग स्थानों पर दबिश दी। 6 मार्च को तारिणी मंदिर नयापारा के पास पुलिस ने घेराबंदी कर संजय नगर निवासी मो. इलियास खान (31) को रंगे हाथों पकड़ा। उसके पास से एक चाकू बरामद किया गया । इसी तरह 7 मार्च को गौसिया मस्जिद नयापारा के पास चाकू लहराने की सूचना पर पुलिस ने नयापारा निवासी दीपक देवांगन (30) को पकड़ा। तलाशी के दौरान उसके पास से एक धारदार चाकू बरामद किया गया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आर्म्स एक्ट की धारा 25 के तहत आरोपियों को कोर्ट में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है।

एक साल में प्रशासनिक कार्यों को पूरी दक्षता के साथ किया: हुलसी

महासमुंद/नवप्रदेश। जनपद पंचायत के उपाध्यक्ष हुलसी जितेंद्र चंद्राकर ने अपने कार्यकाल का एक वर्ष पूर्ण करने पर कहा है कि सेवा और समर्पण के संकल्प के साथ शुरू हुए सफर के एक साल में उन्होंने न केवल प्रशासनिक कार्यों में दक्षता दिखाई, बल्कि ग्रामीण इलाके के अंतिम व्यक्ति तक शासन की योजनाओं को पहुँचाने में भी सेतु का काम किया है। चंद्राकर का यह पहला साल बुनियादी ढांचे को मजबूत करने और सामाजिक सरोकारों के नाम रहा। जनपद क्षेत्र की विभिन्न ग्राम पंचायतों में जैसे नल-जल योजना के माध्यम से घर-घर स्वच्छ पानी, सीसी रोड, नाली निर्माण और सामुदायिक भवनों के प्रस्तावों को त्वरित स्वीकृति दिलाकर विकास कार्यों को गति दी, आंगनबाड़ी केंद्रों और स्कूलों के निरीक्षण के साथ-साथ स्वास्थ्य सुविधाओं को सुलभ बनाने पर विशेष जोर दिया, एक जनप्रतिनिधि के तौर पर हुलसी जितेंद्र चंद्राकर की सबसे बड़ी खूबी उनकी सुलभता रही है। उन्होंने एसी कमरों की बजाय गांव की गलियों और चौपालों पर जनता की समस्याएं सुनीं। पद संभालने के बाद से ही उन्होंने महिला स्व-सहायता समूहों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए विशेष मार्गदर्शन प्रदान किया। उनका मानना है कि जब गांव की महिलाएं सशक्त होंगी, तभी पूरा समाज प्रगति करेगा। उन्होंने कहा कि यह एक वर्ष क्षेत्र की जनता के विश्वास का वर्ष रहा है। मेरा लक्ष्य राजनीति नहीं, बल्कि सेवा है।

स्वावलंबी महिला विकास समिति, गायत्री परिवार व पतंजलि योग समिति का संयुक्त आयोजन

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस व होली मिलन समारोह में महिलाओं का किया सम्मान

गरियाबंद/नवप्रदेश। गरियाबंद में भारतीय नारी के सम्मान और सशक्तिकरण को समर्पित अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस एवं होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम स्वावलंबी महिला विकास समिति गरियाबंद, गायत्री परिवार तथा महिला पतंजलि योग समिति के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न हुआ, जिसमें समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य कर रही महिलाओं को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि वैदिक काल से लेकर आज तक भारतीय नारी केवल परिवार तक सीमित नहीं रही, बल्कि ज्ञान, तप, योग, संस्कृति और सामाजिक-आर्थिक संरचना की धुरी रही है। भारतीय नारी ने मातृत्व, कर्तव्य और नेतृत्व के समन्वय से समाज को दिशा देने का कार्य किया है। आज भी महिलाएं समाज सेवा, योग, बाल विवाह मुक्त अभियान और आत्मनिर्भरता जैसे क्षेत्रों में

उल्लेखनीय योगदान दे रही हैं।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमती गंगा अग्रवाल (राज्य सहप्रभारी, महिला पतंजलि योग समिति) उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता सुश्री बिंदु बहन (संचालिका, ओम शांति सेंटर गरियाबंद) ने की। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में श्रीमती ममता साहू (राज्य कार्यकारिणी सदस्या, महिला पतंजलि) तथा श्रीमती नूतन श्रीवास दीदी (गायत्री परिवार) मौजूद रहीं।

इस अवसर पर समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित भी किया गया। नगर पालिका की पार्षद रेणुका साहू को नेतृत्व के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया। श्रीमती पार्वती बघेल (क्लस्टर अध्यक्ष, मैनपुर ब्लॉक) को जेंडर समानता के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए सम्मान मिला। वहीं रमा जावलकर को एक्सिस टू जस्टिस बाल विवाह मुक्त जागरूकता कार्यक्रम में समर्पित कार्य के लिए तथा सुश्री रानी निषाद को ईको-फ्रेंडली आर्ट में उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने कहा कि स्वावलंबी महिला विकास समिति, पतंजलि योग समिति और गायत्री परिवार की महिलाएं जिले में निरंतर नारी जागरण और नारी सशक्तिकरण के कार्य कर रही हैं। सुदूर वनांचल से लेकर शहरों तक महिलाओं के बीच जागरूकता अभियान चलाकर उन्हें आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इसी भावना के साथ 'नारी से नारायणी' का संदेश समाज तक पहुंचाया जा रहा है, जो केवल एक विचार नहीं बल्कि महिलाओं की शक्ति और गौरव का उत्सव है।

कार्यक्रम को दान से लाभ की भावना के साथ आयोजित किया गया। आयोजकों ने बताया कि दान का वास्तविक अर्थ निस्वार्थ भाव से श्रेष्ठ कार्यों के लिए योगदान देना है। भारतीय नारी अपने जीवन में प्रेम, ज्ञान, वात्सल्य और समर्पण के माध्यम से परिवार, समाज और राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है, इसलिए वह सदैव पूजनीय और वंदनीय है।

महिला बाल विकास विभाग द्वारा महिलाओं का सम्मान

गरियाबंद/नवप्रदेश। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर गरियाबंद महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा गांधी मैदान स्थित मंगल भवन में महिलाओं के सम्मान में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।कार्यक्रम की शुरुआत खेल प्रतियोगिताओं से की गई, जिसमें महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। प्रतियोगिताओं में महिलाओं ने खेल भावना के साथ भाग लेते हुए उत्साह और प्रतिभा का परिचय दिया। कार्यक्रम के दौरान महिला सशक्तिकरण, समाज में महिलाओं की भूमिका और उनके अधिकारों को लेकर चर्चा की गई। वक्ताओं ने कहा कि आज महिलाएं शिक्षा, स्वास्थ्य, प्रशासन और सामाजिक क्षेत्रों में आगे बढ़कर अपनी अलग पहचान बना रही हैं और समाज के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं। इस अवसर पर आंगनबाड़ी में उत्कृष्ट कार्य करने वाली कार्यकर्ताओं को भी सम्मानित किया गया। जिला पंचायत उपाध्यक्ष लालिमा ठाकुर ने कहा कि महिलाएं आज हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं और समाज के विकास में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका है।

महिला दिवस महिलाओं के सम्मान और उनके अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाने का अवसर है। वहीं नगर पालिका अध्यक्ष रिखी यादव ने कहा कि महिलाएं आज हर क्षेत्र में अपनी पहचान बना रही हैं और समाज को नई दिशा देने का कार्य कर रही हैं।

निर्धन कन्या विवाह के लिए समाजसेवी रामाराव बघेल ने दी 11 हजार की सहायता

नगरी/नवप्रदेश। क्षेत्र के समाजसेवी रामाराव बघेल द्वारा लगातार गरीब और जरूरतमंद लोगों की मदद कर समाज सेवा की मिसाल पेश की जा रही है। इसी क्रम में वे ग्राम सिरसिदा पहुंचे और एक निर्धन परिवार की कन्या के विवाह के लिए 11 हजार रुपये की सहयोग राशि प्रदान कर परिवार की सहायता की। जानकारी के अनुसार, सिरसिदा निवासी एक गरीब परिवार अपनी बेटी की शादी को लेकर आर्थिक परेशानी का

सामना कर रहा था। इस बात की जानकारी मिलने पर समाजसेवी रामाराव बघेल स्वयं गांव पहुंचे और परिवार से मुलाकात कर उन्हें 11 हजार रुपये की सहायता राशि देकर सहयोग किया। उनके इस सहयोग से परिवार को बड़ी राहत मिली और ग्रामीणों ने उनके इस कार्य की सराहना की।

बताया जाता है कि समाजसेवी रामाराव बघेल शिक्षा के क्षेत्र में भी विशेष योगदान देते हैं। वे हर वर्ष 10वीं और 12वीं कक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर उच्च अंक प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहन राशि देकर सम्मानित करते हैं, जिससे विद्यार्थियों का उत्साह बढ़ता है। और वे आगे बेहतर करने के लिए प्रेरित होते हैं।

वृंदावन विद्यालय में बच्चों ने खेली होली

वार्षिक खेलकूद और पुरस्कार वितरण हुआ

महासमुंद/नवप्रदेश। वृंदावन विद्यालय इंग्लिश मीडियम हाईस्कूल में वार्षिक क्रीडा प्रतियोगिता में विजयी विद्यार्थियों के सम्मान व होली उत्सव का कार्यक्रम विद्यालय प्रांगण में रखा गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था प्रमुख एमआर विश्वनाथन, संचालिका सुजाता विश्वनाथन, उपप्राचार्य इंदु मिश्रा, वरिष्ठ शिक्षिका उर्मिला अग्निहोत्री, अमृता चंद्राकर वर्षा चंद्राकर ने मां शारदा व भगवान

कृष्ण की मूर्ति समक्ष दीप प्रज्ज्वलन कर किया । पुरस्कार वितरण के दौरान कक्षा नर्सरी से 10वीं तक के छात्रों को 100 मी. रेस, सैक रेस, स्पून रेस, म्यूजिकल चेयर, रोप-स्किपिंग, कबड्डी, खो-खो, रोप पुलिंग, क्रिकेट और अन्य एथलेटिक प्रतियोगिताओं में बच्चों के उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पदक, प्रमाण पत्र और ट्रॉफियां प्रदान की गईं। संस्था प्रमुख एमआर विश्वनाथन ने सभी प्रतिभागियों व विजयी छात्रों के प्रयासों की सराहना की, तथा खेल को जीवन का एक अभिन्न हिस्सा बताया, जो अनुशासन और टीम भावना सिखाता है।

तीन दिवसीय सद्गुरु कबीर सत्संग 11 से

महासमुंद/नवप्रदेश। ग्राम रजकट्टी में ग्रामवासी, केडीवी मिशन एवं आमीन माता महिला मंडल के संयुक्त तत्वावधान में तीन दिवसीय सद्गुरु कबीर सत्संग समारोह का आयोजन 11 से 13 मार्च तक किया जाएगा। इस आयोजन को लेकर क्षेत्र के कबीरपंथी अनुयायियों में उत्साह देखा जा रहा है तथा कार्यक्रम की तैयारियां जोर-शोर से की जा रही हैं।

आयोजकों ने बताया कि 11 मार्च को सत्संग समारोह का शुभारंभ भजन, कीर्तन और कबीर वाणी पाठ के साथ किया जाएगा। 12 मार्च को गुरुमाता सुलक्षणा देवी विशेष रूप से उपस्थित होकर सत्संगियों को कबीर साहेब की वाणी, मानव जीवन के महत्व, सतमार्ग तथा समाज में सद्भावना और नैतिक मूल्यों पर आधारित प्रवचन देंगी। उनके प्रवचन से श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक मार्गदर्शन प्राप्त होगा। समारोह के अंतिम दिन 13 मार्च को पंथ श्री हुजूर उदित मुनि नाम साहेब (कबीर धर्मनगर दामाखेड़ा) की उपस्थिति में चौका आरती एवं विशेष सत्संग कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

पिथौरा से लापता तीन मासूम 3 घंटे में बरामद

सुरक्षित परिजनों को सौंपा

पिथौरा/नवप्रदेश। पिथौरा पुलिस ने शनिवार रात गुमशुदा हुए तीन बच्चों को महज कुछ ही घंटों के भीतर सुरक्षित ढूंढ निकालकर अपनी कार्यकुशलता और संवेदनशीलता का परिचय दिया है। पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई की क्षेत्र में जमकर प्रशंसा हो रही है और परिजनों ने राहत की सांस ली है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम खैरखुटा के तीन बच्चे शनिवार को पास के गांव

किशनपुर में आयोजित साप्ताहिक बाजार देखने गए थे। बाजार घूमने के बाद बच्चे साइकिल से ही पिथौरा की ओर निकल गए। शाम करीब 4:00 से 4:30 बजे के बीच गांव के ही एक व्यक्ति ने बच्चों को पिथौरा के पास देखा था। जब देर शाम तक बच्चे घर नहीं लौटे, तो परिजन चिंतित हो गए और उन्होंने आसपास काफी खोजबीन की।

बच्चों का पता न चलने पर परिजन रात करीब 10:00 बजे ग्राम कोटवार के साथ पिथौरा थाना पहुंचे और गुमशुदगी की सूचना दी। मामले की संवेदनशीलता और बच्चों की सुरक्षा को देखते हुए थाना प्रभारी सिद्धार्थ मिश्रा ने तत्काल टीम गठित की और शहर के अलग-अलग हिस्सों में सर्च ऑपरेशन शुरू किया। लापता बच्चों में सबसे बड़ा बच्चा (14 वर्ष) अन्य दो बच्चो की उम्र 8-9 वर्ष बताई गयी खोजबीन के बाद पुलिस की मुस्तैदी रंग लाई और रात लगभग 12:30 बजे गश्त के दौरान पुलिस टीम ने तीनों बच्चों को शहीद भगत सिंह खेल मैदान के पास खेलते हुए बरामद कर लिया।

पेज 1 का शेष...

अफीम, अपराध और...

मोर्चा अध्यक्ष दुर्ग) सहित 3 लोगों को गिरफ्तार किया है। ग्राम समोदा और झेनझरी के बीच स्थित फार्महाउस से करीब 5 एकड़ 62 डिसमिल क्षेत्र में लगे अफीम के पौधे जब्त किए गए हैं। खेत से करीब 14 लाख 30 हजार पौधे बरामद किए गए हैं। जब्त पौधे की कीमत करीब 7.88 करोड़ रुपए आंकी गई है। पुलिस भू-स्वामी मुधमति बाला और प्रीति बाला से भी पूछताछ करेगी। जांच में सामने आया है कि राजस्थान के मजदूर ही काम संभाल रहे थे। इसके अलावा आरोपियों ने सुरक्षा के लिए बाउंसर भी तैनात किए गए थे। चारों ओर गेट लगाए गए थे, जिससे आम लोगों का अंदर जाना लगभग असंभव था। डिजिटल सर्वे में फार्महाउस में गेहूं और मक्का की खेती दिखाई गई थी। उसी की आड़ में अफीम उगाई जा रही थी। मामला जेवरा सिरसा पुलिस चौकी क्षेत्र का है। होलिका जलाने लकड़ी इकट्ठा करते बच्चे पहुंचे खेत

गांव वाले बताते हैं कि होलिका दहन के लिए गांव के बच्चे घूम-घूमकर लकड़ी इकट्ठा कर रहे थे। इस दौरान नदी किनारे स्थित विनायक ताम्रकार की खेत में चना लगे होने उम्मीद से घुस गए। चनाबूट तो नहीं मिला, लेकिन मक्के की फसल के बीच अफीम के अनोखे बीज ने बच्चों को सहज ही आकर्षित किया। पहली बार अफीम की फसल को देख रहे बच्चों ने चंद कच्चे-पक्के फल तोड़कर खेत से बाहर निकल गए। बाद में बच्चों ने फल ग्रामीणों को दिखाया। अब सवाल यह उठता है कि पुलिस को इसकी जानकारी आखिर क्यों नहीं हुई।

ईरान के तेल ठिकानों पर...

बताया जा रहा है कि अमेरिका और इजरायल ने मिलकर ईरान के एनर्जी इंफ्रास्ट्रक्चर को निशाना बनाया है। इन हमलों में तेहरान और अल्बोर्ज प्रांत के कई तेल स्टोरेज डिपो को नुकसान पहुंचा है। इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने भी बयान दिया है कि ईरान के लिए आने वाले दिनों में कई और 'सरप्राइज' हो सकते हैं।

अमेरिका 4 गुना बढ़ाएगा हथियारों...

पोस्ट करते हुए बताया कि उन्होंने अमेरिका की प्रमुख रक्षा निर्माण कंपनियों के सीईओ के साथ बैठक की। इस बैठक में हथियारों के उत्पादन और सप्लाई शेड्यूल पर चर्चा हुई। ट्रंप के मुताबिक कंपनियां अब 'उत्तम श्रेणी के हथियारों' का उत्पादन चार गुना तक बढ़ाने पर सहमत हो गई हैं ताकि सैन्य जरूरतों को तेजी से पूरा किया जा सके। ट्रंप ने दावा किया कि अमेरिका के पास मीडियम और अपर-मीडियम ग्रेड के गोला-बारूद की लगभग असीमित आपूर्ति है। उनके अनुसार इन हथियारों का इस्तेमाल फिलहाल ईरान के खिलाफ ऑपरेशनों में किया जा रहा है और हाल ही में वेनेजुएला में भी किया गया था।

ईरान के राष्ट्रपति ने खारिज की अमेरिकी सरेंडर की मांग

दूसरी ओर ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियान ने अमेरिका की मांगों को सख्ती से खारिज कर दिया है। ट्रंप ने शुक्रवार को ईरान से बिना शर्त आत्मसमर्पण की मांग की थी। इसके जवाब में पेजेशकियान ने कहा कि अमेरिका का यह सपना कभी पूरा नहीं होगा और ईरान किसी भी कीमत पर आत्मसमर्पण नहीं करेगा। ईरानी राष्ट्रपति ने यह भी कहा कि पड़ोसी देशों पर हमले तब तक नहीं किए जाएंगे जब तक उनकी जमीन का इस्तेमाल ईरान पर हमले के लिए न किया जाए।

'मैं भारत हूं' थीम पर बाइक-स्कूटी...

जैसी सशक्त महिलाओं के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि महिलाएं पुरुषों से अधिक सहनशील और ज्यादा मजबूत होती हैं।

जनसैलाब भारतीय नारी के राष्ट्रप्रेम और का प्रमाण

आयोजन की संयोजिका डॉ. भारवि वैष्णव ने कहा कि रायपुर की सड़कों पर उमड़ा मातृशक्ति का यह जनसैलाब भारतीय नारी के राष्ट्रप्रेम और समर्पण का प्रमाण है। वहीं डॉ. अनामिका सिंह ने कहा कि महिला सशक्तिकरण तभी पूर्ण है जब नारी मानसिक और सामाजिक रूप से सशक्त हो। उन्होंने कार्यक्रम के सफल आयोजन में सहयोग देने के लिए पुलिस प्रशासन और स्वयंसेवकों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर विभिन्न महिला संगठनों ने इस आयोजन में सहभागिता की और सभी प्रतिभागियों को हेलमेट भी प्रदान किया गया। सभी ने राष्ट्र की एकता, अखंडता और आदर्श नागरिक कर्तव्यों के पालन का संकल्प लिया। हाथों में तिरंगा और 'भारत माता की जय' के उद्घोष के साथ संपन्न हुई यह रैली महिला शक्ति, संस्कार और आत्मविश्वास का प्रेरक उदाहरण बन गई।

छत्तीसगढ़ के पूर्व डीजीपी...

पर उन्होंने दम तोड़ दिया।

आईबी में रहा लंबा कार्यकाल: 1973 बैच के आईपीएस अधिकारी विश्वरंजन को छत्तीसगढ़ सरकार ने डेपुटेशन से बुलाकर जुलाई 2007 में डीजीपी बनाया था। मध्यप्रदेश के विभाजन के बाद उन्हें छत्तीसगढ़ कैडर मिला था, हालांकि 2007 से पहले वे कभी छत्तीसगढ़ में पदस्थ नहीं रहे। वे लंबे समय तक इंटेलिजेंस ब्यूरो में प्रतिनियुक्ति पर रहे और एडिशनल डायरेक्टर पद तक पहुंचे थे।

कम आवक से सब्जियां हुई महंगी, पांच दिन बाद बाजार में लौटी रौनक

महासमुंद/नवप्रदेश। होली के दो दिन पहले से बंद सब्जी बाजार आज पांच दिन बाद खुला। सब्जी की कम आवक और अधिक खपत से पिछले रविवार की अपेक्षा आज सब्जियों के दामों में 50 प्रतिशत वृद्धि हुई। बावजूद सब्जी बाजार में पसरा लगाने वाले, शहर के विभिन्न स्थानों में व्यवसाय करने वाले, फेरी वालों सहित नागरिकों की भारी भीड़ रही।

बता दें कि होली के मद्देनजर सब्जी व्यापारी, कर्मचारी एवं परिवहन से जुड़े लोगों के अवकाश पर रहने के कारण इस बार शहर का मुख्य सब्जी बाजार पिछले सोमवार से बंद रहा। लगातार 5 दिन सब्जी बाजार बंद होने से लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। इस बीच जिन व्यवसायियों के पास सब्जी का बचत स्टॉक था वे पिछले सोमवार और मंगलवार को मंहगे दामों पर सब्जियों बेचीं। संघ के अध्यक्ष संतोष चंद्राकर ने बताया कि होली के दौरान व्यापारी, कर्मचारी एवं

परिवहन से जुड़े लोग अवकाश पर रहते हैं। साथ ही सब्जियों के परिवहन के लिए उपयोग होने वाले ट्रांसपोर्ट साधन भी बंद रहते हैं। इस वर्ष होलिका दहन और रंगोत्सव के बीच एक दिन का अंतर होने के कारण अवकाश अवधि बढ़ाई गई थी। प्रशासन एवं संघ द्वारा बाजार परिसर में सूचना चस्पा कर दी गई थी, ताकि नागरिक समय रहते आवश्यक खरीदारी कर सकें। आज पांच दिन बाद सब्जी बाजार खुला है। आज बाजार में लगभग 50-60 हजार किलो ही सब्जियों की आवक हुई है। जिसमें 90 प्रतिशत स्थानीय व 10 प्रतिशत बाहरी सब्जियां है।

और बढ़ेंगे सब्जियों के दाम

श्री चंद्राकर ने बताया कि पांच दिन बाद बाजार खुलने, आवक कम होने और खपत अधिक के कारण आज सब्जियों के दाम अधिक रहे पर अब जैसे-जैसे गर्मी बढेंगी ठंड की सब्जियों में कमी आएगी और स्थानीय आवक की भी कमी होगी। गर्मी में बाहरी आवक बढ़ने से सब्जियों के दाम लगातार बढ़ेंगे।

आज थोक में सब्जियों के दाम

आज बैगन, फूल गोभी, पत्तगोभी, धनिया, कुम्हड़ा और सेमी 20 रुपए किलो। इसी तरह भिंडी 40, टमाटर 8, लौकी 10, कटहल 50, मुनगा 60, अदरक 70, मिर्ची 80, शिमला मिर्च 30, गाजर 25, बरबट्टी 25, करेला 75, मटर 30, परवल 90, ढेंस 105 और मूली 15 रुपए किलो थोक में बिकी।

न्यूज गैलरी

34 पौवा शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार, नकदी जब्त

महासमुंद/नवप्रदेश। पटेवा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर ग्राम पचरी में अवैध शराब के खिलाफकार्रवाई की है। 2 मार्च को पुलिस को सूचना मिली कि अग्रवाल राइस मिल के पास एक व्यक्ति शराब बेच रहा है। मौके पर घेराबंदी कर पुलिस ने अरुण लहरे (32) को पकड़ा, जबकि शराब खरीदने आया व्यक्ति भागने में सफल रहा। तलाशी के दौरान आरोपी के पास से एक थैले में 34 पौवा देशी प्लेन शराब (6.120 लीटर) और 300 रुपये नकद भी जब्त किए गए। पुलिस ने आरोपी के खिलाफआबकारी एक्ट की धारा 34(2) के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

बाइक की ठोकर से तीन महिलाएं घायल

महासमुंद/नवप्रदेश। बसना क्षेत्र के भंवरपुर में एक तेज रफ्तार मोटरसाइकिल चालक ने पैदल चल रहीं तीन महिलाओं को टक्कर मार दी। यह घटना 3 मार्च की रात करीब 8 बजे की है। पायल प्रधान काम से घर लौट रही थी, तब उसे लेने आ रही उसकी मां बिलासिनी प्रधान, मौसी सावित्री प्रधान और भाभी सत्यवती प्रधान को सामने से आ रही बाइक सीजी-06-एचसी 2141 ने जोरदार टक्कर मार दी। बिलासिनी और सावित्री प्रधान के पैर, सिर और कमर में गंभीर चोटें आई हैं। इन्हें भंवरपुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सत्यवती को मामूली चोटें आई है। पुलिस ने पायल प्रधान की शिकायत पर बाइक चालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 281 और 125 (ए) के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

मजदूरी लेन-देन विवाद पर मारपीट

महासमुंद/नवप्रदेश। तुमगांव थाना क्षेत्र के ग्राम गढ़सिवनी में मजदूरी विवाद को लेकर मारपीट हो गई। 4 मार्च की दोपहर करीब 12 बजे महेश्वर साहू ने पत्थर खदान की मजदूरी के विवाद पर नंदकिशोर साहू के साथ गाली-गलौज और मारपीट की। उस समय महादेव सोनकर और तोरण ध्रुव ने बीच-बचाव किया। उसी रात करीब 8:30 बजे जब महादेव सोनकर बाजार चौक पर था, महेश्वर साहू ने पुराने विवाद और शराब की बात को लेकर उन पर डंडे से हमला कर दिया। हमले में महादेव के सिर और दाहिने हाथ में चोट आई है। गवाहों के हस्तक्षेप के बाद आरोपी वहां से भाग निकला। महादेव सोनकर की शिकायत पर पुलिस ने महेश्वर साहू के खिलाफ धारा 115(2), 296 और 351(3) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

होली में पेट्रोल पंप कर्मचारियों को पीटा

महासमुंद/नवप्रदेश। बिरकोनी स्थित राज फ्यूल पेट्रोल पंप पर 4 मार्च की रात मारपीट का मामला सामने आया है। पंप कर्मचारी मनोज कुमार टंडन के अनुसार रात करीब 10 बजे लोकनाथ साहू अपने साथियों के साथ पेट्रोल भरवाने पहुंचा। जब कर्मचारियों ने पंप बंद होने की जानकारी दी, तो उक्त लोगों ने गाली-गलौज करते हुए उनसे मारपीट की। जब मनोज शिकायत करने पुलिस चौकी जा रहा था, तब महाराजा ढाबा के पास उक्त लोगों ने उन्हें चलती बाइक से गिरा दिया। बाद पत्थर और मुक्कों से हमला कर उन्हें घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफबीएनएस की धारा 115(2), 296 और 351(3) के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

अपराध रोकने में गृह विभाग पूरी तरह नाकाम : विनोद

महासमुंद/नवप्रदेश। पूर्व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने प्रदेश में बढ़ते अपराधों को लेकर भाजपा सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि शांत छत्तीसगढ़ को भाजपा शासन ने अपराध का गढ़ बना दिया है और गृह विभाग अपराध नियंत्रण में पूरी तरह नाकाम साबित हो रहा है। चंद्राकर ने आरोप लगाया कि प्रदेश में हत्या, लूट, चाकूबाजी, अपहरण, अनाचार और नशाखोरी की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। उन्होंने कहा कि पहले ऑनलाइन एफआईआर और सिटीजन पोर्टल के माध्यम से लोगों को अपराध संबंधी जानकारी और एफआईआर की कॉपी आसानी से मिल जाती थी, लेकिन पिछले डेढ़ महीने से ये पोर्टल बंद हैं, जिससे पारदर्शिता पर सवाल खड़े हो रहे हैं और लोगों को थानों के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। उन्होंने विधानसभा में पेश आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा कि एक वर्ष में प्रदेश में 3191 दुष्कर्म की घटनाएं दर्ज हुई हैं, यानी औसतन हर तीन घंटे में एक महिला दुष्कर्म की शिकार हो रही है। चंद्राकर ने सरकार से अपराध छिपाने के बजाय कानून व्यवस्था को मजबूत करने और जनहित में ऑनलाइन सिटीजन पोर्टल को पुनः शुरू करने की मांग की है।

सोनई रूपई माता मंदिर में नवरात्र की तैयारियां शुरू

महासमुंद/नवप्रदेश। ग्राम खट्टी में चैत्र नवरात्र पर्व पर माता सोनई रूपई मंदिर में मनोकामना ज्योति प्रज्ज्वलिए किए जाएंगे। 19 मार्च घट स्थापना श्री शैलपुत्री, बेदी पूजन प्रातः 11.36 से 12.24 बजे तक, 23 मार्च को स्कंद माता एवं श्रृंगार पूजन 8 बजे से, 26 मार्च महागौरी पूजन कार्यक्रम शाम 4 बजे होगा। उक्त जानकारी सुभाष शर्मा, होरीलाल साहू, कमलेश कुमार ध्रुवंशी, गजेंद्र साहू ने दी।

होली के दिन मारपीट, केस दर्ज

महासमुंद/नवप्रदेश। ग्राम मुढ़ैना में 4 मार्च को हिंसक झड़प हो गई। पुलिस ने दोनों पक्ष की शिकायत पर काउंटर मामला दर्ज किया है। उपसरपंच राजेश साहू का आरोप है कि जब वे झगड़ा शांत कराने गए, तो रमेशर भारद्वाज और उनके परिवार ने गाली-गलौज करते हुए उन पर और झम्मन निषाद पर पत्थरों व मुक्कों से हमला कर दिया। इसमें दोनों के सिर पर गंभीर चोटें आई है। मानकी भारद्वाज ने आरोप लगाया कि राजेश साहू और उनके साथी ने उनके भाई कैलाश के साथ मारपीट की। जब परिवार के अन्य लोग बीच-बचाव करने आए, तो उन पर भी डंडों से हमला किया गया, जिससे उन्हें भी चोटें आई है। पुलिस ने दोनों पक्ष के विरुद्ध बीएनएस की धाराओं के तहत अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

कलेक्टर-एसपी की मौजूदगी में शहर विकास को लेकर बैठक, भारी वाहनों के प्रवेश पर सख्ती के निर्देश

शहर के अंदर भारी वाहनों का प्रवेश वर्जित

गरियाबंद/नवप्रदेश। शहर के बीचों-बीच भारी वाहनों की आवाजाही बदस्तूर जारी है, इससे कभी भी अनहोनी घटना घट सकती है। गरियाबंद शहर के तिरंगा चौक से छिंद तालाब मार्ग पर स्थित मुख्य मार्केट ; सदर बाजार में लंबे समय से भारी वाहनों की आवाजाही बनी हुई हैए इससे व्यापारी समेत लोग काफी परेशान हैं। सामान्य दिन हो या फिर कोई त्यौहारी सीजन यहां लोगों की भीड़ बनी रहती हैए इसके बावजूद इस मार्ग में लगातार भारी वाहन गुजरती है। अब इस मामले में प्रशासन ने संज्ञान लिया है और कार्यवाही किए जाने की तैयारी शुरू कर दी गई है। शहर को सुव्यवस्थित और यातायात को सुगम बनाए रखने इसकी कवायद तेज कर दी गई है।

मालूम हो कि गरियाबंद शहर का सदर बाजार रोड़ जहां कई वर्षों से मुख्य मार्केट लगते हुए आ रहा हैए लेकिन इस मार्ग में भारी वाहनों का आवागमन एक बड़ी समस्या बनी हुई है। हालांकि स्थानीय नगरीय प्रशासन ने तिरंगा चौक में समय निर्धारित करते हुए भारी वाहन का प्रवेश निषेध को लेकर बोर्ड जरूर लगाया हैए लेकिन इसका पालन कहीं भी होते हुए दिखाई नहीं पड़ता। भारी वाहनों के कारण मार्ग में लंबी कतार लगने के साथ ही यातायात भी प्रभावित होती है। वहीं इन वाहनों से दुर्घटना की भी आशंका बनी रहती हैए इनके गुजरने से लोग सहम जाते हैं। भारी वाहनों के बेधड़क आवागमन पर प्रशासन सख्त कार्यवाही करने जा रही है। बता दें कि जिला कार्यालय के सभाकक्ष में शहर विकास योजना के संबंध में बैठक आयोजित की गई थी। इस दौरान कलेक्टर बीएस उईकेए एसपी वेदव्रत सिरमौर की उपस्थिति में नगर पालिका परिषद सीएमओ संध्या वर्मा और पालिका अध्यक्ष रिखीराम यादव ने बैठक में शहर के समग्र विकासए बुनियादी सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण और लोगों को बेहतर शहरी सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की।

शहर में यातायात व्यवस्था को बेहतर और सुचारू बनाने के लिए प्रशासन ने अन्य पहलुओं पर भी गंभीरता से विचार किया है। बस स्टैंड से निकलने वाले यात्री वाहनों की धीमी रफ्तार के कारण अक्सर मार्ग पर जाम की स्थिति बन जाती हैए जिससे लोगों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ता है। अब ऐसे वाहनों की आवाजाही और संचालन पर भी नजर रखी जाएगीए ताकि यातायात बाधित न हो और व्यवस्था सुचारू बनी रहे। शहर के मध्य स्थित बस स्टैंड और मुख्य मार्गों पर चारों ओर से वाहनों की लगातार आवाजाही होने के कारण यातायात व्यवस्था बनाए रखना हमेशा चुनौतीपूर्ण रहा है।

व्यापारियों और आम जनता को मिलेगी राहत

शहर विकास योजना को लेकर आयोजित बैठक में जनहित के मुद्दों को प्राथमिकता देते हुए पुलिस प्रशासन ने इस समस्या पर संज्ञान लिया है। तिरंगा चौक से छिंद तालाब जाने वाले मार्ग पर लंबे समय से भारी वाहनों की बेधड़क और बेसमय आवाजाही जारी थीए जिस पर अब सख्ती बरती जाएगी। प्रशासन ने नगर पालिका को आवश्यक और ठोस कदम उठाने के निर्देश दिए हैंए ताकि इस मार्ग की यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाया जा सके। निर्देशों के बाद इस मार्ग से गुजरने वाले भारी वाहनों के पहियों पर लगाम लगाई जाएगी। इससे लंबे समय से परेशान व्यापारियों और आम नागरिकों को राहत मिलने की उम्मीद है और बाजार क्षेत्र में यातायात भी सुगम हो सकेगा।

वनों को आग से बचाने चलाया जागरुकता अभियान बाइक रैली भी निकाली

कसडोल /नवप्रदेश। वनमण्डलाधिकारी धम्मशील गणवीर के निर्देशानुसार शनिवार को वन परिक्षेत्र देवपुर अंतर्गत वन अग्नि से सुरक्षा एवं सावधानी के संबंध में व्यापक जनजागरूकता के उद्देश्य से बाइक रैली का आयोजन किया गया। बाइक रैली के माध्यम से परिवृत्त देवपुर के अंतर्गत ग्राम देवपुर, तेंदुचुवा, धमलपुरा, कोसमसरा, पकरीद, गिधपुरी, मेटकुला, कुरकुटी एवं नवाडीह में ग्रामीणों एवं स्कूली विद्यार्थियों को वन अग्नि से बचाव के संबंध में जागरूक किया गया। इस दौरान बैनर एवं पोस्टर के माध्यम से लोगों को जंगलों में आग न लगाने, जंगल से लगे खेतों में पराली न जलाने, महुआ संग्रहण के समय आग न लगाकर झाड़ू से साफकर महुआ बिनने, ज्वलनशील वस्तुएं लेकर जंगल में प्रवेश न करने तथा जंगल में आग की घटना होने पर तत्काल वन विभाग को सूचना देने के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही वन अग्नि से पर्यावरण, वन्यजीवों एवं वन संपदा को होने वाली क्षति के बारे में भी बताया गया। इस जनजागरूकता रैली में परिक्षेत्र अधिकारी देवपुर संतोष कुमार पैकरा,चंद्रहास ठाकुर, रामेश्वर साहू सहित समस्त फायर वाचर, समिति सुरक्षा श्रमिक, वन प्रबंधन समितियों के अध्यक्ष एवं सदस्य तथा गुरु घासीदास केंद्रीय विश्वविद्यालय बिलासपुर से आए छात्र-छात्राओं ने सक्रिय सहभागिता निभाई।

कई नौकरियां छोड़ी, बनना चाहता था डॉक्टर अब यूपीएससी परीक्षा में 940वीं रैंक

महासमुंद/नवप्रदेश। जिले के ग्राम बेलटुकरी (तुमगांव) निवासी संजय डहरिया के सिविल सेवा परीक्षा यूपीएससी में 940वां रैंक प्राप्त करने पर क्षेत्र में खुशी की लहर है। संजय डहरिया की प्रारंभिक शिक्षा गांव की प्राथमिक शाला में हुई। बाद कक्षा 6वीं से 12वीं तक की पढ़ाई उन्होंने रायपुर के नवोदय विद्यालय से की। पढ़ाई के दौरान वे 12वीं कक्षा में टॉपर भी रहे। संजय की इच्छा शुरू से डॉक्टर बनने की थी। पहली बार में उनका चयन डेंटल सीट के लिए भी हो गया था,

लेकिन वे एमबीबीएस डॉक्टर बनना चाहते थे। इसी बीच कुछ लोगों की सलाह पर उन्होंने शिक्षाकर्मी की नौकरी शुरू कर दी। इसके बाद उन्होंने एक के बाद एक कई नौकरियां कीं और अपने जीवन में आगे बढ़ते रहे। उन्होंने महासमुंद में पोस्ट मास्टर के रूप में भी कार्य किया और बाद में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की नौकरी भी प्राप्त की। हालांकि उनका सपना सिविल सेवा में जाने का था, इसलिए उन्होंने इन नौकरियों को छोड़कर यूपीएससी की तैयारी शुरू कर दी। तैयारी के दौरान स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों का भी सामना करना पड़ा, लेकिन उन्होंने हार नहीं मानी। अपनी मजबूत इच्छाशक्ति, धैर्य और निरंतर कठिन परिश्रम के बल पर अंततः उन्होंने यूपीएससी परीक्षा में सफलता हासिल कर ली।

कैमरे में कैद हुआ जंगल का राजा

■ उदंती सीता नदी टाइगर रिजर्व में दिखा बाघ

गरियाबंद/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के गरियाबंद स्थित उदंती सीता नदी टाइगर रिजर्व में बाघ की वापसी हुई है। टाइगर रिजर्व में लगे ट्रैप कैमरों में एक बाघ कैद हुआ हैए जिससे वन विभाग और अभयारण्य प्रबंधन में उत्साह का माहौल है।

अभयारण्य प्रशासन के अनुसार पिछले दो वर्षों में वन्य प्राणियों के लिए बेहतर और अनुकूल वातावरण तैयार करने के प्रयास किए गए थेए जिसका

सकारात्मक परिणाम अब देखने को मिल रहा है। टाइगर रिजर्व के उपनिदेशक वरुण जैन ने बताया कि फिलहाल रिजर्व क्षेत्र में कुल तीन बाघों की मौजूदगी के संकेत मिले हैं। इनमें से एक बाघ ट्रैप कैमरे में कैद हुआ हैए जबकि दूसरे बाघ के मल ;स्कैटद्ध के नमूने भी मिले हैंए जिससे उसकी मौजूदगी की पुष्टि होती है। उन्होंने बताया कि करीब 1852 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में फैले इस टाइगर रिजर्व के कोर जोन में 51 गांव और बफर जोन में 59 गांव स्थित हैं। यहां के तौरेंगा और अरसी कन्हार रेंज वन्य प्राणियों के लिए सुरक्षित और अनुकूल क्षेत्र माने जाते हैंए जहां अक्सर वन्यजीवों की गतिविधियां देखी जाती हैं। बाघ की वापसी को अभयारण्य के लिए एक सकारात्मक संकेत माना जा रहा है।

जिला मीडिया प्रभारी बने ज्ञानेश तिवारी, कांग्रेसियों ने दी बधाई

गरियाबंद/नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रशासनिक महामंत्री मलकीत सिंह गेंदु के अनुमोदन से जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुखचंद बेसरा के सहमति से ज्ञानेश तिवारी को जिला कांग्रेस का मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया है। ज्ञानेश तिवारी वर्षों से पत्रकारिता के साथ ही राजनीति से जुड़े होने के कारण समाज हित में निरंतर सक्रिय भूमिका निभाते हुए आ रहे हैं। उनके मीडिया प्रभारी का दायित्व मिलने पर उन्हें वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मंत्री अमितेश शुक्ल, सुखचंद बेसरा जिला अध्यक्षएवरिष्ठ कांग्रेस नेता विनोद तिवारी, जिला पंचायत सदस्य संजय नेतामएछगन यादव राजेश साहू सनी मेमन आदित्यावर जुनैद खान नीरज ठाकुर रमेश शर्मा चिराग अली कमलेशयादव, रमेश राजा,योगेश बघेल, प्रेम सोनवानी, तपेश्वर ठाकुर, सेवन पुजारी आदि ने दी बधाई।

विकास कार्य अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे: रूपकुमारी चौधरी

महासमुंद/नवप्रदेश। जिला विकास समन्वय एवं मूल्यांकन समिति (दिशा) की बैठक आज जिला पंचायत के सभा कक्ष में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता सांसद रूपकुमारी चौधरी ने की। बैठक में जिले में संचालित केंद्र प्रायोजित योजनाओं की प्रगति, उनके क्रियान्वयन की स्थिति एवं जनकल्याणकारी कार्यक्रमों की समीक्षा की गई। बैठक में विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव, सरायपाली विधायक चातुरीनंद, जनपद पंचायतों के अध्यक्ष, नगरीय निकायों के अध्यक्ष, प्रतिनिधि, सदस्य, कलेक्टर विनय कुमार लंगेह, सीईओ जिला पंचायत हेमंत नंदनवार, अपर कलेक्टर रवि साहू सहित सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। सांसद चौधरी ने विभागीय अधिकारियों द्वारा प्रस्तुत प्रगति प्रतिवेदनों पर विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि विकास कार्यों की गुणवत्ता, पारदर्शिता और समय के साथ पूरा किया जाना आवश्यक है।

वाहन चालकों की विशेष कार्यशाला का आयोजन, पुलिस ने दी नियमों की जानकारी

गरियाबंद/नवप्रदेश। सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने और सुरक्षित यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आज गरियाबंद जिला पुलिस द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सभा कक्ष में समस्त व्यावसायिक एवं निजी वाहन चालकों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। पुलिस अधीक्षक वेदव्रत सिरमौर के निर्देशानुसार आयोजित इस बैठक में विशेष रूप से श् नशे की हालत में वाहन न चलाने पर जोर दिया गया। यातायात प्रभारी उप पुलिस अधीक्षक लितेश सिंह ने स्पष्ट किया कि नशे में वाहन चलाना न केवल चालक की जान जोखिम में डालता हैए बल्कि अन्य निर्दोश राहगीरों के लिए भी घातक है। शराब पीकर वाहन चलाते पकड़े जाने पर भारी जुर्माने के साथ.साथ लाइसेंस निरस्तिकरण की कार्यवाही की जाएगी। चालकों को अनिवार्य रूप से हेलमेट पहननेए सीट बेल्ट लगानेए ओवर स्पीड से बचने और वाहन चलाते समय मोबाइल का उपयोग न करने के कड़े निर्देश दिए गए।

मौसम : सूरज की तेज किरणें झुलसा रही, हफ्तेभर न्यूनतम तापमान स्थिर रहने की संभावना

तेज धूप के कारण सड़क हो रही सुनी, बढ़ने लगा तापमान

महासमुंद/नवप्रदेश। होली के साथ ही जिले में गर्मी ने अपना असर दिखाना शुरू कर दिया है। सुबह से ही तेज धूप लोगों को परेशान करने लगी है और दोपहर के समय चुभन भरी गर्मी साफ महसूस की जा रही है। घर से बाहर निकलने पर अभी से गर्मी का सामना करना पड़ रहा है। लेकिन रात से अलसुबह तक अभी गर्मी से राहत है।

बता दें कि जिले में अभी दिन में अधिकतम 36 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 19 डिग्री तापमान है। जबकि अभी मार्च महीने की शुरूआत हुई है। मौसम विभाग के ताजा आंकड़ों के अनुसार आने वाले दिनों में

गर्मी और अधिक बढ़ने की संभावना है। मौसम विज्ञान केंद्र का अनुमान है कि प्रदेश के साथ-साथ महासमुंद जिले में भी 10 मार्च के बाद अधिकतम तापमान में करीब 3-4 डिग्री सेल्सियस तक और बढ़ोतरी हो सकती है, जिससे आने वाले दिनों में गर्मी अपने पूरे तेवर में रहेगी। वर्तमान में जिला मुख्यालय समेत आसपास के क्षेत्रों में आसमान पूरी तरह साफ है और मौसम शुष्क बना हुआ है। हालांकि राहत की बात यह है कि न्यूनतम तापमान (रात का तापमान) अगले सात दिनों तक लगभग स्थिर रहने की संभावना है, जिससे रात के समय अभी ज्यादा गर्मी नहीं पड़ेगी। मालूम हो कि इस वर्ष जनवरी की तरह फरवरी महीने में भी ठंड का प्रभाव अपेक्षाकृत कम देखने को मिला। सामान्यतः फरवरी में उत्तर भारत से आने वाले पश्चिमी विक्षोभ (वेस्टर्न डिस्टर्बेंस) के कारण मौसम में बदलाव आता है, लेकिन इस बार ऐसा असर ज्यादा दिखाई नहीं दिया। फरवरी के अंतिम दिनों में कुछ स्थानों पर बादल छाए रहे और हल्की बारिश भी हुई, लेकिन ठंड अपेक्षा के अनुसार नहीं पड़ी। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि सर्दियों का असर खत्म होते ही न्यूनतम तापमान धीरे-धीरे बढ़ने लगता है, जिसका प्रभाव अब स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है।

ठंडी पेय पदार्थों की दुकानें सजने लगी

मार्च माह में ही गर्मी ने अपना असर दिखाना शुरू कर दिया है। लोगों ने गर्मी से राहत पाने ठंडे पेय पदार्थों का सेवन शुरू कर दिया है। जिसके चलते अब शहर के मुख्य सड़क के दोनों ओर गन्ना रस, सिकंजी की दुकानें लगने लगी हैं। इसके साथ ही किराना सहित जनरल स्टोर्स में ठंडे पेय पदार्थों की बिक्री भी बढ़ने लगी है।

बढ़ते तापमान से बढ़ा लू का खतरा, सावधानी जरूरी

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आई. नागेश्वर राव ने जिलेवासियों को लू (हीट वेव) से बचाव के लिए सतर्क रहने की सलाह दी है। उन्होंने बताया कि तापमान 40 डिग्री सेल्सियस या उससे अधिक होने पर लू का खतरा बढ़ जाता है, जिसका असर खासकर बच्चों, बुजुर्गों और बीमार लोगों पर अधिक पड़ता है। डॉ. राव के अनुसार लू लगने पर सिरदर्द, तेज बुखार, चक्कर, उल्टी, कमजोरी, अधिक प्यास लगना और शरीर का तापमान बढ़ने जैसे लक्षण दिखाई देते हैं।

गैस सिलेंडर की बढ़ती कीमतों के खिलाफ कांग्रेसियों का प्रदर्शन, केंद्र सरकार के खिलाफ की नारेबाजी

बिलासपुर/नवप्रदेश। घरेलू और कमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमतों में बढ़ोतरी के विरोध में बिलासपुर में कांग्रेस ने केंद्र सरकार के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। जिला कांग्रेस कमेटी शहर और ग्रामीण इकाई के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता नेहरू चौक में एकत्र हुए और केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए विरोध जताया।

प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने हाथों में तख्तियां लेकर गैस सिलेंडर की बढ़ी हुई कीमतों को वापस लेने की मांग की। कांग्रेस नेताओं का कहना था कि लगातार बढ़ती महंगाई से आम जनता पहले ही परेशान है और अब रसोई गैस की कीमतों में बढ़ोतरी ने लोगों के घरेलू बजट पर अतिरिक्त बोझ डाल दिया है। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार ने घरेलू रसोई गैस सिलेंडर की कीमत में 60 रुपये और कमर्शियल गैस सिलेंडर में 115 रुपये की बढ़ोतरी कर दी है, जिससे गरीब और मध्यम वर्ग के परिवारों को आर्थिक रूप से काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उनका कहना था कि रसोई गैस हर घर की बुनियादी जरूरत है और इसकी कीमतों में लगातार हो रही बढ़ोतरी से आम लोगों की रसोई का बजट बिगड़ता जा रहा है।

बढ़ी कीमतों को तत्काल वापस लेने की मांग

इस विरोध प्रदर्शन में जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण अध्यक्ष महेंद्र गंगोत्री, शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सुधांशु मिश्रा सहित कई वरिष्ठ कांग्रेस नेता, विधायक, पूर्व विधायक और सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभी नेताओं ने केंद्र की भाजपा सरकार की नीतियों को महंगाई बढ़ाने वाला बताते हुए गैस सिलेंडर की बढ़ी हुई कीमतों को तत्काल वापस लेने की मांग की। प्रदर्शन के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन भी मौके पर बड़ी संख्या में तैनात रहा। पुलिस की मौजूदगी के कारण कांग्रेस कार्यकर्ताओं को पुतला दहन का पूरा अवसर नहीं मिल सका, हालांकि कार्यकर्ताओं ने प्रतीकात्मक रूप से पुतला जलाकर अपना विरोध दर्ज कराया। कांग्रेस नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि गैस सिलेंडर की बढ़ी हुई कीमतों को वापस नहीं लिया गया तो पार्टी आगे भी चरणबद्ध तरीके से आंदोलन करेगी और जनता की आवाज को सड़कों से लेकर सदन तक उठाएगी।

न्यूज गैलरी

निःशुल्क आयुर्वेद चिकित्सा परामर्श व स्वास्थ्य शिविर आयोजित

बिलासपुर/नवप्रदेश। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर बिलासपुर स्थित वैद्यशाला आयुर्वेद चिकित्सा एवं पंचकर्म संस्थान, नेहरू चौक द्वारा 7 दिवसीय निःशुल्क आयुर्वेद चिकित्सा परामर्श एवं स्वास्थ्य लाभ शिविर आयोजित किया जा रहा है। यह शिविर दिनांक 8 मार्च से 25 मार्च तक सुबह 11 बजे से शाम 6 बजे तक चलेगा। शिविर में मुख्यतः किशोरियों और स्त्रियों को ध्यान में रखते हुए वात रोग, त्वचा रोग, मासिक धर्म संबंधित रोग, मलद्वार संबंधी रोग जैसे पाइल्स (बवासीर), फिशर (मलद्वार का छिलना), फिस्टुला (भगंदर), मोटापा, बाल झड़ना और जल्दी सफेद होना आदि की जांच और चिकित्सा कराई जाएगी। इसके अलावा अन्य सामान्य रोगियों के लिए भी परामर्श उपलब्ध रहेगा।विशेष रूप से इस शिविर में सभी रोगियों का बी.एम.डी. (हड्डियों में कैल्शियम घनत्व) जांच कराई जाएगी। इस जांच के माध्यम से ऑस्टियोपोरोसिस से बचाव और हड्डियों को मजबूत बनाने हेतु प्रभावी आयुर्वेदिक उपायों की जानकारी रोगियों को दी जाएगी।संस्थान के विशेषज्ञ चिकित्सक हर रोगी का व्यक्तिगत परामर्श देंगे और आयुर्वेदिक दवाओं एवं प्राकृतिक उपायों के माध्यम से स्वास्थ्य सुधार की योजना तैयार करेंगे। शिविर का उद्देश्य महिलाओं और किशोरियों में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाना, रोगों की प्रारंभिक पहचान करना और उन्हें सुरक्षित एवं प्राकृतिक चिकित्सा विकल्प प्रदान करना है।

आदिवासियों को मिलेगा हिंदू मैरिज एक्ट का लाभ

बिलासपुर/नवप्रदेश। हाई कोर्ट ने कहा है कि यदि अनुसूचित जनजाति का कोई सदस्य हिंदू रीति-रिवाजों, परंपराओं और सप्तपदी जैसी रस्मों को अपनाकर विवाह करता है, तो उसे हिंदू विवाह अधिनियम,1955 के लाभों से वंचित नहीं किया जा सकता। जस्टिस संजय के. अग्रवाल और जस्टिस अरविंद कुमार वर्मा की डिवीजन बेंच ने कहा कि अधिनियम की धारा 2(2) आदिवासियों के संरक्षण के लिए है, उन्हें कानूनी अधिकारों से बाहर करने के लिए नहीं। बस्तर जिले के जगदलपुर निवासी अनुसूचित जनजाति वर्ग के मुनिराज मंडावी और गुड़िया नागेश का विवाह 15 अप्रैल 2009 को हिंदू रीति-रिवाजों से हुआ था। आपसी विवाद के कारण दोनों ने 2014 से अलग रहना शुरू कर दिया और बाद में जगदलपुर के फैमिली कोर्ट में धारा 13बी के तहत आपसी सहमति से तलाक के लिए आवेदन दिया। फैमिली कोर्ट ने इस आवेदन को यह कहकर खारिज कर दिया कि हिंदू विवाह अधिनियम की धारा 2(2) के अनुसार यह कानून अनुसूचित जनजाति के सदस्यों पर लागू नहीं होता। इस फैसले के खिलाफ दंपती ने हाई कोर्ट में याचिका लगाई। मामले की सुनवाई करते हुए हाई कोर्ट ने कहा कि आदिवासी समाज का व्यक्ति स्वेच्छा से हिंदू परंपराओं, संस्कारों और सप्तपदी को अपनाता है, तो ऐसी स्थिति में उसे केवल उसकी जाति के आधार पर कानून के दायरे से बाहर नहीं रखा जा सकता।

एनटीपीसी सीपत में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2026 का आयोजन

विकास के मार्ग पर योगदान देने वाली महिलाओं के कार्यों को मिली सराहना

बिलासपुर/नवप्रदेश। एनटीपीसी सीपत में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2026 का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर सीपत परियोजना में कार्यरत सभी महिला कर्मचारियों एवं असोशिएट एजेंसियों के साथ कार्यरत महिला कर्मचारियों के कार्यों एवं लगातार विकास के मार्ग पर योगदान देने के लिए उन्हें सराहा गया और उनके कार्यों को याद किया गया। इसके अलावा, संविदा महिला श्रमिकों के द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की गई और उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट कर इस विशेष दिवस की शुभकामनाएं प्रेषित की गई।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में स्वपन कुमार मंडल, परियोजना प्रमुख, एनटीपीसी सीपत एवं विशिष्ट अतिथि फौजिया मिर्ज़ा, वरिष्ठ अधिवक्ता, छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय, बिलासपुर की उपस्थिति रही। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि मुख्य अतिथि फौजिया मिर्जा ने एनटीपीसी सीपत द्वारा आयोजित अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के इस कार्यक्रम को सराहा और अपने संबोधन में महिलाओं के आर्थिक एवं सामाजिक रूप से स्वतंत्र होने, महिला अधिकारों और उनके सही उपयोग की चर्चा करते हुए अपने जीवन के इस मुकाम तक पहुंचने के अनुभव को साझा किया। साथ ही उन्होंने एनटीपीसी की महिलाओं के प्रति कई नीतियों की जानकारी ली और उसकी सराहना भी की। उन्होंने एनटीपीसी सीपत द्वारा गर्भवती महिला कर्मचारियों के लिए चलाई जा रही कल्याणी योजना की भी विशेष सराहना की और कहा कि ऐसी योजनाएं व्यापक रूप से विभिन्न संस्थानों में भी लागू होनी चाहिए।

उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली महिला कर्मचारियों का सम्मान

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर सभी विभागों की महिलाओं ने न केवल अपनी कर्तव्यनिष्ठा व्यक्त की बल्कि एक सशक्त महिला होने और गौरवान्वनित होने का परिचय दिया। इस दौरान, विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली महिला कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र भी सौंपा गया। कार्यक्रम के माध्यम से कई महिला कर्मचारियों ने कविताओं, गीत, नृत्य जैसे माध्यमों से प्रस्तुति देकर यह भी संदेश दिया कि वे न केवल इंजीनियर, डॉक्टर और विभिन्न एनटीपीसी सीपत के विभागीय कार्यों में अपनी हिस्सेदारी दे रही हैं, बल्कि विभिन्न नवोन्मेषी और कलापूर्ण कार्यों में भी अग्रणी भूमिका निभाते हुए देश के विकास की गौरवगाथा लिख रही हैं। इस अवसर पर संबोधित करते हुए परियोजना प्रमुख स्वपन कुमार मंडल ने इस वर्ष की थीम 'गिव टु गेन' पर चर्चा की और कहा कि आज की महिलाएं न केवल एक सशक्त समाज का निर्माण कर रही हैं, बल्कि देश के विकास में अपना पूर्ण योगदान दे रही हैं। वे आज विभिन्न विभागों जैसे प्रचालन एवं अनुरक्षण, सेफ्टी, इंजीनियरिंग और आईटी जैसे विभागों में कदम रखते हुए अपना लोहा मनवा रही हैं और यह सिद्ध कर रही हैं कि एक विकसित राष्ट्र का निर्माण करने में महिलाओं का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण है।

डीएलएस के शिक्षा विभाग ने बहतराई में किया सामुदायिक कार्यक्रम आयोजित

बिलासपुर/नवप्रदेश। डी एल एस महाविद्यालय के शिक्षा विभाग के द्वारा ग्राम बहतराई में 4 दिवसीय सामुदायिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पिछले दिनों सम्पन्न इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि महाविद्यालय के की अध्यक्ष निशा बसंत शर्मा, विशिष्ट अतिथि पार्षद सुनील सोनकर (बहतराई), अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. प्रताप पाण्डेय, संयोजक विभागाध्यक्ष डॉ. क्षमा त्रिपाठी रहे। 4 दिनों तक चले इस सामुदायिक कार्यक्रम में जागरूकता रैली, लघु नाटक, नुक्कड़ नाटक आदि का मंचन व सर्वेक्षण का कार्य बीएड प्रशिक्षार्थियों द्वारा किया गया। समापन समारोह में प्रशिक्षार्थियों के अलग अलग ग्रुप्स के द्वारा कार्यक्रम प्रभारी डॉ. मुक्ता कुमारी के मार्गदर्शन में विभिन्न विषयों पर नुक्कड़ नाटक का मंचन हुआ। अतिथियों ने ग्रामवासियों और विद्यालय का आभार व्यक्त करते हुए शिक्षा विभाग की टीम को इस सामुदायिक कार्यक्रम को सफल बनाने प्रशंसा की। ऐसे प्रशिक्षण छात्रध्यापकों को उनके भविष्य के शिक्षक एवं उनमें भावी चुनौतियों को दायित्व के लिए समझ पैदा करते हैं। इस अवसर पर विभाग से डॉ.अर्चना तिवारी, डॉ. सुष्मिता मिश्रा, रसिका लोणकर, तुलिका ओझा, प्राथमिक शाला बहतराई से ममता साहू आदि शिक्षकगण, विद्यार्थीगण, बी एड प्रथम एवं द्वितीय वर्ष के प्रशिक्षार्थी प्रियेश टोप्पो, हिमांशु लकड़ा, पल्लवी साहू, सुरभि पटेल, श्वेता टंडन, कुंदन, सुरागिनी, मोनिका सिंह, सीमंत, योगेश पटेल, कुंदन आदि व बड़ी संख्या में विद्यार्थी एवम ग्रामीण उपस्थित रहे।

हिरेन्द भाजपा युवा मोर्चा के मंडल उपाध्यक्ष बने

मस्तूरी/नवप्रदेश। ग्राम खैरा, जयरामनगर निवासी हिरेन्द्र पटेल को भारतीय जनता युवा मोर्चा के जयरामनगर-गतौरा मंडल का उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। हिरेन्द्र पटेल जय श्री राम क्रिकेट स्टेडियम समिति खैरा के कार्यकारी अध्यक्ष भी हैं। वे पिछले तीन वर्षों से थैलेसीमिया (एनीमिया) पीड़ित बच्चों के लिए निःशुल्क रक्तदान शिविर के आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

वनमाली सृजन पीठ में रंग पंचमी पर सजा फाग उत्सव

बिलासपुर/नवप्रदेश। वनमाली सृजन पीठ बिलासपुर और डॉ. सी. वी. रमन विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में वनमाली सृजन पीठ गौरव पथ में रंग पंचमी के अवसर पर फाग उत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर होली के पारंपरिक गीतों, भजनों और संगीत की मधुर प्रस्तुतियों ने पूरे वातावरण को रंग और उल्लास से भर दिया। यह आयोजन वनमाली सृजन पीठ, भाषा एवं साहित्य विभाग, छत्तीसगढ़ी शोध एवं सृजन पीठ, आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के द्वारा आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में सुप्रसिद्ध गायिका डॉ. रत्ना मिश्रा ने होली के पारंपरिक भजनों और फाग गीतों की मनमोहक प्रस्तुति दी। उनके सुरों ने श्रोताओं को होली के आनंद और भक्ति रस में सराबोर कर दिया। वहीं तबला और हारमोनियम पर शौर्य तिवारी और धैर्य तिवारी ने शानदार संगत कर अपनी कला से सभी का मन मोह लिया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में साहित्यकार, कला प्रेमी तथा अंचल के नागरिक उपस्थित रहे और सभी ने फाग उत्सव का आनंद लिया। कार्यक्रम में रंग, संगीत और संस्कृति का सुंदर संगम देखने को मिला, जिससे पूरा वातावरण उत्साह और आत्मीयता से भर गया। वनमाली सृजन पीठ की गतिविधियां शहरी और ग्रामीण रचनाकारों के बीच की दूरी को कम करना और साहित्य में नई प्रतिभाओं को खोजना।

होली प्रेम व भाईचारे का संदेश देने वाला उत्सवः प्रो. घोष

इस अवसर पर डॉ. सी. वी. रमन विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर प्रदीप कुमार घोष ने कहा कि होली केवल रंगों का पर्व नहीं, बल्कि यह प्रेम, भाईचारे और सांस्कृतिक एकता का संदेश देने वाला उत्सव है। ऐसे आयोजन हमारी समृद्ध लोक परंपराओं को सहेजने और नई पीढ़ी को उनसे जोड़ने का कार्य करते हैं। वहीं कुलसचिव डॉ. अरविंद कुमार तिवारी ने कहा कि फाग उत्सव भारतीय संस्कृति की जीवंतता और लोक परंपराओं की मधुर अभिव्यक्ति है। इस तरह के सांस्कृतिक आयोजनों से समाज में आपसी सद्भाव और रचनात्मक ऊर्जा का संचार होता है। इस अवसर पर डॉ विजय कुमार सिन्हा,आचार्य देवदार महंत, महेश श्रीवास, डॉ. जी. डी.पटेल, सोमप्रभा नूर डॉ. महेश शुक्ला, मनोहर दास मानिकपुरी सहित कई रचनाकारों ने अपनी कविता पाठ किया। कार्यक्रम ने उपस्थित सभी लोगों को होली की उमंग और भारतीय लोक संस्कृति की मधुरता से सराबोर कर दिया। कार्यक्रम का संयोजन डॉक्टर आंचल श्रीवास्तव ने किया। कार्यक्रम में आभार प्रकट योगेश मिश्रा ने किया।

डॉ. पाठक 'महामूर्खाधिराज', न्यायमूर्ति बाजपेयी 'भोकवाधिराज' बने

बिलासपुर/नवप्रदेश। होली के रंग, व्यंग्य की धार और ठहाकों की गूंज के बीच बिलासपुर ने एक अनोखा और यादगार आयोजन देखा। भारत सरकार से पंजीकृत संस्था न्यूज़ हब इनसाइट केयर फाउंडेशन के बैनर तले आयोजित महामूर्ख सम्मेलन 2026 ने हंसी और मनोरंजन का ऐसा माहौल बनाया कि पूरा सभागार ठहाकों से गूंजता रहा। जो लोग किसी कारणवश इस सम्मेलन में नहीं पहुंच पाए, वे निश्चित ही इस अनूठे आयोजन को मिस कर बैठे। कार्यक्रम का आयोजन जेपी वर्मा कॉलेज के ऑडिटोरियम में किया गया, जहां हास्य, व्यंग्य और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने दर्शकों को खूब गुदगुदाया। कार्यक्रम की शुरुआत संगीत की मधुर प्रस्तुति से हुई, जिसमें छत्तीसगढ़ रत्न से सम्मानित तनिष्क वर्मा ने ऑर्गन पर होली के पारंपरिक गीतों की मनमोहक प्रस्तुति देकर दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। इसके बाद एनएफबी ज्ञानदीप स्पर्श कन्या विद्यालय की प्राचार्या ज्योति तिवारी के मार्गदर्शन में दृष्टिबाधित बच्चियों अन्नपूर्णा, प्रियंका, आरती (हारमोनियम), अनुराधा (ढोलक), अंजू और काव्या ने नशा मुक्ति पर आधारित प्रेरणादायक गीत प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों का दिल जीत लिया और समाज को सकारात्मक संदेश दिया।

इन हस्तियों को मिली हास्यपूर्ण उपाधियां

सम्मेलन की खास बात रही मंच से दी गई हास्यपूर्ण उपाधियां, जिसने कार्यक्रम को और भी रोचक बना दिया। थावे विद्यापीठ, गोपालगंज (बिहार) के कुलपति डॉ. विनय कुमार पाठक को 'महामूर्खाधिराज' की उपाधि दी गई। न्यायमूर्ति डॉ. चन्द्र भूषण बाजपेयी को 'भोकवाधिराज' की उपाधि से नवाजा गया। समाजसेवी शैलेंद्र सिंह कछवाहा को 'जोजवानंद' की उपाधि प्रदान की गई। सोनकर कॉलेज मुंगेली के संचालक संतू लाल सोनकर को 'भोकवनन्द' की उपाधि दी गई। बिलासपुर प्रेस क्लब के अध्यक्ष अजित मिश्रा एवं सचिव संदीप करिहर को 'मूर्ख सम्राट' की उपाधि दी गई। प्रेस क्लब उपाध्यक्ष विजय क्रांति तिवारी को 'मूर्खाधिराज' की उपाधि से सम्मानित किया गया।

परियोजनाः सारागांव देवरी-बाराद्वार-जेठा-सक्ती के मध्य 22.2 किमी नई विद्युतीकृत चौथी रेल लाइन को सीआरएस की मंजूरी

बिलासपुर-झारसुगुड़ा चौथी रेल लाइन परियोजना पूर्णता की ओर अग्रसर

बिलासपुर/नवप्रदेश। रेल अधोसंरचना के सुदृढ़ीकरण तथा ट्रेनों के सुरक्षित, तीव्र एवं सुचारु परिचालन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में नई रेल लाइनों के निर्माण, दोहरीकरण तथा तृतीय एवं चतुर्थ रेल लाइन परियोजनाओं पर तीव्र गति से कार्य किया जा रहा है।

इसी क्रम में बिलासपुर-झारसुगुड़ा रेलखंड के मध्य लगभग 206 किलोमीटर लंबी विद्युतीकृत चौथी रेल लाइन परियोजना को चरणबद्ध तरीके से पूर्ण किया जा रहा है। यह रेलखंड हावड़ा-मुंबई ट्रंक लाइन पर अवस्थित एक अत्यंत महत्वपूर्ण एवं व्यस्त मार्ग है। इस महत्वाकांक्षी परियोजना के अंतर्गत अब तक लगभग 180 किलोमीटर चौथी रेल लाइन का निर्माण कार्य पूर्ण किया जा चुका है, जिससे इस रेलखंड पर क्षमता विस्तार का लक्ष्य तेजी से साकार हो रहा है। इसके अतिरिक्त, इस व्यस्त मार्ग पर बढ़ते यातायात को सुचारु रूप से संचालित करने में भी यह परियोजना महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

अब तक 180 किमी चौथी रेल लाइन का कार्य पूर्ण

इसी परियोजना के अंतर्गत सारागांव देवरी-बाराद्वार-जेठा-सक्ती स्टेशनों के मध्य 22.2 किलोमीटर लंबी नई विद्युतीकृत चौथी रेल लाइन का निर्माण कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण कर लिया गया है। इंटरलॉकिंग सहित सभी आवश्यक तकनीकी कार्यों की पूर्णता के पश्चात दक्षिण पूर्व सर्किल के आयुक्त, रेलवे सेफ्टी (सीआरएस) बी.के. मिश्रा द्वारा 5 एवं 6 मार्च को इस रेलखंड का निरीक्षण किया गया। सभी परीक्षण एवं औपचारिकताओं के संतोषजनक पाए जाने के पश्चात आयुक्त, रेलवे सेफ्टी द्वारा इस नई चौथी रेल लाइन पर रेल परिचालन के लिए अधिकृत प्रदान कर दिया गया है। इस अनुमति के साथ ही उक्त रेलखंड पर सवारी एवं मालगाड़ियों के सुरक्षित एवं नियमित परिचालन का मार्ग प्रशस्त हो गया है। हावड़ा-मुंबई ट्रंक लाइन पर स्थित इस महत्वपूर्ण रेलखंड में चौथी रेल लाइन की कमीशनिंग से ट्रेन परिचालन में गतिशीलता आएगी तथा ट्रेनों का समयबद्ध संचालन सुनिश्चित होगा। इसके साथ ही इस क्षेत्र के उद्योग एवं व्यापार को नई गति मिलेगी तथा रोजगार के अवसरों में भी वृद्धि होगी।

बिलासपुर/नवप्रदेश। कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव ने मुंगेली के सतनाम भवन में मुंगेली विधानसभा से कांग्रेस के पूर्व प्रत्याशी संजीत बनर्जी के बड़े भाई स्व. शशि बनर्जी के दशगात्र कार्यक्रम में शामिल होकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि ईश्वर से प्रार्थना है कि दिवंगत पुण्यात्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें तथा शोकाकुल परिवार को इस अपार दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें।

डॉलर के मुकाबले तेजी से नीचे नहीं गिरेगा रुपया! आरबीआई ने उठाया बड़ा कदम

नई दिल्ली। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने विदेशी मुद्रा बाजार में बढ़ती अस्थिरता के बीच बैंकों से फॉरेक्स सौदों से जुड़े ग्राहकों के लेन-देन और पोजीशन की विस्तृत जानकारी मांगी है। केंद्रीय बैंक का उद्देश्य यह पता लगाना है कि कहीं बड़े स्तर पर भारतीय रुपये के खिलाफ सट्टेबाजी तो नहीं हो रही है।

पिछले छह महीनों के दौरान रुपये में डॉलर के मुकाबले काफी कमजोरी देखी गई है। इस अवधि में रुपया करीब 88 रुपये प्रति डॉलर के स्तर से गिरकर 92 रुपये के आसपास तक पहुंच गया था। शुक्रवार को भी रुपया 91.74 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। आरबीआई बाजार में बढ़ती अस्थिरता को नियंत्रित करने और स्थिति की सही तस्वीर समझने के लिए यह कदम उठा रहा है। विशेषज्ञों के अनुसार रुपये में गिरावट के पीछे कई कारण जिम्मेदार हैं। बड़े कॉरपोरेट घराने भविष्य के आयात के लिए पहले से डॉलर की खरीद कर रहे हैं। इसके अलावा ऑफशोर नॉन-डिलिवरेबल फॉरवर्ड (ह्ष्ठस्न्न) और फॉरवर्ड मार्केट में आर्बिट्राज डील्स भी बढ़ी हैं। वहीं बैंक भी अपनी तय सीमा के भीतर ट्रेडिंग पोजीशन बढ़ा रहे हैं, जिससे बाजार में दबाव बढ़ रहा है। इसके साथ ही वैश्विक स्तर पर बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव, खासकर ईरान-इजरायल और अमेरिका से जुड़ी परिस्थितियां, कच्चे तेल की कीमतों में तेजी, चालू खाता घाटा

और विदेशी निवेश प्रवाह में कमी भी रुपये की कमजोरी की प्रमुख वजह मानी जा रही हैं। हाल ही में भारत और अमेरिका के बीच हुई व्यापारिक समझौते से कुछ राहत जरूर मिली थी, लेकिन पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के कारण फिर से दबाव बढ़ गया है।

बैंकों को देनी होगी यह जानकारी

आरबीआई ने बैंकों को निर्देश दिया है कि वे स्पॉट, फॉरवर्ड और ऑफशोर ह्ष्ठस्न्न बाजार में ग्राहकों के लेन-देन का पूरा ब्योरा दें। विशेष रूप से 10 मिलियन डॉलर से अधिक के सौदों में ग्राहक का नाम और डॉलर खरीदने या बेचने का उद्देश्य बताना जरूरी होगा। इसके अलावा बैंकों को अपनी ओपन पोजीशन और इंटर-बैंक बाजार में कुल खरीद-बिक्री की जानकारी भी देनी होगी। विशेषज्ञों का मानना है कि इस तरह के आंकड़ों से आरबीआई को बाजार में हो रही गतिविधियों को बेहतर तरीके से समझने में मदद मिलेगी।

न्यूज गैलरी

अब विदेशी कंपनी क्यूबीई के पास होगा 'रहेजा क्यूबीई' का पूरा मालिकाना हक

मुंबई। भारतीय बीमा बाजार से एक बेहद अहम खबर सामने आई है। ऑस्ट्रेलिया की जानी-मानी अंतरराष्ट्रीय जनरल इंश्योरेंस और रीइंश्योरेंस कंपनी 'क्यूबीई इंश्योरेंस ग्रुप' जल्द ही रहेजा क्यूबीई जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड की इकलौती मालिक और शेयरधारक बनने जा रही है। 18 सालों तक चली लंबी जॉइंट ओनरशिप के बाद अब इस कंपनी के ढांचे में यह बड़ा बदलाव होने जा रहा है, जिसके लिए फिलहाल नियामक संस्था की मंजूरी का इंतजार किया जा रहा है। पिछले 18 सालों से रहेजा क्यूबीई में प्रिज्म जॉनसन लिमिटेड और क्यूबीई इंश्योरेंस ग्रुप की संयुक्त हिस्सेदारी थी। अब इस लंबे सफर के बाद यह पार्टनरशिप खत्म होने जा रही है। इस अहम सौदे के तहत क्यूबीई इंश्योरेंस ग्रुप ने कंपनी का पूरा नियंत्रण अपने हाथों में लेने का फैसला किया है। उद्योग जगत के जानकारों का मानना है कि यह बड़ा कदम भारतीय बीमा बाजार में क्यूबीई की गहरी दिलचस्पी, भरोसे और उसकी लंबी अवधि की मजबूत प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

रिकॉर्ड कमाई के बाद भी मॉर्गन स्टेनली बैंक ने 2500 कर्मियों को निकाला

नई दिल्ली। अमेरिका की प्रमुख निवेश बैंकिंग कंपनी मॉर्गन स्टेनली ने अपने वैश्विक कर्मचारियों में से करीब 2,500 लोगों की छंटनी की है। यह संख्या कंपनी के कुल कर्मचारियों का लगभग 3 प्रतिशत बताई जा रही है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह छंटनी मार्च की शुरुआत से शुरू हुई है। वॉल स्ट्रीट जर्नल की एक रिपोर्ट के अनुसार, यह छंटनी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) से जुड़ी किसी सुधार प्रक्रिया के कारण नहीं की गई है, बल्कि इसके पीछे कंपनी की बदलती व्यावसायिक प्राथमिकताएं, वैश्विक स्तर पर नई लोकेशन रणनीति और कर्मचारियों के प्रदर्शन की समीक्षा जैसे कारण बताए जा रहे हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि यह छंटनी बैंक के तीन बड़े डिवीजन- इंस्टिट्यूशनल सिक्योरिटीज, वेल्थ मैनेजमेंट और इन्वेस्टमेंट मैनेजमेंट-में की गई है। इससे फ्रंट-ऑफिस, राजस्व से जुड़े पदों और बैक-ऑफिस भूमिकाओं पर असर पड़ा है, हालांकि वित्तीय सलाहकारों को इस फैसले से बाहर रखा गया है।

फास्टटैग रिचार्ज करते ही पलक झपकते ही उड़ रहे सारे पैसे

नई दिल्ली। अगर आप भी अपनी कार या गाड़ी का फास्टैग अपने मोबाइल से ऑनलाइन रिचार्ज करते हैं, तो यह खबर आपके लिए किसी बड़े झटके से कम नहीं है। टोल प्लाजा पर लंबी लाइनों से बचने और सफर को आसान बनाने वाला फास्टैग अब साइबर ठगों का सबसे नया और खतरनाक हथियार बन चुका है। एक छोटी सी लापरवाही से आपका मेहनत का पैसा फास्टैग वॉलेट की जगह सीधे जालसाजों के बैंक खाते में जा रहा है और आप बिना बैलेंस के बीच हाइवे पर बुरी तरह फंस सकते हैं। इस बड़े और खतरनाक स्कैम को लेकर केंद्रीय गृह मंत्रालय के तहत काम करने वाली साइबर सुरक्षा एजेंसी 'साइबर दोस्त' ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक बेहद जरूरी अलर्ट जारी किया है। एजेंसी ने एक वीडियो शेयर करके देश भर के वाहन चालकों को आगाह किया है कि इंटरनेट पर भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के नाम से मिलती-जुलती दर्जनों फर्जी वेबसाइट्स धड़ल्ले से चल रही हैं।

क्रिकेटर पृथ्वी शॉ ने की सगाई

मुंबई। भारतीय क्रिकेटर पृथ्वी शॉ अक्सर सुर्खियों में बने रहे हैं. पृथ्वी अब अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर लाइमलाइट में आए हैं. पृथ्वी ने 8 मार्च (रविवार) को अपनी लॉन्ग टाइम गर्लफ्रेंड आकृति अग्रवाल से सगाई कर ली. पृथ्वी की सगाई उनके बचपन के दोस्त अर्जुन तेंदुलकर की 5 मार्च को हुई शादी के कुछ ही दिनों बाद हुई है. पृथ्वी शॉ ने खुद सोशल मीडिया पर इस खुशखबरी को शेयर किया. उन्होंने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर फोटोज शेयर करते हुए लिखा, 'मैदान पर छक्कों से लेकर अब जिंदगी भर की शानदार पारी तक. वो मेरी पर्फेक्ट इनिंग्स है.' इस पोस्ट के बाद फैन्स और क्रिकेट जगत से उन्हें लगातार बधाइयां मिल रही हैं. पृथ्वी शॉ की होने वाली दुल्हनियां आकृति अग्रवाल एक जानी-मानी सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर हैं. रिपोर्ट्स के मुताबिक सगाई करने से पहले दोनों काफी समय से एक-दूसरे को डेट कर रहे थे।

भारत के पास 250 मिलियन बैरल कच्चा तेल, 7-8 सप्ताह का बफर मौजूद

नई दिल्ली। शीर्ष सरकारी सूत्रों ने इस आशंका को खारिज किया कि मौजूदा वैश्विक ऊर्जा स्थिति भारत के लिए संकट बन सकती है। भारत के पास फिलहाल 250 मिलियन बैरल (करीब 4,000 करोड़ लीटर) से अधिक कच्चा तेल और पेट्रोलियम उत्पाद का भंडार है, जो पूरी आपूर्ति श्रृंखला में लगभग 7ङ्क8 सप्ताह का बफर प्रदान करता है।

ये भंडार किसी एक स्थान या एक ही रूप में नहीं रखे गए हैं। इन्हें जमीन के ऊपर बने स्टोरेज टैंकों, भूमिगत रणनीतिक गुफाओं, पाइपलाइन सिस्टम, टर्मिनल टैंकों, समुद्र में ट्रांजिट में मौजूद स्टोरेज जहाजों और तीन समर्पित रणनीतिक पेट्रोलियम भंडार सुविधाओं मैंगलोर, पडुर और विशाखापटनम में वितरित किया गया है। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, भारत के पास कच्चा तेल, पेट्रोल, डीजल, एटीएफ,

एलपीजी और एलएनजी का पर्याप्त भंडार है, जिससे अल्पकालिक आपूर्ति व्यवधानों से निपटा जा सकता है। साथ ही, देश कई वैश्विक आपूर्तिकर्ताओं से ऊर्जा की आपूर्ति जारी रखे हुए है। सूत्रों ने कहा, यह दावा कि वैश्विक तेल आपूर्ति रुक गई है या भारत के पास केवल 25 दिन का भंडार है, गलत है और वास्तविक आपूर्ति व स्टॉक स्थिति को नहीं दर्शाता। भारत सोची-समझी और मजबूत रणनीतिक स्थिति में है, जो पिछले 12 वर्षों की निरंतर ऊर्जा नीति का परिणाम है।

बफर वास्तविक है, आपूर्ति मार्ग विविध हैं और आपूर्ति का रिकॉर्ड लगातार बना हुआ है। यह बफर किसी काउंटडाउन की तरह नहीं है, बल्कि नियमित आयात के अतिरिक्त है। हर दिन कई मार्गों से तेल आयात जारी रहता है। भले ही स्ह्लह्स्ड्डद्बह्ल श्वद्ध ॥श्वह्लद्बह्ल5 से आपूर्ति पूरी तरह बाधित हो जाए, तब भी भारत के विविध स्रोतों के कारण प्रभाव आंशिक होगा, पूरी तरह नहीं। सरकारी सूत्रों के अनुसार भारत के कच्चे तेल का बड़ा हिस्सा इस मार्ग से नहीं गुजरता। पिछले एक दशक में भारत की रणनीतिक तेल कूटनीति ने आपूर्तिकर्ता देशों की संख्या 27 से बढ़ाकर 40 कर दी है, जो छह महाद्वीपों में फैले हुए हैं। अब वह दौर समाप्त हो चुका है जब भारत की ऊर्जा सुरक्षा किसी एक समुद्री मार्ग पर निर्भर होती थी। अब आपूर्ति रूस, पश्चिम अफ्रीका, अमेरिका महाद्वीप, मध्य एशिया और खाड़ी क्षेत्र के बाहर के मध्य-पूर्वी मार्गों से भी होती है। इसलिए किसी एक मार्ग में बाधा आने पर केवल स्रोतों का समायोजन करना पड़ता है लेकिन आपूर्ति संकट नहीं बनता। सूत्रों ने कहा कि होर्मुज जलडमरू मध्य भारत के कच्चे तेल आयात का एकमात्र मार्ग नहीं है। करीब 40 प्रतिशत आयात इस जलडमरू मध्य से गुजरता है जबकि लगभग 60 प्रतिशत अन्य मार्गों से आता है।

अदाणी समूह बना यूनेस्को के विश्व इंजीनियरिंग दिवस का भागीदार

अहमदाबाद। अदाणी समूह को सतत विकास के लिए विश्व इंजीनियरिंग दिवस (डब्ल्यूईडी) 2026 का आधिकारिक भागीदार नामित किया गया है। यह दिवस यूनेस्को (संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक और सांस्कृतिक संगठन) द्वारा घोषित एक अंतरराष्ट्रीय दिवस है, जिसे वर्ल्ड फेडरेशन ऑफ इंजीनियरिंग ऑर्गनाइजेशंस (डब्ल्यूएफईओ) द्वारा आयोजित किया जाता है। यह पहली बार है, जब विश्व इंजीनियरिंग दिवस पर इंजीनियरों के प्रयासों को सम्मानित करने के लिए डब्ल्यूएफईओ द्वारा किसी भारतीय संगठन को चुना गया है।

भारत की सबसे बड़ी ट्रांसपोर्ट, यूटिलिटी और इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपर कंपनी ने कहा कि यह स्वच्छ ऊर्जा परिवर्तन को गति देने में अदाणी समूह के नेतृत्व और बड़े पैमाने पर स्वच्छ, विश्वसनीय और किफायती बिजली आपूर्ति करने की उसकी क्षमता का प्रमाण है, जो भारत की ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करने के साथ-साथ वैश्विक सतत विकास लक्ष्यों (सतत विकास लक्ष्य 7) में योगदान देता है। अदाणी ग्रीन एनर्जी के कार्यकारी निदेशक सागर अदाणी ने कहा, हम यह दिखा रहे हैं कि स्वच्छ ऊर्जा बड़े पैमाने पर होने के साथ-साथ किफायती भी हो सकती है, यह शक्तिशाली होने के साथ-साथ समावेशी भी है। यह दुनिया के लिए भारत का योगदान है और एक ऐसा मॉडल जहां प्रगति और सततता साथ-साथ आगे बढ़ते हैं। हमारा खावड़ा नवीकरणीय ऊर्जा संयंत्र भारत की जलवायु कार्रवाई का प्रतीक है। यह अदाणी ग्रीन एनर्जी, अदाणी एनर्जी सॉल्यूशंस और अदाणी न्यू इंडस्ट्रीज की की सामूहिक ताकत को दर्शाता है, जो एकीकृत नवीकरणीय भविष्य को आगे बढ़ाने के लिए मिलकर काम कर रही हैं। 'डब्ल्यूईडी 2026' का विषय नवाचार और डिजिटलीकरण के माध्यम से सतत भविष्य के लिए स्मार्ट इंजीनियरिंग है। नवीकरणीय ऊर्जा, डिजिटल अवसंरचना और बड़े पैमाने पर परिवहन एवं उपयोगिता प्रणालियों के क्षेत्र में अदाणी समूह का कार्य इस दृष्टिकोण को स्पष्ट रूप से दर्शाता है।

एप्पल ने लॉन्च किया अपना सबसे सस्ता आईफोन

नई दिल्ली। प्रीमियम लैपटॉप बाजार में अपना दबदबा कायम रखने के बाद, अब एप्पल ने बजट फ्रेंडली सेगमेंट में भी तहलका मचा दिया है। कंपनी ने ग्राहकों के लिए अपना नया और किफायती लैपटॉप 'मैकबुक नियो' लॉन्च कर दिया है। सबसे बड़ी खासियत यह है कि इस सस्ते मैकबुक में भी कंपनी ने उसी दमदार ए18 प्रो चिपसेट का इस्तेमाल किया है, जो आईफोन 16 प्रो और आईफोन 16 प्रो मैक्स में देखने को मिलता है। इस लैपटॉप की प्री-बुकिंग शुरू हो चुकी है और आगामी 11

मार्च से यह एप्पल की आधिकारिक वेबसाइट व सभी अधिकृत रिटेलर्स पर बिक्री के लिए उपलब्ध हो जाएगा। नए मैकबुक नियो में 13 इंच का बेहतरीन लिक्विड रेटिना आईपीएस डिस्प्ले दिया गया है, जो 219श्चश्चद्ध पिक्सल डेंसिटी के साथ आता है। एप्पल का यह लेटेस्ट लैपटॉप आईफोन 16 सीरीज वाले ए18 प्रो चिप पर काम करता है, जो इसे मल्टीटास्किंग के लिए बेहद फास्ट बनाता है। कंपनी का दावा है कि यह इंटेल कोर अल्ट्रा 5 चिप वाले विंडोज पीसी के मुकाबले रोजमर्रा के कामों में 50 फीसदी तक और कुछ एआई आधारित कार्यों में तीन गुना तक ज्यादा तेज परफॉर्मेंस देता है। मैकबुक एयर की तरह ही यह लैपटॉप भी लेटेस्ट मैकओएस ताहो ऑपरेटिंग सिस्टम पर काम करता है। इसमें 8 जीबी रैम के साथ 256 जीबी और 512 जीबी एसएसडी स्टोरेज के दो शानदार विकल्प मिलते हैं।

एलपीजी के बाद अब पेट्रोल-डीजल हो सकता है महंगा

नई दिल्ली। अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच बढ़ते युद्ध के कारण शनिवार को अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में तेज उछाल देखा गया। ब्रेंट क्रूड की कीमत 91.84 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गई, जबकि वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) का दाम 89.62 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गया।

इस तेजी के साथ ब्रेंट और डब्ल्यूटीआई की कीमतों में क्रमशः 24.55 प्रतिशत और 32 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई है, जिससे वैश्विक स्तर पर महंगाई बढ़ने की आशंकाएं फिर

से तेज हो गई हैं। ब्रेंट क्रूड फ्यूचर्स अप्रैल 2024 के बाद पहली बार 90 डॉलर प्रति बैरल के स्तर को पार कर गया है। वहीं डब्ल्यूटीआई क्रूड की कीमत दिन के दौरान लगभग 11 प्रतिशत बढ़कर 89.62 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गई। इससे पहले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा था कि ईरान को 'निर्धारित समय से पहले और पहले कभी न देखे गए स्तर पर' नुकसान पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने दावा किया कि ईरान के पास अब 'कोई एयरफोर्स और एयर डिफेंस नहीं बचा है' और उसकी वायु सेना लगभग खत्म हो चुकी है।

टी20 विश्व कप में पाकिस्तानी खिलाड़ी की शर्मनाक हरकत

नई दिल्ली। पाकिस्तान क्रिकेट टीम का टी20 विश्व कप में बेहद निराशाजनक प्रदर्शन रहा था। टीम सुपर-8 से आगे नहीं जा सकी। विश्व कप से बाहर होने के बाद पाकिस्तान क्रिकेट टीम स्वदेश लौट चुकी है। इसी बीच एक ऐसी खबर आई है जिसने फील्ड पर लगातार शर्मनाक प्रदर्शन कर रही पाकिस्तान क्रिकेट टीम की प्रतिष्ठा को ठेस पहुंचाया है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, श्रीलंका के कैंडी में एक होटल में रहने के दौरान एक पाकिस्तानी खिलाड़ी ने महिला स्टाफ के साथ बदतमीजी की। घटना के बाद टीम मैनेजर ने खिलाड़ी पर जुर्माना लगाया। यह घटना मेजबान श्रीलंका के खिलाफ पाकिस्तान के आखिरी सुपर 8 मैच से पहले हुई थी। टेलीकॉम एशिया स्पोर्ट के मुताबिक, श्रीलंका के खिलाफ पाकिस्तान के आखिरी सुपर 8 मैच से पहले, पाकिस्तान वर्ल्ड कप टीम के एक खिलाड़ी ने एक महिला हाउसकीपिंग स्टाफ के साथ बदतमीजी की।

सड़क पर नियम तोड़ना धोनी को पड़ा भारी, कटा चालान

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान और 'कैप्टन कूल' के नाम से मशहूर महेंद्र सिंह धोनी एक बार फिर सुर्खियों में आ गए हैं। लेकिन इस बार वजह क्रिकेट का मैदान नहीं, बल्कि सड़क पर की गई एक गलती है। हमेशा शांत रहने वाले और नियमों का पालन करने वाले धोनी इस बार अपनी गाड़ी तय लिमिट से ज्यादा तेज रफ्तार में चलाते हुए पकड़े गए हैं, जिसके चलते उनका चालान कट गया है। मिली जानकारी के मुताबिक, एमएस धोनी हाल ही में अपने होमटाउन रांची की सड़कों पर अपनी कार से जा रहे थे। इस दौरान उन्होंने अपनी गाड़ी तय स्पीड लिमिट से काफी तेज दौड़ाई। रांची पुलिस के स्मार्ट ट्रैफिक मॉनिटरिंग सिस्टम ने तुरंत उनकी ओवर-स्पीडिंग को कैमरे में कैद कर लिया और नियमों का उल्लंघन करने पर उनके नाम से चालान जारी कर दिया गया।

निवेशकों के 3 लाख करोड़ स्वाहा, औंधे मुंह गिरा सेंसेक्स

मुंबई। अमेरिका और ईरान के बीच छिड़े महायुद्ध और मिडिल ईस्ट में मचे भयंकर कोहराम का सीधा असर अब भारतीय अर्थव्यवस्था पर दिखने लगा है। सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन यानी शुक्रवार को भारतीय शेयर बाजार में ऐसा खौफनाक भूचाल आया कि पलक झपकते ही निवेशकों की गाढ़ी कमाई के करीब 3 लाख करोड़ रुपये स्वाहा हो गए। बाजार में बिकवाली की ऐसी भयानक सुनामी आई कि बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (क्चस्श्व) का प्रमुख सूचकांक सेंसेक्स 1097 अंकों की भारी-भरकम गिरावट के साथ 78,918.90 के स्तर पर औंधे मुंह जा गिरा। वहीं, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 50 भी 315 अंकों का गहरा गोता लगाकर 24,450.45 के स्तर पर बंद हुआ। इस 'ब्लैक फ्राइडे' ने शेयर बाजार के दिग्गजों से लेकर आम निवेशकों तक के चेहरों की हवाइयां उड़ा दी हैं।

प्रियंका ने फिर बढ़ाया भारत का मान, ऑस्कर-2026 की प्रेजेंटर्स लिस्ट में शामिल

बॉलीवुड की देसी गर्ल प्रियंका चोपड़ा जोनस हॉलीवुड में काफी समय से काम कर रही हैं। वहीं, 98वें अकादमी अवॉर्ड्स में वह पुरस्कार प्रदान करने वालीं प्रस्तुतकर्ताओं की लिस्ट में शामिल हो गई हैं। इस बात की पुष्टि अभिनेत्री ने खुद सोशल मीडिया के जरिए की। प्रियंका चोपड़ा ने शुक्रवार को अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट किया।

इसमें उनके नाम के साथ प्रस्तुतकर्ता के भी नाम शामिल हैं। अभिनेत्री ने लिखा, 2026 अकादमी अवॉर्ड्स। प्रियंका के साथ इस लिस्ट में रॉबर्ट डाउनी जूनियर, ऐनी हैथवे, विल अर्नेट, ग्वेनेथ पाल्ट्रो और पॉल मेस्कल जैसे बड़े नाम शामिल हैं। ये सितारे समारोह में मंच पर आएंगे और विभिन्न श्रेणियों के प्रतिष्ठित पुरस्कार विजेताओं को सम्मानित करेंगे।

पोस्ट शेयर करने के बाद प्रियंका के इंडस्ट्री के दोस्तों और साथी कलाकारों ने तुरंत प्रतिक्रिया दी और कमेंट सेक्शन में प्यार और शुभकामनाओं की बौछार कर दी। कई लोगों ने हार्ट और फायर के इमोजी कमेंट किए। मशहूर स्टैंडअप कॉमेडियन जाकिर खान ने कमेंट सेक्शन पर लिखा, बधाई हो। आप सच में हीरो हैं।

अकादमी अवॉर्ड्स फिल्म जगत में कलात्मक और तकनीकी के लिए दिए जाने वाला दुनिया का सबसे सम्मानित पुरस्कार है। इसे एकेडमी ऑफ मोशन पिक्चर आर्ट्स एंड साइंसेज द्वारा प्रदान

किया जाता है। यह लॉस एंजिल्स में स्थित एक पेशेवर मानद संगठन है, जो सिनेमाई उपलब्धियों में उत्कृष्टता को मान्यता देता है। यह सम्मान फिल्म उद्योग में उत्कृष्ट निर्देशकों, कलाकारों और लेखकों को प्रतिवर्ष दिया जाता है। पहली बार 1929 में शुरू हुए ये अवॉर्ड्स मनोरंजन उद्योग के सबसे पुराने और प्रतिष्ठित आयोजनों में शुमार हैं। प्रियंका जल्द ही एसएस राजामौली की फिल्म वाराणसी में नजर आएंगी। इस फिल्म में उनके साथ महेश बाबू और पृथ्वीराज सुकुमारन भी नजर आएंगे। फिल्म के जरिए प्रियंका 7 साल बाद घर वापसी कर रही हैं और वे महेश बाबू के साथ स्क्रीन शेयर करती दिखेंगी। साथ ही, यह एसएस राजामौली का प्रोजेक्ट है, जो कभी भी अपनी कहानी कहने के अंदाज से दर्शकों को निराश नहीं करते हैं। ये सब देखते हुए फैंस के बीच उत्साह चरम पर है।

ओह माय गॉड्डेस में सामने आया रानी मुखर्जी की एंट्री का सच, पटरी से उतरी बातचीत

बॉलीवुड गलियारों में काफी समय से चर्चा थी कि रानी मुखर्जी जल्द ही अक्षय कुमार के साथ फिल्म ओह माय गॉड्डेस में नजर आएंगी। हालांकि, अब इस पर एक बड़ा अपडेट सामने आया है, जिसने इन तमाम अटकलों पर विराम लगा दिया है। खबर है कि रानी को इस फिल्म के लिए कभी साइन किया ही नहीं गया था। प्रशंसकों के बीच इस नई जोड़ी को लेकर काफी उत्साह था, लेकिन क्या था कास्टिंग का पूरा सच आइए जानते हैं। अक्षय-रानी के पहली बार रुपहले पर्दे पर एक साथ नजर आने की खबर ने फैंस को उत्साहित कर दिया था, लेकिन अब ऐसा होता नहीं दिख रहा है। रिपोर्ट के मुताबिक, रानी अब

ओह माय गॉड्डेस फ्रेंचाइजी की तीसरी किस्त का हिस्सा नहीं हैं। फैंस दोनों सितारों को साथ देखने के लिए बेहद उत्साहित थे, लेकिन रानी के फिल्म से अलग होने के कारण अक्षय के साथ अब उनका ये बहुप्रतीक्षित मिलन ठंडे बस्ते में चला गया है। अक्षय की सुपरहिट फ्रेंचाइजी ओह माय गॉड्डेस के तीसरे भाग ओह माय गॉड्डेस में रानी की एंट्री को लेकर चल रही खबरें अब पूरी तरह अफवाह साबित हुई हैं। रानी को फिल्म में मुख्य नायक के तौर पर लेने की बात चल रही थी, जबकि अक्षय पिछले भागों की तरह ही एक खास कैमियो करने वाले थे। रानी ने फिल्म की कहानी सुनी थी और इसमें दिलचस्पी भी दिखाई थी, लेकिन बात उससे आगे नहीं बढ़ पाई। सूत्र ने बताया, अक्षय-रानी के बीच सालों पुराने और बहुत अच्छे रिश्ते हैं। वो दोनों पहली बार एक साथ काम करने के लिए वास्तव में उत्साहित भी थे, लेकिन वो बातचीत बहुत शुरुआती दौर की थी। दोनों सितारों के बीच इस प्रोजेक्ट को लेकर केवल चर्चा हुई थी, लेकिन बात कभी आधिकारिक साइनिंग या कॉन्ट्रैक्ट तक नहीं पहुंची।

तेंदुआ खाल तस्करी का भंडाफोड़, अंतरराज्यीय गिरोह पकड़ाया, दो आरोपी अब भी फरार

गरियाबंद-ओडिशा कनेक्शन उजागर, दो आरोपी गिरफ्तार

गरियाबंद/नवप्रदेश। उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व की एंटी पोचिंग टीम ने अंतरराज्यीय वन्यप्राणी तस्करी गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए तेंदुए की खाल के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मामले में छत्तीसगढ़ के छुरा और ओडिशा के नुआपाड़ा जिले का कनेक्शन सामने आया है, जबकि दो आरोपी अभी भी फरार बताए जा रहे हैं। मिली जानकारी के अनुसार, उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व की एंटी पोचिंग टीम को 5 मार्च को गोपनीय सूचना मिली थी कि रायपुरङ्कदेवभोग नेशनल हाईवे 130ष्ट मार्ग से तेंदुए की खाल की तस्करी की जा रही है। सूचना के आधार पर तौरेंगा वनोपज जांच नाका पर वाहनों की सघन जांच की गई। इस दौरान रायपुर से देवभोग की ओर जा रही मारुति सुजुकी ईको (CG 04 PT 2966) की तलाशी लेने पर वाहन से तेंदुए की आधी खाल (बिना सिर और पंजे) बरामद

हुई। मौके पर ही वाहन को जब्त कर उसमें सवार जमरसाय (55 वर्ष), निवासी कटेलपारा, छुरा और चालक सूरज नेताम (21 वर्ष), निवासी कांटाखुसरी, छुरा को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। पूछताछ में दोनों ने तेंदुए की खाल की अवैध तस्करी करना स्वीकार किया।

आरोपियों के खिलाफ वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम 1972 की विभिन्न धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर 7 मार्च को मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट गरियाबंद के समक्ष पेश किया गया, जहां से दोनों को 14 दिन की न्यायिक रिमांड पर जिला जेल भेज दिया गया। जांच के दौरान आरोपी जमरसाय की निशानदेही पर ओडिशा के नुआपाड़ा जिले के धर्मबांधा थाना क्षेत्र के पंचमपुर निवासी मंगलू मांझी (60 वर्ष) को भी पकड़ा गया। प्रारंभिक पूछताछ में उसने जुलाई 2025 में बिजली के करंट से जंगली सूअर और तेंदुए जैसे वन्यप्राणियों के शिकार की बात स्वीकार की है।

वन विभाग के अनुसार, मामले में छुरा क्षेत्र के दो अन्य आरोपी अभी फरार हैं, जिनकी तलाश जारी है। वहीं उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व की एंटी पोचिंग टीम टाइगर रिजर्व के आसपास 50 किलोमीटर के दायरे में विशेष सर्च अभियान भी चलाएगी। यह पूरी कार्रवाई पीसीसीएफ वाइल्ड लाइफ अरुण पांडेय, सीसीएफ वाइल्ड लाइफ सतोविशा समाजदार और उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व के उपनिदेशक वरुण जैन के मार्गदर्शन में की गई, जिसमें छत्तीसगढ़ पुलिस साइबर सेल और वन परिक्षेत्र उत्तर उदंती मैनपुर के वन अमले का विशेष सहयोग रहा।

न्यूज गैलरी

पीएम आवास योजना में लापरवाही पर पंचायत सचिव निलंबित

रायगढ़/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण योजना (पीएमएवाई-ग्रामीण) के तहत स्वीकृत निर्माण कार्यों में लापरवाही बरतने के मामले में ग्राम पंचायत नगोई के सचिव जीवन लाल राठिया को जिला प्रशासन ने तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। यह कार्रवाई जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी के निर्देश पर की गई है। जानकारी के अनुसार सचिव ने उच्च अधिकारियों के आदेशों की अवहेलना करते हुए निर्माण कार्यों में रुचि नहीं दिखाई। 11 फरवरी को उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था, जबकि 18 फरवरी को दिया गया जवाब समाधानकारक नहीं पाया गया। जांच में उनके कृत्य को छत्तीसगढ़ पंचायत सेवा (आचरण) नियम 1998 के नियम 3 के उप नियम (1) (एक) (दो) (तीन) तहत कदाचार माना गया।

नाबालिग से दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

रायगढ़/नवप्रदेश। गंभीर मामलों में फरार आरोपियों की धरपकड़ के अभियान के तहत सिटी कोतवाली पुलिस ने पॉक्सो एक्ट के तहत फरार चल रहे शंकर बरेठ को बैकुंठपुर गिरफ्तार से कर न्यायालय में पेश किया। एसएसपी शशि मोहन सिंह के निर्देशन में थाना प्रभारी निरीक्षक सुखनंदन पटेल द्वारा विशेष टीम गठित की गई थी, जो थाने में दर्ज अपराधों में फरार आरोपियों की गिरफ्तारी पर लगातार कार्यरत थी। जानकारी के अनुसार, 14 नवंबर 2025 को एक स्थानीय बालिका ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि आरोपी ने 10 और 13 नवंबर को मॉर्निंग वॉक के दौरान उसके साथ छेड़खानी की। शिकायत मिलने पर आरोपी फरार हो गया था। मुखबिर सूचना के आधार पर पुलिस ने बैकुंठपुर में दबिश देकर आरोपी को उसके घर से गिरफ्तार किया। गिरफ्तार शंकर बरेठ (23 वर्ष) निवासी बैकुंठपुर राम मंदिर के पास आदतन बदमाश प्रवृत्ति का है। उसके खिलाफ2024 में 1 और 2025 में 2 मारपीट के मामले भी दर्ज हैं। गिरफ्तारी वारंट पर कार्रवाई करते हुए आरोपी को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

काम की तलाश में मेंगलुरु गए पांच मजदूरों में दो लापता, एक की मिली लाश

कोरबा/नवप्रदेश। काम की तलाश में दक्षिण भारत गए कोरबा जिले के मजदूरों के साथ रहस्यमय घटनाक्रम सामने आया है। पांच मजदूर 11 फरवरी को काम करने के लिए मेंगलुरु के लिए निकले थे, लेकिन यात्रा के दौरान दो युवक रहस्यमय परिस्थितियों में लापता हो गए। कुछ दिन बाद पुलिस ने एक शव बरामद किया, जिसे लेकर अब कई सवाल खड़े हो गए हैं। शव की पहचान स्पष्ट नहीं हो पाने से स्वजन डीएनए जांच की मांग करने की तैयारी में हैं। कोरबा जिले के ग्राम पंचायत क्षेत्र देवरी की रविदास तेंदुकोन्हा बस्ती-के रहने वाले पांच युवक भंवर साय, रविदास, खमन दास, अजय यादव और ईश्वर सिंह 11 फरवरी को मजदूरी के लिए मेंगलुरु रवाना हुए थे। उनके साथ झारखंड से मजदूरों की व्यवस्था कराने वाला एजेंट गोविंद भी मौजूद था। सभी युवक ट्रेन से लंबी यात्रा कर मेंगलुरु पहुंचने वाले थे, लेकिन रास्ते में ही घटनाक्रम बदल गया। साथियों के मुताबिक भंवर साय ट्रेन के एक बोगी के अंतिम छोर पर दरवाजे के पास बैठा हुआ था। सफर के दौरान वह कब और किस स्टेशन पर ट्रेन से उतर गया, इसका किसी को पता नहीं चल सका। जब ट्रेन मेंगलुरु स्टेशन पहुंची और बाकी चार युवक नीचे उतरे, तब उन्हें पता चला कि भंवर साय उनके साथ नहीं है।

तेज रफ्तार स्कार्पियो अनियंत्रित होकर पलटी, एक की मौत

बस्तर/नवप्रदेश। जिले के चिखलपुटी बायपास मार्ग पर शुक्रवार देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार स्कॉर्पियो अनियंत्रित होकर पलट गई, जिससे एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान भेलवापदर निवासी करण श्रीवास्तव के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार करण अपने दोस्तों के साथ स्कॉर्पियो में बायपास मार्ग की ओर जा रहा था। इसी दौरान मोड़ पर वाहन चालक का नियंत्रण वाहन से हट गया। जिसके बाद स्कॉर्पियो पलटकर सड़क किनारे जा गिरी। हादसे में करण श्रीवास्तव को गंभीर चोटें आईं और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। घटना में एक अन्य युवक घायल भी हुआ है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। शव को कब्जे में लेकर जिला अस्पताल के शवगृह में रखवाया गया। घायल युवक को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने हादसे के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

बाइक में फंसी साड़ी का पल्लू, शिक्षिका की दर्दनाक मौत

खैरागढ़/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के खैरागढ़ जिले से एक दिल दहला देने वाली खबर सामने आई है। शहर के प्रतिष्ठित वेसलियन इंग्लिश मीडियम स्कूल की एक वरिष्ठ शिक्षिका की सड़क हादसे में जान चली गई। यह हादसा तब हुआ जब शिक्षिका अपने बेटे के साथ बाइक पर स्कूल जा रही थीं और अचानक उनकी साड़ी का पल्लू बाइक के पिछले चक्के में फंस गया। जानकारी के अनुसार, 48 वर्षीय शिक्षिका मर्सी बचइया रोज की तरह अपने बेटे के साथ बाइक पर सवार होकर स्कूल जा रही थीं। स्कूल पहुंचने से कुछ ही दूरी पहले अचानक उनकी साड़ी का पल्लू बाइक के पिछले पहिये की चपेट में आ गया। पल्लू खिंचने की वजह से शिक्षिका अनियंत्रित होकर सिर के बल सड़क पर गिर पड़ीं। हादसे के तुरंत बाद उन्हें गंभीर हालत में जिला अस्पताल खैरागढ़ ले जाया गया। सिर में गंभीर अंदरूनी चोट होने के कारण डॉक्टरों ने उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद दुर्ग के एक निजी अस्पताल रेफर कर दिया।

नकिया में ग्रामीणों के बीच कलेक्टर की चौपाल, सुनी समस्याएं और निराकरण का दिया भरोसा

मैं कलेक्टर हूं... आपकी समस्याएं सुनने आया हूं, निसंकोच बताओ...

- लेमरू स्वास्थ्य केंद्र में लैब टेक्नीशियन नियुक्त करने सहित स्वास्थ्य सुविधाएं बढ़ाने के निर्देश
- चिर्रा-श्यांग मार्ग को जून तक पूर्ण करने के लिए ठेकेदार को कहा...
- अंतिम छोर के गांव लेमरू, नकिया और श्यांग का कलेक्टर ने किया दौरा

कोरबा/नवप्रदेश। जिले के अंतिम छोर पर बसे ग्राम नकिया में आज कलेक्टर कुणाल दुदावत पीवीटीजी ग्रामीणों के बीच पहुँचे। ग्रामीणों की उत्सुक निगाहें कलेक्टर सहित अन्य अधिकारियों पर टिकी थीं। इस दौरान कलेक्टर ने ग्रामीणों के बीच पहुँचकर सहजता से कहा, मैं कलेक्टर हूँ, आप मुझे पहचानते हैं न, मैं आपकी समस्याएँ सुनने आया हूँ। आपका गाँव बहुत सुंदर है। राशन मिल रहा है न? महतारी वंदन योजना की राशि खाते में आ रही है न? आप लोग बताइए, आपके गाँव में क्या चाहिए?

आम के पेड़ के नीचे खाट पर बैठकर कलेक्टर दुदावत ने कोरबा विकासखंड के सुदूरवर्ती ग्राम लेमरू, नकिया और श्यांग क्षेत्र का दौरा कर शासन की विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी ली। ग्राम नकिया में उन्होंने पीवीटीजी परिवारों और ग्रामीणों के बीच दोपहर में चौपाल लगाकर उनकी समस्याएँ सुनीं और समाधान का भरोसा दिलाया।

ग्रामीणों ने बाजार शेड निर्माण, आश्रित ग्राम कोतरा डाँड़ तक सड़क, ग्राम खराखेत पारा में स्कूल भवन, आंगनबाड़ी, नकिया में विद्युतीकरण, पीएम आवास सहित अन्य कई मांगें रखीं। कलेक्टर ने इन सभी मांगों का परीक्षण कर यथासंभव शीघ्र पूरा करने का भरोसा दिया।

ग्रामीणों से संवाद करते हुए कलेक्टर ने उनसे शासन की योजनाओं से मिल रहे लाभ की जानकारी भी ली। कुछ महिलाओं ने महतारी वंदन योजना की राशि खाते में नहीं आने की शिकायत की। इस पर कलेक्टर दुदावत ने संबंधित बैंक को सोमवार को गाँव में शिविर लगाकर जाँच करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने ग्रामीणों को खेती-किसानी के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि बोर के माध्यम से पानी की उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी। इसके लिए कृषि विज्ञान केंद्र के अधिकारी गाँव के किसानों को प्रशिक्षण देंगे। उन्होंने कृषि अधिकारी को केवीके के माध्यम से किसानों को प्रशिक्षण उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

प्रधानमंत्री आवास योजना से वंचित ग्रामीणों को कलेक्टर ने बताया कि सभी का सर्वे किया जा चुका है। जो ग्रामीण सर्वे से छूट गए हैं, वे आवेदन दे सकते हैं। नया लक्ष्य प्राप्त होते ही आवास निर्माण का कार्य प्रारंभ किया जाएगा। किसी को भी निराश होने की आवश्यकता नहीं है।

कलेक्टर ने ग्रामीणों को यह भी बताया कि विगत माह फरवरी में कुछ स्थानों पर चावल वितरण नहीं हो पाया था, इसलिए मार्च में राशन दुकानों से फरवरी माह का चावल भी उपलब्ध कराया जाएगा। वन अधिकार पत्र के संबंध में मांग आने पर उन्होंने ग्रामीणों से ग्राम सभा से अनुमोदन कर जानकारी प्रस्तुत करने को कहा। नकिया में विद्युतीकरण के लिए कलेक्टर ने विद्युत विभाग को परीक्षण कराने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने गाँव की सरपंच रमिला मंझवार से भी चर्चा की और निर्माणाधीन आंगनबाड़ी भवन को गुणवत्ता के साथ समय पर पूरा करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने बाजार शेड और सीसी सड़क निर्माण के लिए ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग को प्राक्कलन तैयार करने के निर्देश दिए। साथ ही जिला पंचायत के सीईओ को ग्राम नकिया की अलग रिपोर्ट तैयार कर समस्याओं को चिन्हित करने के निर्देश भी दिए। इस अवसर पर कलेक्टर ने ग्राम नकिया में प्रधानमंत्री आवास को शीघ्र पूर्ण करने वाले पहाड़ी कोरवा हितग्राही वीरूराम और शाम कुंवर को सम्मानित भी किया।

कोपरा-पोखरा सड़क पर तेज रफ्तार कार पलटी, चार घायल

राजिम/नवप्रदेश। फिंगेश्वर ब्लॉक अंतर्गत ग्राम कोलिहाटाड़ के पास कोपराङ्कपोखरा नवनिर्मित सड़क मार्ग पर शनिवार दोपहर एक तेज रफ्तार इक्को कार अनियंत्रित होकर सड़क से उतरकर खेत में पलट गई। इस हादसे में कार में सवार चार युवक घायल हो गए, जिनमें एक की हालत गंभीर बताई जा रही है, जबकि तीन को मामूली चोटें आई हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार यह घटना शनिवार दोपहर लगभग 1:30 बजे की है। कार क्रमांक CG 04 पीटी 1801 कोपरा से पोखरा की ओर जा रही थी। इसी दौरान नवनिर्मित सड़क पर वाहन अचानक अनियंत्रित हो गया और सड़क किनारे खेत में जा घुसा, जिससे कार पलट गई।

बताया जा रहा है कि कार में सवार सभी चारों युवक अभनपुरङ्कचंडी सकरी क्षेत्र के रहने वाले हैं। वे किसी काम से बासीन गए थे और वहां से वापस लौट रहे थे। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि कार में सवार युवक नशे में थे, जिसके कारण वाहन का संतुलन बिगड़ गया और यह बड़ा हादसा हो गया।

गौरतलब है कि कोपरा-पोखरा सड़क का निर्माण कार्य अभी जारी है, जिससे मार्ग पूरी तरह व्यवस्थित नहीं हो पाया है। ऐसे में तेज रफ्तार और लापरवाही के चलते दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। इस हादसे के बाद कुछ देर तक इलाके में अफरा-तफरी का माहौल भी बना रहा। हादसे के बाद आसपास के ग्रामीण तुरंत मौके पर पहुंचे और कार में फंसे घायलों को बाहर निकालने में मदद की। स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस और एंबुलेंस को सूचना दी, जिसके बाद घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भेजने की व्यवस्था की गई।

राजस्व निरीक्षक और पटवारियों की समीक्षा बैठक, 14 पटवारियों को नोटिस

कोरबा/नवप्रदेश। जिला कार्यालय में राजस्व निरीक्षकों और पटवारियों की मासिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में मसाहती सर्वेक्षण कार्यों सहित अलग-अलग राजस्व संबंधी कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई। मीटिंग के दौरान कोरबा जिले में चल रहे कुल 113 मसाहती ग्रामों की प्रगति की समीक्षा की गई। अधिकारियों को बताया गया कि इन ग्रामों में से 8 का अंतिम प्रकाशन और 12 का प्रारंभिक प्रकाशन हो चुका है। जबकि बाकी ग्रामों में मसाहती सर्वे का कार्य प्रगति पर है। राजस्व निरीक्षकों और हल्का पटवारियों को ग्रामवार खसरों का सत्यापन, प्रारंभिक और अंतिम प्रकाशन की प्रक्रिया को समयबद्ध तरीके से पूरा करने तथा राजस्व अभिलेखों की स्वच्छ प्रति तैयार करने के निर्देश दिए गए।

छत्तीसगढ़-महाराष्ट्र सीमा पर बाघ का आतंक ग्रामीणों को पेड़ पर चढ़कर बचानी पड़ी जान

मोहला-मानपुर /नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र की सीमा से लगे क्षेत्रों में बाघ का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। बीते एक महीने में एक ग्रामीण सहित दो मवेशियों को अपना शिकार बना चुके बाघ ने अब औंधी तहसील के बागडोंगरी ग्राम पंचायत क्षेत्र में दहशत फैला दी है। 6 मार्च को दिनदहाड़े बाघ ने मवेशियों पर हमला किया, वहीं रात में वह गांव की बस्ती तक पहुंच गया, जिससे ग्रामीणों में भय का माहौल बन गया।

जानकारी के अनुसार, मानपुर दक्षिण वन परिक्षेत्र के औंधी क्षेत्र स्थित बागडोंगरी गांव में एक ग्रामीण का बैल पास के इलाके में चर रहा था। इसी दौरान बाघ ने उस पर हमला कर दिया। किसी तरह बैल बाघ के चंगुल से छूटकर अपने मालिक के घर पहुंचा, जहां उसके शरीर पर बाघ के पंजों के गहरे निशान और गर्दन पर दांतों के घाव पाए गए।

इसी गांव के आश्रित मोहल्ला मरकाटोला में भी बाघ की मौजूदगी से हड़कंप मच गया। यहां खेत में मक्के की फसल की रखवाली कर रहे दो ग्रामीणों को बाघ ने दौड़ा लिया। अपनी जान बचाने के लिए दोनों ग्रामीण तुरंत पास के पेड़ पर चढ़ गए। काफी देर तक बाघ उसी पेड़ के आसपास मंडराता रहा और हमला करने की कोशिश करता रहा।

ग्रामीणों को जब इस घटना की जानकारी मिली तो बड़ी संख्या में लोग टॉर्च लेकर मौके पर पहुंचे। लोगों की आवाज और टॉर्च की रोशनी देखकर बाघ वहां से भाग गया, जिसके बाद पेड़ पर चढ़े ग्रामीण सुरक्षित नीचे उतर सके। लगातार हो रही घटनाओं से क्षेत्र के लोग दहशत में हैं। इन दिनों महुआ संग्रहण का समय है, लेकिन बाघ के डर से ग्रामीण जंगल जाने से कतराने लगे हैं। वहीं स्कूली बच्चों को भी जंगल के रास्ते स्कूल जाना पड़ता है, जिससे उनकी सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है।

वन विभाग की टीम स्थिति पर नजर बनाए हुए है और इलाके में ट्रैप कैमरे लगाए गए हैं। विभाग ने ग्रामीणों से सतर्क रहने और अकेले जंगल न जाने की अपील की है। गौरतलब है कि 12 फरवरी को बाघ ने गहनगट्टा गांव में एक मवेशी का शिकार किया था। इसके बाद महाराष्ट्र के केहकावाही गांव में एक ग्रामीण को मार डाला था।

बस्तर के नन्हे रक्षकों ने पेश की मिसाल

धधकते जंगल को बचाने के लिए आग की लपटों के बीच पहुंच गए दो मासूम

जगदलपुर/नवप्रदेश। बस्तर के जंगलों से वीरता और पर्यावरण प्रेम की एक ऐसी कहानी सामने आई है, जिसने बड़ों-बड़ों को सोचने पर मजबूर कर दिया है। करपावंड रेंज के अंतर्गत मोखागाँव के जंगलों में जब शनिवार को भीषण आग की लपटें उठीं, तो उन्हें बुझाने के लिए सरकारी अमले के साथ दो ऐसे जांबाज भी कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हो गए जिनकी उम्र अभी खेलने-कूदने की है। धनपुर गाँव के रहने वाले 8 वर्षीय मुना (पिता मंगलू) और 10 वर्षीय तिलक (पिता मीनाधर) ने जंगल को जलता देख न केवल साहस का परिचय दिया, बल्कि अपनी सूझबूझ से वन विभाग के कर्मचारियों को भी हैरत में डाल दिया।

जैसे ही इन बच्चों ने जंगल में आग की लपटें देखीं, उन्हें अपने भविष्य का आधार जलता हुआ महसूस हुआ। बिना किसी हिचकिचाहट या सरकारी आदेश के इंतजार के, ये दोनों बच्चे स्वप्रेरित होकर आग बुझाने के काम में जुट गए। बच्चों के इस निस्वार्थ और साहसिक कदम ने मौके पर मौजूद वन विभाग के कर्मचारियों में भी नए उत्साह का संचार कर दिया।

नन्हे हाथों को आग से लड़ते देख कर्मचारियों का मनोबल इतना बढ़ा कि सभी ने मिलकर बेहद कम समय में आग पर पूरी तरह काबू पा लिया। मासूमों के इस जज्बे ने यह साबित कर दिया कि यदि मन में इच्छाशक्ति हो, तो उम्र कभी बाधा नहीं बनती। इस अभूतपूर्व साहस पर प्रतिक्रिया देते हुए बस्तर के वनमंडलाधिकारी उत्तम कुमार गुप्ता ने बच्चों की जमकर सराहना की है। उन्होंने कहा कि इन बच्चों ने जंगल की रक्षा के प्रति जो समर्पण दिखाया है, वह पूरे समाज के लिए एक प्रेरणा है। विभाग ने इस साहस का सम्मान करने का निर्णय लिया है और इन बच्चों को जल्द ही औपचारिक रूप से सम्मानित किया जाएगा। वन मंडलाधिकारी ने जोर देकर कहा कि इन बच्चों की सोच हमें यह सिखाती है कि जंगल केवल पेड़ों का समूह नहीं, बल्कि हमारा भविष्य हैं। वन विभाग ने आम जनता से भी मार्मिक अपील की है कि वे अपनी प्राकृतिक धरोहर को बचाने के लिए जागरूक बनें। विभाग ने चेतावनी दी है कि वनों में आग लगाना भारतीय वन अधिनियम 1927 के तहत एक गंभीर और दण्डनीय अपराध है।

अपराध: धमधा में फिर बेखौफ हुए अवैध शराब के 'कोचिये'

होली खत्म तो पुलिस की सख्ती भी खत्म हो गई

धमधा/नवप्रदेश। त्योहारों पर पुलिस की मुस्तैदी अक्सर सिर्फ दिखावा बनकर क्यों रह जाती है? इसका जीता-जागता उदाहरण इन दिनों धमधा थाना क्षेत्र में देखने को मिल रहा है। 'होली खत्म, कार्यवाही खत्म' की तर्ज पर क्षेत्र में अवैध शराब का कारोबार एक बार फिर अपने चरम पर पहुंच गया है। जो शराब कोचिये होली से पहले पुलिस के डर से दुबके बैठे थे, वे अब सरेआम अपनी जेबें भरने में लगे हैं।

त्योहारी सख्ती या महज खानापूर्ति?: होली के मद्देनजर शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए धमधा पुलिस ने अवैध शराब बेचने वालों पर ताबड़तोड़ कार्रवाई का डंडा चलाया था। लगातार हो रही धरपकड़ से आम जनता को ऐसा लगा मानो अब क्षेत्र से शराब माफियाओं का पूरी तरह से सफाया हो जाएगा। लेकिन जैसे ही होली का रंग उतरा, पुलिस की सख्ती का रंग भी पूरी तरह से फीका पड़ गया।

इन गांवों में बना अवैध शराब का सबसे बड़ा गढ़

सूत्रों और ग्राउंड रिपोर्ट से मिली पुख्ता जानकारी के अनुसार, होली का खुमार उतरते ही थाना क्षेत्र के ठेलका, रौंदा, दारगांव, पेंड्रावन, देवरी और मोतिमपुर गांवों में अवैध शराब की बिक्री सबसे ज्यादा हो रही है। इन गांवों को शराब कोचियों ने अपना 'सेफजोन' और मुख्य अड्डा बना लिया है। सुबह से लेकर देर रात तक यहां अवैध शराब की धड़ल्ले से खेप पहुंच रही है और खुलेआम बिक्री हो रही है। कोचिये बेखौफहोकर मनमाने दामों पर शराब बेच रहे हैं और हालात देखकर ऐसा लग रहा है जैसे इन्हें अब खाकी वर्दी का कोई खौफही नहीं रह गया है।

पीडब्ल्यूडी विभाग के कर्मचारी ने सरकारी मकान में किया सुसाइड

कोंडागांव/नवप्रदेश। जिला मुख्यालय में पीडब्ल्यूडी विभाग के एक कर्मचारी द्वारा आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। उप संभाग क्रमांक एक में पदस्थ बड़े बाबू लवसिंह ध्रुव ने फांसी लगाकर जान दे दी। जानकारी के अनुसार शुक्रवार शाम करीब 7 बजे यह घटना सामने आई। लवसिंह ध्रुव तहसीलपारा स्थित अपने सरकारी क्वार्टर में रहते थे। काफी देर तक दरवाजा नहीं खुलने पर सहकर्मियों को संदेह हुआ। जिसके बाद कमरे में जाकर देखा गया तो वे पंखे से साड़ी का फंदा बनाकर लटके हुए थे।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक प्रधान संपादक यशवंत धोटे द्वारा, मिनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नंबर 74, सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर तृतीय तल, सुपर मार्केट कॉम्पलेक्स, राजा रघुराज सिंह स्टेडियम के सामने अग्रसेन चौक, बिलासपुर से प्रकाशित,
RNI NO.CHHHIN/2015/62431, संपादक-चन्द्रशेखर* (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए उत्तरदायी), स्थानीय संपादक-विक्रम सिंह ठाकुर, समाचार संपादक-संदीप दीवान, फोन नंबर : 07752-468654, navpradeshbilaspur01@gmail.com